सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 24 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 47, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**कंपनियों की पूंजी 87960 करोड़ रुपये घटी**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 87,960 .29 करोड़ रुपये की गिरावट आयी। } 10

**मांडविया ने ब्रिक्स कार्यक्रम में साइकिल चलाने और तंदुरुस्ती को बढ़ावा दिया**

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां ब्रिक्स फ्रेंडशिप संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम की मेजबानी की। यह जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। } 12



# नयी संभावनाओं को तलाश करें युवा : मोदी

## प्रधानमंत्री ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा को सराहा, नये बड़े सपने देखने की दी नसीहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं की तारीफ की और देश से बड़े सपने देखने, और ज्यादा इनोवेशन करने तथा नई संभावनाओं को तलाशने का आग्रह किया।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई! आइए, और बड़े सपने देखें, ज्यादा इनोवेशन करें और नई सीमाओं को पार करें। प्रधानमंत्री ने भारत के तेजी से बढ़ते अंतरिक्ष इकोसिस्टम को मजबूत करने में युवा इंजीनियरों, डिजाइनरों, कोडर्स और वैज्ञानिकों की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने निजी प्रतिभाओं के बढ़ते योगदान का भी ज़िक्र किया और कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की उपलब्धियाँ युवा भारतीयों की नई पीढ़ी को वैज्ञानिक बनने के लिए



प्रेरित कर रही हैं। हाल के वर्षों में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का काफी विस्तार हुआ है। इसमें स्थापित अंतरिक्ष संस्थानों के काम के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी, स्टार्टअप्स और तकनीकी इनोवेशन पर ज्यादा जोर दिया गया है। 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' अंतरिक्ष खोज में भारत की उपलब्धियों और विज्ञान व तकनीक में देश की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। श्री मोदी का संदेश वैज्ञानिक खोज और अंतरिक्ष अन्वेषण की भारत की भविष्य की यात्रा में योगदान देने के लिए युवा सोच को प्रोत्साहित करने पर सरकार के फोकस को दर्शाता है। प्रधानमंत्री से संवाद के कार्यक्रम में स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस, पिक्सेल, ध्रुव स्पेस, गैलेक्सआई, पियरसाइट, बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस, दिगंतरा, सैटश्योर, सुहोरा टेक्नोलॉजीज, मनस्तु स्पेस, एस्ट्रोबेस, टेकमी2स्पेस, व्योमआईसी, कॉस्मोसर्व स्पेस, ऑर्बिटएड एयरोस्पेस, स्काईसर्व (हाइस्पेस), सेरेंडिपिटी स्पेस, वासर लैब्स और मिस्ट्ईओ नामक स्टार्टअप के प्रतिनिधि शामिल थे।




मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

रक्षाबंधन भाई की कलाई पर बंधने वाला **रक्षा-सूत्र मात्र नहीं, अपितु स्नेह, विश्वास और संकल्प का पावन पर्व है, जो परिवार को जोड़ता है,** समाज में आत्मीयता जगाता है तथा बहन-बेटियों के सम्मान, सुरक्षा एवं स्वाभिमान के प्रति अपने दायित्व का स्मरण कराता है। 'श्रावण पूर्णिमा' के पावन अवसर पर इस वर्ष 28 अगस्त को मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे सनातन संस्कारों की इसी सुदृढ़ परंपरा का प्रतीक है।

इस पर्व से जुड़ी कथाएं भी स्नेह और संरक्षण के इसी भाव को साकार करती हैं। लोक परंपरा में कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहता देख द्रौपदी ने अपनी साड़ी का किनारा फाड़कर बांध दिया। **द्रौपदी के इस स्नेह का प्रत्युत्तर श्रीकृष्ण ने संकट के समय उनकी रक्षा करके दिया।** इसी प्रकार, राजा बलि को रक्षा-सूत्र बांधकर माता लक्ष्मी ने उन्हें अपना भाई बनाया और भगवान विष्णु को अपने साथ ले आईं। ये प्रसंग बताते हैं कि स्नेह केवल संबंध नहीं बनाता, वह दायित्व और संरक्षण का भाव भी जगाता है।

**आज जब नई पीढ़ी तकनीकी उन्नयन के साथ आगे बढ़ रही है, तब इन संस्कारों को अपने आचरण का अंग बनाना और विवेक, सद्भाव एवं सामाजिक एकता को महत्व देना पहले से अधिक आवश्यक है।** यही संस्कार हमारे परिवारों को सुदृढ़ करते हैं, समाज को एकजुट रखते हैं और संविधान की प्रस्तावना में निहित समानता, बंधुता और सामाजिक समरसता के भाव को सशक्त करते हुए राष्ट्र को शक्ति प्रदान करते हैं।

रक्षा का यही भाव एक संवेदनशील सरकार के संकल्प में भी दिखाई देता है। **हमारी सरकार ने विगत साढ़े नौ वर्षों में बहन-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।** मिशन शक्ति तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ने बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और प्रगति को गति दी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह और निराश्रित महिला पेंशन योजना से सामाजिक सुरक्षा मिली है। महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। **रक्षाबंधन पर वर्ष 2017 से प्रारंभ की गई माताओं-बहनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा इस वर्ष भी 27 से 29 अगस्त तक मिलेगी। इससे सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी।**

**सभी प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।** मेरा आप सबसे आग्रह है कि रक्षा-सूत्र के संकल्प को अपने आचरण का हिस्सा बनाएं। **प्रत्येक बहन-बेटी के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लें। सुरक्षाबल, पुलिसकर्मियों और आपदा राहतकर्मियों को रक्षा-सूत्र बांधकर उनके प्रति अपनत्व और कृतज्ञता प्रकट करें। साथ ही, स्थानीय स्तर पर निर्मित राखियों एवं उपहारों को प्राथमिकता दें।** आपका यह प्रयास स्थानीय श्रम, कौशल और उद्यम को प्रोत्साहन देगा तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को और सुदृढ़ करेगा।



आपका
योगी आदित्यनाथ

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश

# 3.54 लाख रसोइयों को योगी का तोहफा

## मानदेय बढ़कर तीन हजार, परिधान राशि दोगुनी, पांच लाख तक कैशलेस इलाज और दो लाख का दुर्घटना बीमा



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन से पहले प्रदेश के 3.54 लाख रसोइयों को चार बड़े तोहफे दिए। रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रसोइयों का मानदेय दो हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये करने, परिधान की राशि 500 से बढ़ाकर एक हजार रुपये करने के साथ पांच लाख रुपये तक प्रतिवर्ष कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा और दो लाख रुपये के दुर्घटना बीमा की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से 11 रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड दिया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से 1500 रसोइयों की सहभागिता रही। जिला व तहसील स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित करके जनप्रतिनिधियों के माध्यम से रसोइयों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रसोइयों में करीब 93 प्रतिशत महिलाएं हैं। ये रसोइयां स्कूलों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ स्वस्थ बचपन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरकार ने अब उनके सामाजिक सुरक्षा कवच को मजबूत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि रसोइयों के खाते भारतीय स्टेट बैंक में खोले जाएंगे और मानदेय सीधे खातों में भेजा जाएगा। किसी घटना-दुर्घटना, पूर्ण दिव्यांगता या मृत्यु की स्थिति में परिवार को दो लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा रसोइया या उसके परिवार का कोई सदस्य बीमार होने पर सरकारी अथवा सूचीबद्ध अस्पताल में प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा ले सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने रसोइयों के साथ-साथ शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं सहित विभिन्न वर्गों की सामाजिक सुरक्षा और मानदेय में सुधार के लिए कदम उठाए हैं। योगी ने रसोइयों से बच्चों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि भोजन तैयार करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विद्यालय की रसोई साफ-सुथरी रहे और निर्धारित ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जर्जर स्कूल भवनों को लेकर सीएम का विपक्ष पर निशाना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर प्रदेश के जर्जर स्कूल भवनों की तस्वीरें और वीडियो साझा किए जाने को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पुराने और जर्जर विद्यालय भवनों की तस्वीरें दिखाकर सरकार को घेरने वालों को यह भी देखना चाहिए कि इन भवनों की स्थिति वर्षों की पुरानी व्यवस्था की देन है। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि जिनके इशारे पर यह हो रहा, उन्हीं के स्मारक हैं ये भवन। मुख्यमंत्री रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और स्कूलों में किए जा रहे सुधारों की चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के कई विद्यालयों की स्थिति बेहद खराब थी। सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों के कायाकल्प के लिए 19 पैरामीटर तय किए। इसके तहत स्कूलों में फर्श, बालक-बालिकाओं के लिए अलग शौचालय, पेयजल, रसोईघर, पुस्तकालय, डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सपा ने नकल से नीलाम की प्रदेश की अकल : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के दौरान नकल को बढ़ावा दिया गया और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने नकल के माध्यम से प्रदेश की अकल को नीलाम कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने प्रदेश को नई पहचान दिलाने का काम किया था, लेकिन बाद की सरकारों में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति खराब हुई। उन्होंने दावा किया कि 2017 के पहले परीक्षाओं, परिणाम और अन्य व्यवधानों के कारण विद्यार्थियों को पर्याप्त समय पढ़ाई के लिए नहीं मिल पाता था। योगी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को नकलमुक्त बनाने के साथ समयबद्ध परीक्षा और परिणाम की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 17 वरिष्ठ आईएएस अफसरों का तबादला

लखनऊ। उप्र. में प्रशासनिक स्तर पर एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया गया है। योगी सरकार ने शासन, मंडल और विकास प्राधिकरण स्तर पर 17 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। फेरबदल में अलीगढ़ और मुरादाबाद के मंडलायुक्त बदले गए हैं। इसके साथ ही आयुष, ग्राम्य विकास, नगर विकास, जल निगम, सहकारिता और राज्य सूचना आयोग समेत कई महत्वपूर्ण विभागों में अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। संगीता सिंह को मंडलायुक्त अलीगढ़ के पद से स्थानांतरित कर मंडलायुक्त मुरादाबाद बनाया गया है। वहीं, राजस्व परिषद प्रयागराज के न्यायिक सदस्य ओम प्रकाश आर्य को अलीगढ़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विकास व जनसेवा को मिल सकता है अधिक समय : धामी

### हरिद्वार में संत समाज के बीच एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर हुआ मंथन

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। देश में चुनावी व्यवस्था को लेकर चल रहे विमर्श के बीच हरिद्वार में संत समाज की मौजूदगी में एक राष्ट्र-एक चुनाव पर विचार-मंथन हुआ।

अवधूत मंडल आश्रम में आयोजित संत समागम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की अवधारणा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को सामने रखा। इस दौरान चुनावी प्रबंधन, प्रशासनिक संसाधनों, शासन की निरंतरता और विकास कार्यों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर विचार साझा किए गए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि निर्वाचन




प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है और यही लोकतंत्र की ताकत है। हालांकि, अलग-अलग समय पर लगातार चुनाव होने के कारण सरकारी तंत्र को बार-बार निर्वाचन संबंधी जिम्मेदारियों में लगाया जाता है। इससे प्रशासन के नियमित कामकाज के साथ-साथ विकास योजनाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत में वैश्विक पोत निर्माण का केंद्र बनने की क्षमता

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और यंत्र इंडिया लिमिटेड की पांच विस्तार परियोजनाओं की आधारशिला रखीं

एजेंसी

कोलकाता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत पारंपरिक पोत निर्माण करने वाले देशों के बीच इस उद्योग को लेकर आई शून्यता का लाभ उठाकर एक वैश्विक पोत निर्माण केंद्र बनने में सक्षम है। सिंह यहां ऑनलाइन माध्यम से गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और यंत्र इंडिया लिमिटेड की पांच विस्तार परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने यह भी कहा कि पोत निर्माण प्रौद्योगिकी में तेजी से विकास हो रहा है। सिंह ने कहा कि पारंपरिक पोत निर्माता धीरे-धीरे उत्पादन कम कर रहे हैं और भारत इस मौके का लाभ उठा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत इस अवसर का लाभ लेकर वैश्विक पोत निर्माण केंद्र के रूप में खुद को स्थापित करने में सक्षम है। सिंह ने कहा कि देश के पास बड़ी संख्या में कार्यबल और इस्पात कंपनियां हैं, साथ ही नई तकनीकों को अपनाने की इच्छाशक्ति भी है। कोलकाता में आयोजित इस कार्यक्रम में उनके साथ पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग 3,500 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है। इन परियोजनाओं में जीआरएसई की तीन और यंत्र इंडिया की दो विस्तार योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल विकास के एक नए दौर की शुरुआत करने के लिए कदम उठाएगा। पश्चिम बंगाल में कारखानों के बंद होने और तालाबंदी की खबरों की जगह अब नयी परियोजनाओं की शुरुआत ने ले ली हैं। शुभेंदु ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की पिछली सरकारों ने राज्य के विकास के लिए केंद्र ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- रायबरेली को आज विकास योजनाओं की सौगात देंगे सीएम (पृष्ठ-02)
- प्रयागराज में जलभराव पर डिप्टी सीएम सख्त (पृष्ठ-02)
- मांग बढ़ने से आयातित खाद्य तेलों में सुधार (पृष्ठ-10)
- इस सप्ताह सर्राफा में तेजी की उम्मीद (पृष्ठ-10)
- कच्चे तेल से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — रोडवेज व सिटी बसों में अब 27 की सुबह 6 बजे से 29 की मध्यरात्रि तक रहेगी निःशुल्क यात्रा की सुविधा

# रक्षाबंधन पर योगी का बहनों को उपहार, तीन दिन कर सकेंगी मुफ्त यात्रा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं, बेटियों और बहनों को दिए गए निःशुल्क बस यात्रा के समय में वृद्धि की है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अब यह निःशुल्क यात्रा 27 अगस्त की सुबह 6 बजे 29 अगस्त की मध्यरात्रि तक की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिला यात्री एक सहयोगी के साथ फ्री यात्रा कर सकेंगी। रक्षाबंधन पर बहनें सुरक्षित और आसानी से अपने घर पहुंच सकें, इसके लिए परिवहन, पुलिस, प्रशासन व संबंधित विभाग मिलकर सारी व्यवस्था सुनिश्चित करें। त्योहारों के मद्देनजर शहरों, एक्सप्रेसवे, हाईवे व प्रमुख मार्गों पर पेट्रोलिंग तेज की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रक्षाबंधन के मद्देनजर रविवार को



परिवहन निगम/विभाग, नगर विकास, पुलिस, यातायात आदि विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन पर प्रदेश में सुगम, सुरक्षित, व्यवस्थित परिवहन एवं यातायात व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में माताओं, बहनों और बेटियों के आवागमन को देखते हुए परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय प्रशासन आपसी समन्वय से सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ले। रक्षाबंधन के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग की 900 से अधिक बसों में भी यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी बसों, ऑटो और टैक्सी चालकों के भी सत्यापन सुनिश्चित करते हुए महिला यात्रियों की सुरक्षा के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन 28 अगस्त को है और 25 अगस्त की सुबह से 29 अगस्त की रात तक आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण अवधि रहेगी। 26 अगस्त को अवकाश होने के कारण लंबी दूरी और अंतरजनपदीय यात्राओं में वृद्धि की संभावना है। प्रदेश सरकार द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं एवं एक सहयात्री के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई है। ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जमीन विवाद में जज को आईएएस के फोन करने पर हाईकोर्ट सख्त

### मामला आपराधिक अवमानना के लिए किया संदर्भित

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने गोंडा के लंबे समय से लंबित भूमि विवाद की सुनवाई कर रहीं सिविल जज शबीना खान को कथित तौर पर प्रभावित करने के प्रयास को गंभीरता से लिया है।

कोर्ट ने कहा कि गोंडा की मंडलायुक्त वरिष्ठ आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा जज को फोन करके उन पर प्रथम दृष्टया डाला गया कथित दबाव न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है और न्याय प्रशासन में बाधा उत्पन्न करता है। न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी ने शुक्रवार को यह आदेश ज्योति विद्या मंदिर स्कूल की ओर से नगर पालिका परिषद गोंडा के खिलाफ 1997 से लंबित नियमित वाद को दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय का भी हवाला दिया, जिसमें न्यायिक कार्यवाही से जुड़े मामलों में न्यायाधीशों को धमकी या दबाव देने को गंभीरता से लिया गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि मामले में आपराधिक अवमानना के तहत विचार किए जाने की आवश्यकता है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि मुख्य न्यायाधीश अथवा वरिष्ठ न्यायाधीश से आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

# 32 की उम्र में तिरंगा फहराकर शहीद हुए गुलाब सिंह लोधी

## 91वें बलिदान दिवस पर झंडेवाला पार्क में सीएम योगी ने शहीद को दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वाधीनता संग्राम सेनानी अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के 91वें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को झंडेवाला पार्क, अमीनाबाद में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अगस्त 1935 को मात्र 32 वर्ष की उम्र में भारत माता के महान सपूत अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी ने ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती देते हुए इसी पार्क में भारत का तिरंगा फहराया था। उस समय तिरंगा स्वाधीनता का प्रतीक था। कायर ब्रिटिश सरकार ने उनके इस साहस का जवाब गोलियों से दिया और वह देश की आजादी के लिए शहीद हो गए थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुलाब सिंह लोधी बलिदान हुए लेकिन आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वाधीनता का एक स्वर्णिम पृष्ठ छोड़ गए हैं। उनके बलिदान के महज 12 वर्ष बाद देश ब्रिटिश दासता से मुक्त होकर स्वतंत्र हुआ।

सीएम योगी ने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से वह अमर शहीद की पुण्य स्मृतियों को नमन करते हैं। गुलाब सिंह लोधी का जन्म वर्ष 1903 में उन्नाव के एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। बचपन से ही उनके भीतर देश की आजादी के लिए जज्बा था।

- किसान परिवार में जन्मे गुलाब सिंह लोधी ने आजादी के लिए न्योछावर कर दिया जीवन



इसी भावना के साथ उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और लखनऊ आकर देश की स्वाधीनता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी जी की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए, प्रदेश सरकार ने उन्नाव जिले में पार्क, स्वास्थ्य केंद्र और पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उत्तर प्रदेश सरकार अपने उन सभी अमर बलिदानियों के पुण्य स्मरण को जीवंत बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की आजादी के लिए 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपने आप को बलिदान करने वाली वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी के नाम पर अलीगढ़ में स्टेडियम का नामकरण और बदायूं में पीएसी की नई बटालियन का नामकरण किया गया है। लखनऊ में पीएसी की महिला बटालियन का नाम वीरांगना ऊदा देवी पासी के नाम पर रखा गया है।

इसी तरह गोरखपुर में नवस्थापित पीएसी महिला बटालियन का नाम वीरांगना झलकारी बाई कोरी के नाम पर तथा औरैया में नए मेडिकल कॉलेज का नाम लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर किया गया है। इन सभी महापुरुषों और वीरांगनाओं ने भारत की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी जैसे क्रांतिकारियों ने देश की आन, बान और शान को बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उनकी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर बलदानियों की स्मृतियों को संरक्षित रखने के लिए स्मारक निर्माण के कार्यक्रम को निरंतर आगे बढ़ाएगी।

सीएम योगी ने बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने सामाजिक न्याय और देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महापुरुषों के सम्मान में करीब 500 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, सद् गुरु रविदास जी महाराज, महर्षि वाल्मीकि जी महाराज समेत अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर छाजन लगाने, पार्कों के नवनिर्माण और उन्हें सुरक्षित बनाने के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का यह क्रम लगातार आगे बढ़ता रहेगा।

# ग्रीन हाइड्रोजन समेत कई क्षेत्रों में काम करेंगे यूपी-यामानाशी

**वाराणसी।** यामानाशी प्रिफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, यामानाशी प्रांत और जापान के बीच संबंधों को लंबे समय तक और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इनमें से एक महत्वपूर्ण पहल ग्रीन हाइड्रोजन सिस्टम के माध्यम से उत्तर प्रदेश और यामानाशी प्रांत के विकास को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही हमारी इच्छा ऊर्जा सुरक्षा के माध्यम से विश्व शांति की स्थापना में भी योगदान देने की है। यामानाशी गवर्नर रविवार को जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां आकर आप सभी की ईश्वर के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से महसूस हुई। मैंने भी यहां ईश्वर से विश्व शांति के लिए प्रार्थना की है।

कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में जापानी प्रतिनिधिमंडल के करीब 15 प्रमुख सदस्यों ने श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन किए और उनका आशीर्वाद लिया। मंदिर न्यास के एसडीएम शंभू शरण ने बताया कि



जापानी मेहमानों का मंदिर पहुंचने पर रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। मंदिर में जापानी मेहमानों को देखकर श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया। जापानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी श्रद्धालुओं के साथ हर-हर महादेव का जयघोष किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भारत-जापान के सांस्कृतिक संबंधों में आत्मीयता की सुंदर झलक देखने को मिली।

सावन के पवित्र मास में बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेने पहुंचे जापानी दल के सदस्य काशी में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखकर अभिभूत नजर आए। उन्होंने योगी सरकार की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं, विशेषकर क्राउड मैनेजमेंट की भरपूर सराहना की। जापानी मेहमानों ने भव्य और दिव्य बाबा विश्वनाथ धाम की आध्यात्मिक आभा को भी निहारा। प्रतिनिधिमंडल ने काशी में आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक विकास के समन्वय को करीब से देखा और श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को भगवान बुद्ध की उपदेशस्थली सारनाथ का भ्रमण किया। इसके बाद शाम को नमो घाट पर गंगा आरती में शामिल होकर जापानी मेहमानों ने काशी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की अनुभूति की। रविवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के बाद जापानी दल वाराणसी से रवाना हो गया। गौरतलब है कि 200 से अधिक सदस्यीय जापानी प्रतिनिधिमंडल यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 के तहत भारत आया है। लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार और जापानी प्रतिनिधिमंडल के बीच निवेश एवं द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी हुए हैं।

जापानी प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा बताता है कि बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और भगवान बुद्ध की उपदेश स्थली सारनाथ अब भारत-जापान के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को नई ऊंचाई देने का माध्यम बन रहे हैं।

# रायबरेली को आज विकास योजनाओं की सौगात देंगे सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को रायबरेली के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे रायबरेली, बछरावां व हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को 879 करोड़ रुपये से अधिक की 346 विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। सीएम सपेरा समुदाय व अन्य आवास विहीन 60 परिवारों को आवासीय पट्टे का आवंटन भी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक अवध केसरी राना बेनी माधव बख्श सिंह की 222वीं जयंती पर भाव समर्पण समारोह में भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली की रायबरेली, बछरावां व हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 879 करोड़ रुपये से अधिक की 346 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करेंगे। सीएम यहां 624 करोड़ रुपये की



185 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, जबकि 277 करोड़ रुपये की 162 नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

मुख्यमंत्री यहां सपेरा समुदाय व अन्य आवास विहीन 60 से अधिक परिवारों को आवासीय पट्टे का आवंटन भी करेंगे। यहां विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खाते मे 19 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी आयुष्मान कार्ड, लैपटॉप, स्वीकृति पत्र व चाबी आदि प्रदान करेंगे। 36 करोड़ से अधिक की महराजगंज-इन्हौना मार्ग के सुदृढ़ीकरण, 24 करोड़ से अधिक की राशि से पुलिस लाइन में ट्रांजिट हॉस्टल (जी प्लस 12) के निर्माण, 21 करोड़ से अधिक की कुंदनगंज व पश्चिमगांव-टेरा-अघौरा मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का भी लोकार्पण होगा।

वहीं 24-24 करोड़ से अधिक की लागत से शिवगढ़ विकास खंड के ओसाह ग्राम तथा बेला-भेला में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। 3 करोड़ रुपये से हरचंदपुर में खीरों-पाहो संपर्क मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 4.10 मीटर स्पान आरसीसी बॉक्स पुलिया के निर्माण का शिलान्यास भी करेंगे।

सीएम योगी अवध केसरी राना बेनी माधव बख्श सिंह की 222वीं जयंती पर भाव समर्पण समारोह में भी शामिल होंगे। वह उनकी स्मृति में 21 करोड़ से नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण भी करेंगे। सीएम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिवारों को सम्मानित तथा अवध केसरी स्मारिका का विमोचन भी करेंगे।

# रसोइयों की सामाजिक सुरक्षा के लिए एसबीआई से हुआ एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्कूलों में कार्यरत रसोइयों और उनके परिजनों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रसोइया सामाजिक सुरक्षा के तहत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ।

एमओयू के तहत स्कूलों में कार्यरत रसोइयों और उनके परिजनों को दुर्घटना की स्थिति में दो लाख रुपये तक की बीमा सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव (बेसिक/माध्यमिक शिक्षा) पार्थसारथी सेन शर्मा और एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक दीपेश राज ने अनुबंध का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री पोषण योजना (मध्याह्न भोजन) की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन



किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रसोइयों की भूमिका और बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में उनके योगदान की सराहना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में 11 रसोइयों को सम्मानित करते हुए कैशलेस चिकित्सा कार्ड, बढ़े हुए मानदेय का चेक और परिधान किट प्रदान की। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाने वालों में सीतापुर की किरन देवी, लखनऊ की आशा तिवारी, गोरखपुर की सुनीता और रेखा देवी, अलीगढ़ की सुदेश देवी और पिंकी देवी, वाराणसी की सरिता दीक्षित, हरदोई की गीता देवी, लखीमपुर खीरी की सीमा सिंह, उन्नाव की खिलाना और रायबरेली की रेखा शामिल रहीं।

**छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ ली सेल्फी :** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। बच्चों ने उन्हें निपुण तराजू के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भी दी। मीना मंच के स्टॉल पर छात्राओं ने मुख्यमंत्री से सेल्फी लेने का अनुरोध किया।
मुख्यमंत्री के मुस्कुराते हुए सहमति देने पर छात्राओं ने उनके साथ सेल्फी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री ने छह माह की अनीता और मो. अली को अपने हाथ से खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया और बच्चों को खिलौने भी दिए। सरकार के इस कदम से स्कूलों में कार्यरत रसोइयों को दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, परिधान की राशि बढ़ाने और स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी घोषणा की थी। सरकार का कहना है कि बच्चों के पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रसोइयों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत किया जा रहा है।

**मानदेय बढ़ा, सेहत का सहारा मिला, रसोइयों की आंखों में हर्ष के आंसू :** परिषदीय विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत वर्षों से बच्चों के लिए भोजन तैयार कर रही रसोइया बहनों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणाएं बड़ी राहत लेकर आई हैं। मानदेय में प्रतिमाह एक हजार रुपये की बढ़ोतरी और रसोइयों व उनके परिवार के लिए पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा की घोषणा से प्रदेशभर की रसोइयों में खुशी की लहर है।
मुख्यमंत्री की घोषणाओं का स्वागत करते हुए रसोइयों ने इसे अपने श्रम, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जोड़कर देखा। सहारनपुर के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय जाटोवाला की रसोइया रीता देवी ने कहा कि मानदेय में वृद्धि उनके श्रम और समर्पण के प्रति सरकार के सम्मान को दशार्ती है।
आजमगढ़ के नेहरू हॉल में मुख्य समारोह का सजीव प्रसारण देखने के लिए बड़ी संख्या में रसोइयां पहुंचीं। मेरठ के खानपुर जूनियर हाईस्कूल की रसोइया विमलेश ने कहा कि मानदेय बढ़ने से परिवार के घरेलू खर्च में राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा बीमारी के समय बड़ी चिंता दूर करेगी। आगरा के प्राथमिक विद्यालय नगला डिठवार की रसोइया आशा देवी ने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय और स्वास्थ्य सुरक्षा उनके लिए बड़ी राहत है।

# जनता के साथ पार्टी के जुड़ाव को लेकर भेजा परिपत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर जमीनी स्तर पर निरंतर कार्यक्रमों के माध्यमों से जनता के साथ पार्टी के जुड़ाव को और अधिक सघन करने के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय द्वारा प्रदेश के समस्त जिला/शहर अध्यक्षों/पदाधिकारियों, प्रदेश पदाधिकारियों, वर्तमान एवं पूर्व सांसद/विधायक से लेकर ब्लाक/वार्ड स्तर तक कांग्रेसजनों को इन कार्यक्रमों को वृहद पैमाने पर चलाने के लिए परिपत्र भेजा गया है।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन-पूर्व मंत्री डा. सीपी राय ने बताया कि कांग्रेस कार्यसमिति में राम मंदिर के निर्माण में प्राप्त हुए चंदे एवं दान में आये चढ़ावे में ट्रस्ट में बैठे भाजपा, आरएसएस एवं विश्व हिन्दू परिषद के लोगों द्वारा किये गये गबन और भ्रष्टाचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की गयी। यह मुद्दा पूरे देश में श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा और चंदा चोरी के नाम से जाना जाने लगा है। पार्टी ने इस मुद्दे को सीधे जनता के बीच ले जाने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस के निर्णय लिया है कि चंदा चोरी के खिलाफ चैपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाए, जिसे प्रत्येक जिला/ब्लाक मुख्यालय के साथ महत्वपूर्ण कस्बों में आयोजित किया जाए। इसके साथ ही जनता के बीच इस बात को प्रमुखता के साथ लाया जाए कि श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की घोषणा स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी 2020 में की थी इसलिए प्रधानमंत्री और भाजपा राम मंदिर के नाम पर एकत्र किए गये चंदे की पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़े सवालों से खुद को अलग नहीं कर सकते हैं। नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी के द्वारा छात्रों के समर्थन में चलाये जा रहे कार्यक्रम छात्रों की गूंज कार्यक्रम की समीक्षा की। इस कार्यक्रम में हो रहे पेपर लीक, परीक्षाओं और भर्ती में भ्रष्टाचार, मंहगी शिक्षा, शिक्षा के व्यवसायीकरण, बेरोजगारी की वजह से युवाओं में भविष्य को लेकर बढ़ती चिन्ता के मुद्दों को शामिल किया गया है।

# प्रयागराज में जलभराव पर डिप्टी सीएम सख्त

- 100 साल को ध्यान में रखकर बनेगी फूलप्रूफ कार्ययोजना
- बाढ़ प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा देने के निर्देश

**प्रयागराज।** शहर में लगातार बारिश के बाद जलभराव और जिले के कुछ हिस्सों में बाढ़ की स्थिति को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य में शहर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए अगले 100 वर्षों को ध्यान में रखकर फूलप्रूफ कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को सर्किट हाउस के सभागार प्रयागराज में प्रधानमंत्री पोषण योजनान्तर्गत कार्यरत रसोइयों सम्मान समारोह कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्ययोजना तैयार करते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझावों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल अस्थायी जल निकासी की व्यवस्था से काम नहीं चलेगा, बल्कि स्थायी समाधान के लिए गुणवत्ता के साथ काम कराया जाना चाहिए। बैठक में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि कोरांव और बारा तहसील के कुछ गांवों में बाढ़ का पानी भर गया था। प्रभावित लोगों को तत्काल बाढ़ राहत केंद्रों पर पहुंचाकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री



ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में जाकर फसलों और अन्य नुकसान का सर्वे कराने तथा पात्र किसानों एवं प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिकित्सा टीमों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। शहर में जलभराव की समस्या को लेकर अधिकारियों ने जल निकासी के लिए प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी।

नगर आयुक्त ने बताया कि भविष्य में जलभराव रोकने के लिए 40 एमएलडी पंपिंग स्टेशन और सीएमपी से मोरी गेट तक अलग लाइन बनाए जाने को शासन स्तर से स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा 80 फीट रोड और डांडिया नाले के चौड़ीकरण का कार्य भी स्वीकृत किया गया है। कुंदन गेस्ट हाउस से कब्रिस्तान के पीछे ईडब्ल्यूएस कॉलोनी होते हुए अल्लापुर पंपिंग स्टेशन तक बाईपास नाला बनाए जाने की भी योजना है। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शहर में जहां भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो, वहां 24 घंटे के भीतर जल निकासी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शहर में पहले से बनाई गई सीवर लाइनों की मैपिंग कराने के भी निर्देश दिए, ताकि भविष्य में अधिकारियों को सीवर नेटवर्क की सही जानकारी उपलब्ध रहे।बैठक में मेडिकल चौराहों पर अत्यधिक जलभराव की समस्या विधान परिषद सदस्य डॉ. केपी श्रीवास्तव ने उठाई। गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के कार्यों को लेकर लोगों से मिली शिकायतों पर उपमुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित कार्यों का दोबारा स्थलीय निरीक्षण करने और कमियों को तत्काल दूर कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगा के कछारी क्षेत्रों में अवैध कब्जे और अवैध निर्माण पर लगातार निगरानी रखने को कहा। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गंगा के कछारी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या कब्जा नहीं होने दिया जाए।

# रविदास महाराज की जयंती पर निकाली कलश यात्रा



**लखनऊ।** संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती पर भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से कलश यात्रा निकाली गयी। पश्चिम विधानसभा के मंडल एक स्थित मनपुर्णा मंदिर से मसानी देवी मंदिर तक यात्रा गयी। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पहुंचकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। महिलाओं एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता की। वातावरण संत रविदास महाराज जी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के बाद वेद अमरीश सोनवानी के आवास पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह एवं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने क्षेत्रीय लोगों के साथ समरसता भोज में भी सहभागिता की। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि संत रविदास महाराज ने समाज को बिना भेदभाव के एकजुट रहने, श्रम का सम्मान करने और मानवता को सर्वोपरि मानने का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को सामाजिक समरसता और एकता की दिशा में प्रेरित करते हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि संत रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के अवसर पर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्राओं एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# जाट समाज का ठेका आप ले भी नहीं पाओगे: सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने जयंत चौधरी के उस बयान पर कटाक्ष किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि मैंने जाट समाज का ठेका नहीं लिया है। सुनील सिंह ने कहा कि जाट समाज का ठेका आप ले भी नहीं पाओगे, क्योंकि जाट समाज कोई ठेका नहीं है और अब समाज राजनीति की असलियत को अच्छी तरह समझ चुका है। उन्होंने कहा कि पहले जाट समाज के नाम पर राजनीति की गई, समाज के समर्थन से राजनीतिक ताकत हासिल की गई, लेकिन आज जब जाट समाज और किसानों के सवालों पर जवाब देने की बारी आई तो कहा जा रहा है कि समाज का ठेका नहीं लिया है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि सवाल ठेका लेने का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने का है। जब किसानों और जाट समाज से बड़े-बड़े वादे किए गए थे, तब आज उन वादों का हिसाब भी देना होगा। किसान आज भी अपनी फसल के उचित दाम, गन्ना भुगतान और अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लगाए बैठा है। जाट समाज भी यह देख रहा है कि जिन नेताओं पर उसने भरोसा किया, वे सत्ता में पहुंचने के बाद उसके मुद्दों पर कितनी मजबूती से खड़े हैं।

# आधुनिक इमरजेंसी मेडिसिन से जीवनरक्षक व्यवस्था कर रहे विकसित : ब्रजेश पाठक

## इमरजेंसी चिकित्सा सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली की रखी आधारशिला, पीजीआई में अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था किसी भी सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली की महत्वपूर्ण आधारशिला है। गंभीर एवं आकस्मिक परिस्थितियों में मरीज को समय पर सटीक उपचार, विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं और अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध कराना जीवन बचाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वे रविवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन एम्पार्व- 2026 को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा किसी भी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था की पहली सुरक्षा-पंक्ति है। संकट की घड़ी में मरीज को सही समय पर सही उपचार मिलना ही जीवन बचाने की सबसे बड़ी कुंजी है। सड़क दुर्घटना, हृदयाघात, स्ट्रोक, सेप्सिस, विषाक्तता अथवा गंभीर चोट जैसी आपात स्थितियों में हर सेकंड महत्वपूर्ण होता है। अस्पताल तक पहुंचने का



समय, चिकित्सक का त्वरित निर्णय, प्रशिक्षित टीम की तैयारी और उपचार की गति जीवन और मृत्यु के बीच अंतर तय कर सकती है। इसलिए आधुनिक एमरजेंसी मेडिसिन को केवल एक स्पेशियलिटी के रूप में नहीं, बल्कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य तंत्र की जीवनरक्षक व्यवस्था के रूप में विकसित करना होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एम्पार्व- 2026 इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए चिकित्सा विशेषज्ञों, चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ और युवा रेजिडेंट्स को ज्ञान, कौशल, प्रशिक्षण एवं नवाचार के साझा मंच पर ला रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में 21 हैंड्स-ऑन वर्कशॉप, एक हजार से अधिक डेलीगेट्स और लगभग 180 राष्ट्रीय फैकल्टी सदस्यों की सहभागिता के साथ अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर एवं मध्य-पूर्व सहित विभिन्न देशों के विशेषज्ञों की उपस्थिति इसे वैश्विक स्तर का महत्वपूर्ण चिकित्सा सम्मेलन बनाती है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में उच्च गुणवत्ता वाली आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह सकतीं। सरकार का संकल्प है कि गांव से लेकर महानगर तक, हर जिले में और हर जरूरतमंद व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण इमरजेंसी केयर पहुंचे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश ट्रॉमा एंड इमरजेंसी नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, ट्रॉमा सेंटरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, एंबुलेंस सेवाओं, विशेषज्ञ चिकित्सकों और डिजिटल रेफरल प्रणाली को एक नेटवर्क से जोड़ना है, ताकि गंभीर मरीज को गोल्डन ऑवर के भीतर आवश्यकता के अनुरूप सही स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। डिप्टी सीएम ने कहा कि स्वस्थ एवं सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष, निदेशक, एसजीपीजीआई प्रो० राधा कृष्ण धीमान, निदेशक, एसोसिएशन ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन एजुकेटर्स डा. सेलवाराजन केवी, इमरजेंसी मेडिसिन निजाम, आईएमएस की सीनियर प्रोफेसर आशिमा शर्मा, अध्यक्ष, इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन डा. रणवीर त्यागी, विभाग अध्यक्ष, एमरजेंसी मेडिसिन विभाग, एसजीपीजीआई, प्रोफेसर आरके सिंह, ऑर्गेनाइजर चेयरमैन डॉ० मेजर संजय सिंघल उपस्थित रहे।

# हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार और लूट: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने पूरे सिस्टम को भ्रष्ट बना दिया है। हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार और लूट है। कन्नौज में पुलिस की गाड़ी से हुए एक्सीडेंट में सोने की तस्करी का खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार टक्कर लगने के बाद जब कार सवार भागने लगे तो पुलिस ने पीछा करके उन्हें पकड़ा और तलाशी के दौरान गाड़ी से एक-एक किलो के 26 सोने के बिस्कुट पकड़े लेकिन दिखाए गए केवल 10 किलो के बिस्कुट। ये भाजपा सरकार की पुलिस की माया है, दस दिखाया, सोलह गटकाया। श्री यादव ने कहा कि अब ध्यान ये रखना है कि कहीं पुलिस दिखाए गए बिस्कुटों को भी पीली धातु कहकर सरकारी हिसाब में दर्ज न कर ले और बाद में पीतल के बिस्कुट से बदलकर ये सारे सोने के बिस्कुट भी गटक न जाए। उन्होंने कहा कि नेपाल से गोरखपुर और गोरखपुर से दिल्ली, यही है डबल इंजन के डबल गोरखधंधे का असली रास्ता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ऊपर से नीचे तक हर जगह धांधलेबाजी, कमीशनखोरी, लूट चल रहा है। झूठे केस, झूठे आरोप और फर्जी एनकाउंटर करवाकर भाजपा सरकार ने पुलिस की छवि को पहले से ही बर्बाद कर दिया है। इसी तरह से अन्य विभागों और कार्यो में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है।

# सांसद राजनाथ सिंह के प्रयासों से बढ़ीं जनसुविधाएं : आनंद द्विवेदी

**लखनऊ।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है। इसी क्रम में कैंट विधानसभा क्षेत्र के चन्द्रभान गुप्ता मोती नगर वार्ड स्थित चन्द्रा नगरी कॉलोनी में ओपन जिम, बच्चों के झूले का शुभारंभ भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया। भाजपा लखनऊ महानगर आनंद द्विवेदी ने पार्क में पौधारोपण कर कहा कि भारत सरकार रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों में निरंतर गति मिल रही है जिसे लखनऊ का चौमुखी विकास हो रहा हैं। कॉलोनी में पार्क के जीर्णोद्धार, सड़क निर्माण एवं पानी की टंकी सहित कई विकास कार्य कराए गए हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार जनसुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह, कैंट मंडल-3 अध्यक्ष मानस बारी, भाजपा नेता रवि प्रकाश जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष अतुल सिंह, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री अनुराग सोनकर, कॉलोनी अध्यक्ष डॉ. शंकर माधव नाटू, उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र नागपाल, इंजीनियर उमेश साहू, सचिन रवि मूंगनानी उपस्थित रहे।

# मूसलधार बारिश से जलभराव, मड़ियांव में विशालकाय बरगद गिरा

## आधा दर्जन मकान चपेट में, पानी गांव में भरा पानी, ट्रांसपोर्ट नगर-अहिमामऊ मार्ग पर बिजली का पोल गिरा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। राजधानी में रविवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली। शाम करीब चार बजे से छह बजे तक रिमझिम बारिश के बाद करीब छह बजे काले घने बादल छा गए और कुछ देर तक दिन में ही अंधेरा छा गया। इसके बाद तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हुई, जो रात करीब नौ बजे तक जारी रही। तेज बारिश से राजधानी के कई इलाकों में जलभराव, जाम और पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं।

थाना मड़ियांव क्षेत्र के मुतक्कीपुर में बारिश शुरू होने से पहले तेज हवा के दौरान एक विशालकाय बरगद का पेड़ धराशायी हो गया।

पेड़ की चपेट में आसपास के करीब आधा दर्जन मकान आ गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई मकानों की छत और दीवारों में दरारें आई हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और कई परिवार सदमे में हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बरगद के पेड़ की स्थिति को लेकर पहले भी नगर निगम और वन विभाग से शिकायत की गई थी, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि पेड़ का समय रहते निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाए जाते तो हादसे को टाला जा सकता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त मकानों का तत्काल निरीक्षण कराने, गिरे हुए पेड़ को हटाने और आसपास मौजूद अन्य जर्जर व खतरनाक पेड़ों की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में इससे बड़ी घटना हो सकती है। रविवार की बारिश ने एक बार फिर राजधानी की जलनिकासी व्यवस्था के साथ-साथ जर्जर और खतरनाक पेड़ों को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



### मरीन ड्राइव में कई वाहन बंद

मूसलाधार बारिश के दौरान सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई। वाहन चालकों को हेडलाइट और डिपर जलाकर वाहन चलाने पड़े। मरीन ड्राइव में पानी भरने से कई स्कूटी और कारें बंद हो गईं। पुलिसकर्मी बंद वाहनों को हटाने और वाहन चालकों की मदद में जुटे रहे। कमता, चिनहट, पॉलिटेक्निक और बुद्धेश्वर समेत कई प्रमुख चौराहों पर भीषण जाम की स्थिति बनी रही।

### भूतनाथ मार्केट में घुटनों तक भरा पानी

भूतनाथ मार्केट में शाम को हुई झमाझम बारिश के बाद जलभराव हो गया। बाजार की सड़कों और गलियों में घुटनों तक पानी भरने से ग्राहकों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। दुकानदारों को अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। जलभराव से बाजार में ग्राहकों की आवाजाही और कारोबार भी प्रभावित हुआ। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) कार्यालय परिसर के गेट के अंदर और बाहर सड़क पर बारिश का पानी भर गया। इससे कर्मचारियों और अन्य लोगों को परिसर में आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सेक्टर-17 और शिवाजीपुरम में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। कई जगह पानी घरों के सामने तक पहुंच गया, जिससे स्थानीय लोगों को घंटों जलभराव की समस्या झेलनी पड़ी। लोगों के लिए घरों से निकलना मुश्किल हो गया। पूर्व विधायक ओपी श्रीवास्तव के आवास के बाहर भी सड़क पर काफी पानी जमा हो गया। इससे क्षेत्र की जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल उठे।

### मानसून में अब तक 438.2 मिमी बारिश

आंकड़ों के अनुसार इस मानसून सीजन में लखनऊ में अब तक 438.2 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि सामान्य बारिश का कोटा 468.1 मिमी है। इस तरह अभी बारिश सामान्य से करीब छह फीसदी कम है। हालांकि, आने वाले दिनों में बारिश होने से यह कमी पूरी होने की संभावना है। शनिवार को लखनऊ में 28.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी, जबकि उस दिन सामान्य बारिश का कोटा 4.4 मिमी था। इस साल एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश 21 अगस्त को 58.7 मिमी दर्ज की गई थी।

### आशियाना से फैजुल्लागंज तक जलभराव

आशियाना के सेक्टर-जी में भी सड़कें पानी में डूब गईं। वहीं फैजुल्लागंज और सुल्तानपुर रोड पर भी कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी रही। ट्रांसपोर्ट नगर-अहिमामऊ मार्ग पर वेलसन मेडिसिटी हॉस्पिटल के सामने बिजली का पोल गिरने से यातायात प्रभावित हुआ। सड़क पर पोल गिरने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित रही। वहीं, हाईकोर्ट के गेट नंबर-1 के सामने बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया। सड़क पर पानी भरने से पूरा रास्ता तालाब जैसा नजर आया। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई और वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई।

# रोबोटिक सर्जरी में रोबोट डाक्टर की जगह नहीं लेगा : डा. अनिल

विशेष संवाददाता (vol)

● आईएमए की तीसरी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक, सीएमई में 16 विशेषज्ञों ने नवीन चिकित्सा ज्ञान साझा किया

लखनऊ। रोबोटिक सर्जरी में रोबोट डॉक्टर की जगह नहीं लेगा, बल्कि सर्जन की क्षमता को बढ़ाएगा। सर्जन ही तय करेगा कि मरीज का ऑपरेशन कैसे करना है। रोबोट उसी प्रक्रिया को अधिक सटीकता और बारीकी से पूरा करने में मदद करेगा। आधुनिक रोबोटिक सिस्टम में 3डी विजुअलाइजेशन, करीब 10 गुना तक मैग्निफिकेशन और बेहद सटीक इंस्ट्रूमेंट मूवमेंट जैसी सुविधाएं हैं। यह जानकारी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के वरिष्ठ सदस्य डॉ. अनिल खन्ना ने शनिवारको सीतापुर रोड स्थित रिसॉर्ट में आईएमए लखनऊ के स्टेट लेवल रिफ्रेशर कोर्स एवं सीएमई का आयोजन हुआ। डॉ. खन्ना ने कहा कि इलाज का तरीका तेजी से बदल रहा है।

नई तकनीक शामिल हो रही हैं। आने वाले समय में रोबोटिक सर्जरी सर्जिकल इलाज का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है। इसका मतलब यह नहीं है कि सर्जन की जरूरत खत्म हो जाएगी। डॉ. शरद कुमार अग्रवाल ने कहा कि रोबोट सर्जन के हाथ में एक अत्याधुनिक उपकरण की तरह है। वह खुद यह तय नहीं करता कि मरीज पर क्या करना है। ऑपरेशन की पूरी योजना और निर्णय सर्जन ही लेता है। रोबोट उस निर्णय को अधिक नियंत्रित और सटीक तरीके से लागू करने में मदद करता है।

आईएमए लखनऊ शाखा के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना ने कहा कि रोबोटिक सिस्टम में लगे कैमरे से सर्जन को ऑपरेशन वाले हिस्से का बड़ा और स्पष्ट दृश्य मिलता है। बारीक उपकरणों की मदद से शरीर के बेहद छोटे हिस्सों में भी सटीकता से काम किया जा सकता है। इससे जटिल सर्जरी में डॉक्टरों को सुविधा मिलती है। सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने कहा कि मरीजों को बेहतर और आधुनिक इलाज देने के लिए डॉक्टरों ने किडनी-लिवर ट्रांसप्लांट, सिर-गर्दन के कैंसर, रोबोटिक सर्जरी, गंभीर अस्थमा और नवजात चिकित्सा समेत कई विषयों पर मंथन किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव गोयल और समेत प्रदेशभर के डॉक्टर शामिल हुए।

# यूजी ऑनर्स विद रिसर्च के साथ एक अतिरिक्त यूजी ऑनर्स का मिलेगा विकल्प

विशेष संवाददाता (vol)

● विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए सात सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 'स्नातक कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम और क्रेडिट मानदंड' की मूल भावना के अनुरूप अपने चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम में एक अत्यंत महत्वपूर्ण अकादमी सुधार किया है। विश्वविद्यालय अपने छात्रों को 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के चौथे वर्ष में छात्रों को 'यूजी ऑनर्स विद रिसर्च' के साथ-साथ एक अतिरिक्त 'यूजी ऑनर्स' मार्ग का विकल्प प्रदान करने जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को व्यापक अकादमी प्रदान करना तथा उन्नत विषयगत अध्ययन को खोलना है।

प्रस्तावित परिवेश के अंतर्गत, चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के पहले तीन वर्ष पूरे करने वाले छात्र चौथे वर्ष में अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार दो चरणों में से किसी एक का चयन कर सकते हैं। यूजी ऑनर्स के इस मार्ग में उन छात्रों को अवसर देगा जो शोध प्रबंध (शोध प्रबंध/थीसिस) नहीं करना चाहते, बल्कि अपने प्रमुख विषय में गहन व उन्नत अध्ययन करना चाहते हैं। 12 क्रेडिट का शोध घटक, इस मार्ग में शोध प्रबंध के स्थान पर उन्नत पाठ्यक्रम से पूरा किया जाएगा। इसके माध्यम से 7.5 से कम सीजीपीए वाले छात्र भी चौथे वर्ष पूरा कर सकते हैं और 160 क्रेडिट की 4 वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। यूजी ऑनर्स विद रिसर्च (यूजी ऑनर्स विद रिसर्च) यह मार्ग यथावत जारी रहेगा और छात्रों को मिलाकर ग्रेजुएशन शोध का अवसर देगा। पहले छह सेमेस्टर में 7.5 या उससे अधिक सीजीपीए (75% अंक) प्राप्त करने वाले पात्र छात्र संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में 12 क्रेडिट का शोध प्रोजेक्ट/प्रबंध पूरा करेंगे। लविवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना उच्च शिक्षा को लचीला, समावेशी और विद्यार्थी-केंद्रित बनाना है। लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रों की व्यक्तिगत क्षमताओं और भविष्य के लक्ष्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

चौथे वर्ष में 'यूजी ऑनर्स' और 'यूजी ऑनर्स विद रिसर्च' दोनों विकल्पों का समावेशन विद्यार्थियों को उनकी पसंद के अनुसार उन्नत विषय ज्ञान अथवा मौलिक अनुसंधान में विशेषज्ञता प्राप्त करने का समान अवसर देगा। 7.5 से कम सीजीपीए वाले विद्यार्थियों को भी चौथे वर्ष का अवसर मिलने से उनके लिए उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और वैश्विक करियर के नए द्वार खुलेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन इस नवीन व्यवस्था के विस्तृत शैक्षणिक विनियम, पात्रता मानदंड, उन्नत पाठ्यक्रम और कार्यान्वयन दिशानिर्देश उपयुक्त वैधानिक निकायों के माध्यम से शीघ्र जारी करेगा। इसके लिए, एक सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति प्रो. मनुका खन्ना के नेतृत्व में गठित की गई है जो शीघ्र ही संपूर्ण संरचना और दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोनों ही मार्ग एक ही 4-वर्षीय स्नातक ढांचे के पूरक विकल्प हैं, जो कुल 160 क्रेडिट की 4-वर्षीय स्नातक डिग्री प्रदान करेंगे। इसके साथ ही विश्वविद्यालय रिसर्च मार्ग के लिए सभी आवश्यक शैक्षणिक और शोध अवसंरचना की उपलब्धता भी निरंतर सुनिश्चित कर रहा है।

### ज्ञान प्रसार संस्थान का 23वां वार्षिक समारोह संपन्न

लखनऊ। ज्ञान प्रसार संस्थान का 23वां वार्षिक समारोह रविवार को जी.बी. सिंह फाउंडेशन, विवेक खंड में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मृत्युंजय प्रसाद गुप्त ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और संस्थान के शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की। संस्थान की अध्यक्ष नीरजा द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2003 में 15-20 वंचित बच्चों से शुरू हुआ ज्ञान प्रसार संस्थान आज प्रतिदिन 100 से अधिक बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा है। अब तक हजारों बच्चे संस्थान से लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक सहयोग और मार्गदर्शन के माध्यम से संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त की है। वहीं कई अन्य बच्चों ने विभिन्न आजीविका कौशल सीखकर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है। अध्यक्ष ने संस्थान की स्थापना और संचालन में योगदान देने वाली सुशीला शर्मा, प्रियम्वदा देवी मिश्रा, परिवार के सदस्यों और शिक्षकों के योगदान को भी स्मरण किया। समारोह में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अक्षत मौर्य, नेहा, निशा, सबा और कहकशां की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं 50 उत्कृष्ट बच्चों को प्रमाण-पत्र और मेडल देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

### समूह गान, चित्रकला एवं कोरियोग्राफी में छात्रों ने बिखेरा जलवा



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय साँस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को थाईलैण्ड, श्रीलंका, नेपाल एवं देश के विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का ऐसा जलवा बिखरा कि दर्शक छात्रों की अद्भुद प्रतिभा के कायल हो गये। यह आयोजन 25 अगस्त तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से पधारे लगभग 500 छात्र विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिताओं का सिलसिला आज प्रातः समूह गान प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें प्रतिभागी छात्र टीमों ने पारम्परिक परिधानों, वाद्ययंत्रों एवं विशिष्ट वेषभूषा के साथ अपनी गायल कला का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार आर्ट एण्ड पेन्टिंग प्रतियोगिता में भी देश-विदेश की प्रतिभागी छात्रों की कलात्मक क्षमता देखते ही बनती थी, जिन्होंने द वर्ल्ड आई वान्ट टु सी थीम पर अपने विचारों को बेहद खूबसूरती से उतारा। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने नृत्य कौशल से मनुष्य जीवन में छिपी भावनाओं, सपनों और अनुभवों को बखूबी दर्शार्या, साथ ही जीवन के सुख-दुःख, संघर्ष और आशाओं की अनूभूति साकार की। सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिताओं का दौर कल भी जारी रहेगा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन कल 24 अगस्त का खास आकर्षण परम्परागत लोकनृत्य, क्रिसेन्डो, थ्री-डी कोलाज एवं आर्केस्ट्रा प्रतियोगिताएं है जिसमें प्रतिभागी छात्र अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

### वोल्टास के उत्पादों पर विशेष ऑफर

लखनऊ। वोल्टास लिमिटेड ने एसी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन पर विशेष ऑफर्स की घोषणा की है, जो 31 अगस्त 2026 तक उपलब्ध रहेंगे। ग्राहकों को चुनिंदा उत्पादों पर कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और आसान ईएमआई का लाभ मिलेगा। कंपनी के अनुसार चुनिंदा उत्पादों पर 18 महीने तक की ईएमआई सुविधा दी जाएगी।

# ईसीएमओ जीवन बचाने का अहम विकल्प : डा. पीके दास

विशेष संवाददाता (vol)

● लोहिया संस्थान में कार्यशाला

लखनऊ। गंभीर बीमारी में फेफड़े शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन न मिलने पर ईसीएमओ (इक्मो) जीवन बचाने का महत्वपूर्ण विकल्प बन सकती है। गंभीर निमोनिया, फेफड़ों के अचानक फेल होने, गंभीर हार्ट फेल्योर और कार्डियोजेनिक शॉक जैसे चुनिंदा मरीजों में डॉक्टर इसकी मदद लेते हैं।

यह जानकारी लोहिया संस्थान में एनस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष डा. पीके दास ने रविवार को ईक्मो पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। एनस्थीसिया विभाग के सभागार में कार्यशाला हुई। डॉ. पीके दास ने कहा कि ईसीएमओ यानी एक्स्ट्राकॉरपोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन में मरीज के शरीर से खून निकालकर मशीन में भेजा जाता है। मशीन कुछ समय के लिए फेफड़ों का काम संभालती है। कुछ मरीजों में यह दिल के पंप करने के काम में भी सहायता करती है। उन्होंने कहा कि ईसीएमओ बीमारी का सीधा इलाज नहीं है। इसका मकसद शरीर में जरूरी ऑक्सीजन और खून का प्रवाह बनाए रखना है। ताकि डॉक्टर मूल बीमारी का इलाज कर सकें। इस दौरान फेफड़ों, दिल और दूसरे अंगों को ठीक होने का समय मिलता है। मरीज की हालत सुधरने पर मशीन की मदद धीरे-धीरे कम की जाती है। लोहिया संस्थान के पूर्व निदेशक व एनस्थीसिया विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. दीपक मालवीय ने कहा कि ईसीएमओ का इस्तेमाल हर मरीज में नहीं किया जाता। इसके लिए मरीज की बीमारी, उम्र, अंगों की स्थिति और इलाज से सुधार की संभावना समेत कई पहलुओं का आकलन किया जाता है। इसे विशेषज्ञों की निगरानी में आईसीयू में किया जाता है।

# नौ वर्षों में रक्षाबंधन पर 2 करोड़ महिलाओं ने किया सफर

लखनऊ। रक्षाबंधन पर बहनों को भाइयों तक पहुंचने में किराये की चिंता न हो, इसके लिए योगी सरकार वर्ष 2017 से लगातार निशुल्क बस यात्रा की सुविधा देती आ रही है। वर्ष 2017 से 2025 तक लगातार नौ रक्षाबंधन पर महिलाओं को दी गई इस सुविधा के तहत 2.01 करोड़ से अधिक निशुल्क टिकट जारी किए गए। इन टिकटों के किराये के समतुल्य धनराशि करीब 188.41 करोड़ रुपये आंकी गई है। योगी सरकार ने वर्ष 2017 में रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं के लिए निशुल्क बस यात्रा की पहल शुरू की थी। इसके बाद लगातार हर वर्ष यह सुविधा दी गई। परिवहन निगम के आंकड़ों के मुताबिक योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं की संख्या कई वर्षों में लगातार बढ़ी है। वर्ष 2017 में 11,16,332 महिला यात्रियों ने निशुल्क यात्रा की। 2018 में यह संख्या 11,69,226, 2019 में 12,04,085 और 2020 में 7,36,605 रही। वर्ष 2021 में 9,63,466, 2022 में 22,32,322, 2023 में 29,29,755 और 2024 में 19,78,403 महिला यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। वर्ष 2025 में सरकार ने रक्षाबंधन की यात्रा को और सुविधाजनक बनाते हुए महिला के साथ एक सहयात्री को भी निशुल्क यात्रा की सुविधा दी। 8 अगस्त 2025 की सुबह छह बजे से 10 अगस्त की मध्यरात्रि तक कुल 66 घंटे की अवधि में करीब 63.14 लाख महिला यात्रियों और 15.11 लाख से अधिक उनके सहयात्रियों ने निशुल्क यात्रा की। इस दौरान कुल 78,26,324 निशुल्क टिकट जारी किए गए। इन टिकटों का कुल किराया मूल्य करीब 86.98 करोड़ रुपये रहा।

# इंद्रप्रस्थ एस्टेट के परिवारों की सुरक्षा पर सवाल

लखनऊ। इंद्रप्रस्थ एस्टेट के निवासी पिछले करीब तीन वर्षों से होटल निर्माण से जुड़ी गतिविधियों के कारण सोसायटी की सुरक्षा और संपत्ति को हो रहे नुकसान को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) सहित संबंधित अधिकारियों से लगातार शिकायत कर रहे हैं। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से करीब 140 फ्लैटों में रहने वाले लगभग 500 लोगों में चिंता बनी हुई है।




निवासियों के मुताबिक पिछले वर्ष शिकायतों के बाद एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने एलडीए टीम के निरीक्षण तक निर्माण कार्य अस्थायी रूप से रोकने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एलडीए की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। निवासियों का कहना है कि उस समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि निर्माण कार्य की निगरानी की जाएगी और सोसायटी में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारियों और बिल्डर-डेवलपर से लगातार शिकायत और बातचीत के बावजूद नुकसान और सुरक्षा संबंधी चिंताएं कम होने के बजाय बढ़ती गईं। इंद्रप्रस्थ एस्टेट में करीब 140 फ्लैट और लगभग 500 निवासी रहते हैं। निवासियों के अनुसार बारिश के मौसम में उनकी चिंता और बढ़ जाती है। उनका कहना है कि निर्माण गतिविधियों के कारण प्रभावित हिस्सों की सुरक्षा को लेकर लगातार डर बना रहता है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से लोग परेशान हैं। निवासियों ने मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। निवासियों का कहना है कि वे विकास कार्यों के विरोध में नहीं हैं। उनकी मांग केवल इतनी है कि विकास कार्यों की कीमत लोगों की सुरक्षा से नहीं चुकाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 140 परिवारों और करीब 500 निवासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। तीन वर्षों से चल रही शिकायतों के बीच अब निवासी मामले में ठोस कार्रवाई और समयबद्ध समाधान की मांग कर रहे हैं।

# उपेक्षित स्थल से पर्यटन आकर्षण तक पहुंचा फ्रेगरेंस पार्क

## 29 को प्रतिमाओं और सांस्कृतिक एवं कला संग्रहालय का होगा लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लाजपतनगर में घंटाघर के सामने विकसित किया गया फ्रेगरेंस पार्क अब स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहा है। पार्क के साज-सज्जा और सौंदर्यीकरण का काम अंतिम चरण में है। शाम होते ही रोशनी से जगमगाता पार्क लोगों को खासा आकर्षित कर रहा है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से विकसित यह पार्क बड़ा इमामबाड़ा और छोटा इमामबाड़ा के समीप स्थित है। पार्क को इसकी थीम के अनुरूप विभिन्न सुगंधित, सजावटी और औषधीय पौधों से सजाया गया है। यहां रात की रानी, स्टार जैस्मिन, गंधराज, चांदनी, बेला, मोगरा और तुलसी समेत 200 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। पौधों की प्रजातियों और उनकी उपयोगिता से संबंधित जानकारी भी यहां प्रदर्शित की गई है। पार्क में बच्चों के लिए झूले, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था और कैफे बनाया गया है। यहां एक इंटरप्रिटेशन सेंटर भी विकसित किया गया है, जहां वीडियो के माध्यम से पार्क और उसमें लगाए गए विभिन्न पौधों के बारे में जानकारी दी जाती है। सुरक्षा के लिए परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। पार्क को करीब तीन-चार माह पहले आमजन के लिए खोल दिया गया था। इसके बाद से यहां स्थानीय लोगों और पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब चार-पांच वर्ष पहले यह स्थान उपेक्षित और निष्प्रयोज्य पड़ा था। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा के प्रयासों से इसे विकसित कर फ्रेगरेंस पार्क का स्वरूप दिया गया। अब यह स्थान क्षेत्र की खूबसूरती बढ़ाने के साथ पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि फ्रेंगरेंस पार्क का विकास क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ लखनऊ की पर्यटन संभावनाओं को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. बोरा ने बताया कि पार्क में स्थापित महानायकों की प्रतिमाओं तथा लखनऊ सांस्कृतिक एवं कला संग्रहालय का लोकार्पण आगामी 29 अगस्त को रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह की ओर से किया जाएगा।

### केशव नगर में सड़क, सीसी और नाली निर्माण का भूमि पूजन

लखनऊ। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के केशव नगर में सड़क, सीसी एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान सीतापुर रोड स्थित शालीमार कोर्टयार्ड और अग्रसेन हाइट्स अपार्टमेंट परिसर में दो ओपन जिम की स्थापना का भी शुभारंभ हुआ। फैजुल्लागंज स्थित केशव नगर में बेहतर आवागमन और जलनिकासी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मीना पांडेय के आवास के सामने सड़क, सीसी एवं नाली का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए विधायक निधि से 17 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना प्राथमिकता है। सड़क और नाली निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन के साथ जलनिकासी की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है। शालीमार कोर्टयार्ड और अग्रसेन हाइट्स अपार्टमेंट परिसर में ओपन जिम की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। स्थानीय लोगों ने ओपन जिम की सुविधा शुरू किए जाने का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, पार्षद प्रतिनिधि अंकुश बाजपेयी, राम शरण सिंह, सुनील सिंह, मीना पांडेय, सोनू मिश्रा, रूपेश अग्रवाल, राजीव त्रिपाठी, डॉ. मनोज, रोहित धीर, प्रदीप शुक्ला, आशा सोनी, नीरज झा, संजीव सक्सेना, अंकुर अग्रवाल, करन खन्ना सहित स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पोषण की नयी ताकत बना यूपी का टेक होम राशन

## बच्चों की सेहत से महिलाओं की आत्मनिर्भरता तक दिखा असर

विशेष संवाददाता (vol)

● आंगनबाड़ी बनी पोषण निगरानी की धुरी, वजन जांच से जागरूकता और परामर्श तक की जिम्मेदारी

लखनऊ। टेक होम राशन (टीएचआर) योजना के जरिए बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं की अलग-अलग पोषण जरूरतों के अनुसार उत्पाद तैयार कर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के तहत शिशु अमृत, शिशु आहार, बाल पुष्टिकर, संपूर्ण मातृ आहार, आरोग्य पोषण, बाल संजीवनी और सक्षम पोषण जैसे सात उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इनमें ऊर्जा, प्रोटीन, आयरन समेत जरूरी पोषक तत्व शामिल किए गए हैं।

बच्चों में नाटेपन की दर में लगातार गिरावट आई है। वर्ष 2015-16 में यह दर 46.3 प्रतिशत थी, जो 2019-21 में घटकर 39.7 प्रतिशत हो गई। वहीं अब में यह आंकड़ा 31.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसके अलावा अल्पवजन और दुबलापन जैसी समस्याओं में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। टीएचआर योजना की व्यवस्था को आंगनबाड़ी सेवाओं से जोड़ा गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लाभार्थियों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराने के साथ बच्चों का वजन मापने, उनके विकास की निगरानी करने और गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण संबंधी परामर्श देने का काम करती हैं। परिवारों को संतुलित आहार और पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी भी निभाई जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल पोषण सामग्री पहुंचाना नहीं, बल्कि लाभार्थियों की जरूरत को समझकर उन्हें लगातार पोषण संबंधी सहयोग उपलब्ध कराना है। टेक होम राशन योजना को महिला सशक्तीकरण से जोड़ना इसकी अहम विशेषता है। उत्पादन और आपूर्ति की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों को दी गई है। वर्तमान में 4,000 से अधिक महिलाएं इन उत्पादन इकाइयों से जुड़कर रोजगार प्राप्त कर रही हैं। इससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर आय का अवसर मिला है और स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियों को भी विस्तार मिला है। बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा राज्य पोषण मिशन की निदेशक हर्षिता माथुर ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर शासन ने सम्बंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। भोजन की गुणवत्ता उच्च स्तर की होना अनिवार्य है। हरी सब्जियों को दो से तीन बार पानी से धोना सुनिश्चित किया जाए। बच्चों को परोसने से पहले हर दिन कम से कम दो वयस्कों द्वारा भोजन की गुणवत्ता की जांच कराई जाए।

पिछले 9 वर्षों में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा उत्तर प्रदेश में पोषण सेवाओं को अधिक व्यवस्थित और तकनीक आधारित बनाने पर जोर दिया गया है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

# हत्या कर झाड़ियों में फेंका महिला का शव

- शव की शिनाख्त के लिए पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगालने के साथ सोशल मीडिया का ले रही है सहारा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज क्षेत्र में रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे लगभग 45 वर्षीय महिला की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका गया है। आसपास के लोगों के देख गोसाईंगंज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने शव को झाड़ियों से निकाल कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन चेहरा बुरी तरह खराब किये जाने के कारण शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार शव करीब दो दिन पुराना है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि लोनी कटरा व गोसाईंगंज बार्डर पर बढ़ेहा गांव के निकट पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे लगी झाड़ियों में करीब दो दिन पुराना एक 45 वर्षीय महिला का शव मिला है, जिसका चेहरा व सिर किसी भारी वस्तु से बुरी तरह कुचला गया है। मृतका ने लाल रंग का कुर्ता, काले रंग की सलवार, भूरे रंग का दुपट्टा दाहिने हाथ मे लाल हरी चूड़ियां और पैरों में चप्पल पहन रखी थी। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मृतका के सिर पर गंभीर चोट और गले पर किसी चीज से कसने के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका है कि महिला की हत्या कर शव को एक्सप्रेसवे के ऊपर से नीचे झाड़ियों में फेंक दिया गया है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगालने के साथ सोशल मीडिया का सहारा ले रही है।

घटना स्थल से करीब 150 मीटर की दूरी पर एनएचएआई का एक कैमरा लगा होने से पुलिस को आशा है कि इस कैमरे से कुछ सुराग मिल सकता है। महिला की मौके पर ही हत्या की गई या इसे लेकर कही से लाकर फेका गया। पुलिस अब एनएचएआई के कैमरे चेक करवाने का प्रयास कर रही है।

## कंटेनर की टक्कर से घायल फूल विक्रेता की मौत

**लखनऊ।** पारा कोतवाली क्षेत्र के खुशहालगंज मोड़ पर तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल फूल विक्रेता अरुण कुमार लोधी (35) की शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा 16 अगस्त को हुआ था। दुर्घटना में अरुण कंटेनर के पहिये में फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसट गए थे। काकोरी थाना क्षेत्र के पलेहदा गांव निवासी अरुण कुमार लोधी स्प्लेंडर बाइक से फूल बेचने का काम करते थे। 16 अगस्त को फूल बेचकर वह बाइक से घर लौट रहे थे। खुशहालगंज मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पारा पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उनका बायां पैर कमर के पास से काट दिया, लेकिन शुक्रवार देर रात उनकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। पुलिस ने कंटेनर (यूपी 78 एफएन 5803) कब्जे में लेकर चालक इंद्र कुमार को हिरासत में लिया था। पुलिस के अनुसार चालक को नोटिस तामील कराकर जमानत दी गई है। मामले की जांच जारी है।

## सड़क हादसे में 10वीं के छात्र की मौत

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में 10वीं के छात्र हर्ष की मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ इकाना स्टेडियम से मैच देखकर देर रात लौट रहा था, तभी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इलाज के लिए डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई, जबकि दो का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।

मूलरूप से लखीमपुर खीरी के रहने वाले जसकरन सरोज विहार मुलायमनगर थाना गाजीपुर में परिवार के साथ रहकर कारपेंटर का काम करते हैं। जयकरन ने बताया कि उनका बेटा हर्ष (16) प्राइवेट स्कूल में 10वीं की छात्र था। 22 अगस्त को मोहल्ले में रहने वाले दोस्त आदर्श और गोविंद के साथ इकाना स्टेडियम मैच देखने गया था। वहां से लौटते समय रात करीब 10:30 बजे उससे फोन पर बात हुई। देर रात बाहर जाने और बाइक ले जाने को लेकर डांटा और जल्द घर आने की बात कही। इसके बाद करीब 45 मिनट बाद पुलिस से हादसे की सूचना मिली।

## दंपति पर रॉड व फावड़े से हमला,घायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के शिवपुरम कॉलोनी में स्कूटी और बोरिंग तोड़ने का विरोध करने पर एक महिला और उसके पति पर कथित रूप से लोहे की रॉड, फावड़े और डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिवपुरम कॉलोनी निवासी शालिनी अग्निहोत्री ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अगस्त की सुबह करीब 11:30 बजे उसके ससुर सुनील कुमार शुक्ला, सौतेली सास शीलू शुक्ला और सौतेले देवर अनिकेत शुक्ला उसकी स्कूटी व बोरिंग को तोड़ने लगे। पति आनंद कुमार शुक्ला ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद तीनों ने एकराय होकर लोहे की रॉड, फावड़े और डंडों से दंपती पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर दोनों को बचाया। हमले में आनंद कुमार के हाथ में गंभीर चोट आई और हाथ फ्रैक्चर हो गया। पीड़िता के मुताबिक, आरोपित जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए पुलिस के पास जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दे गए। घटना की सूचना पुलिस की आपात सेवा 112 पर भी दी गई। शालिनी ने तहरीर में आरोप लगाया कि इससे पहले 16 अगस्त को घर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए गए थे। उनका आरोप है कि परिवार को डराने के लिए पहले से योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद महिला, उसका पति और छोटी बच्ची भयभीत हैं। पारा पुलिस ने सुनील कुमार शुक्ला, शीलू शुक्ला और अनिकेत शुक्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपों की जांच के साथ घटना से जुड़े साक्ष्य और मेडिकल रिपोर्ट को भी देखा जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 03:30 बजे किसान पथ रिंग रोड पर डम्पर ने पिकअप में ठोकर मार दी, जिससे चालक घायल हो गया। सूचना प्राप्त होते ही थाना बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि पिकअप वाहन के चालक शैलेन्द्र कुमार गौतम पुत्र गंगाराम गौतम, निवासी नेहरू बाग गेट नं0-01, मगरवारा, जनपद उन्नाव सुल्तानपुर से रिंग रोड के रास्ते कानपुर जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात डम्पर के चालक द्वारा वाहन को तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए पिकअप वाहन में टक्कर मार दी गई, जिससे पिकअप चालक घायल हो गए। घायल चालक को एम्बुलेंस से उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताईजारही है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को मार्ग से हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया है।

## एक पेड़ माँ के नाम किया पौधरोपण

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आहवाहन पर कार्यकताओं ने महानगर स्थित सीआईडी ग्राउंड में एक पेड़ माँ के नाम पर पौधारोपण का आयोजन राजीव मिश्रा उप्र भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री मिश्रा ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसे माँ देती है संस्कार वैसे ही पेड़ है जीवन का आधार साथियों, हमारी संस्कृति में धरती को 'माता' कहा गया है क्योंकि वह हमारा पालन-पोषण करती है। ठीक उसी तरह, हमारी जन्म देने वाली माँ भी निस्वार्थ भाव से जीवनभर हमें अपना प्रेम और छाँव देती है। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों से इन वृक्षों का प्रत्येक वर्ष जन्मदिन मनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रीना चौरसिया, हरिश्चंद्र लोधी, रीता कश्यप, पंकज सिंह, विवेक अवस्थी,पंकज श्रीवास्तव, आशुतोष मिश्रा, कन्हैया लाल वर्मा, सहित आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव परिणाम घोषित

**लखनऊ।** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के दूसरे चरण का चुनाव वैदिक कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज गणेशगंज में नामित पूर्व राजपत्रित अधिकारी संतलाल, सूर्यनारायण तिवारी संरक्षक व जानकी शरण शुक्ला ने चुनाव के बाद पदाधिकारियों की घोषणाकी। इनमें जितेंद्र निगम को प्रदेश अध्यक्ष, अनुपम सिंह मंडल अध्यक्ष, संतोष सिंह सरदार लखनऊ जिला अध्यक्ष, संजय गुप्ता लखनऊ नगर अध्यक्ष से निर्वाचित हुए। जबकि शिवम नरूला नगर महासचिव निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव प्रवीण मणि त्रिपाठी, मनोज सिंह ठाकुर, राजकुमार गुप्ता, मनु वैश्य, नीतू बाजपेई, नितिन सचान, रामशंकर दूबे, मुकेश शुक्ला, शैलेंद्र गुप्ता, मोहम्मद जाकिर, वीरेंद्र पाल करुणेश प्रताप सिंह समेत बडी भारी संख्या में पदाधिकारी व्यापारी उपस्थित रहे।



## पांच लापता बच्चों को तलाश कर परिजनों को सौंपा

**लखनऊ।** हसनगंज पुलिस ने पांच लापता बच्चों को दो घंटे के भीतर तलाश कर सकुशल बरामद किया और परिजनों को सौंप दिया। बच्चों की त्वरित व सकुशल बरामदगी पर डीसीपी मध्य ने पुलिस टीम को 25 हजार का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। शनिवार को शाम करीब 07:40 बजे थाना हसनगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि तिकोनिया पार्क, बन मटर चौराहा के पास से 05 बच्चे लापता है, उनकी उम्र क्रमशः लगभग- 01.5 वर्ष, 03 वर्ष, 05 वर्ष, 08 वर्ष एवं 13 वर्ष है। समय करीब 16:00 बजे किसी अज्ञात ई-रिक्शा चालक के साथ चले गए हैं तथा वापस नहीं आए हैं। सूचना प्राप्त होते ही प्रकरण की संवेदनशीलता एवं बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस उपायुक्त मध्य, विक्रान्त वीर द्वारा संज्ञान लेते हुए बच्चों की सकुशल बरामदगी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## छेड़छाड़ करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** पीजीआई पुलिस ने नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना पीजीआई सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में टीम गठित कर नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में 22 अगस्त को महिला ने थाना पीजीआई में तहरीर दी थी कि विशाल उनकी पुत्री का पीछा करता है और छेड़छाड़ करता है। इस सम्बन्ध में पुलिस ने धारा 75/79 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। इसी क्रम मेंरविवार को अभियुक्त विशाल (20) पुत्र राम विलास निवासी ग्राम पिपरीखेड़ा थाना पीजीआई को गिरफ्तार कर लिया।

## दुकान से 25 हजार का सामान लेकर फरार

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में एक इलेक्ट्रिकल्स की दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचे शातिर ने 25 हजार रुपये का सामान लिया और बिना भुगतान किए ऑटो से फरार हो गया। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद शनिवार देर शाम धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज किया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया दुकान के संचालक दिलप्रीत सिंह चड्डा स्व रविन्द्र पाल सिंह चड्डा के अनुसार उसकी थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर मे रोमी इलेक्ट्रिकल्स नाम से दुकान संचालित है। बीते 16 अगस्त की सुबह करीब 8:30 से 9:30 बजे के बीच एक युवक ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचा। उसने करीब 25 हजार रुपये का इलेक्ट्रिकल सामान लिया और भुगतान किए बिना ऑटो से गुरुद्वारे की ओर फरार हो गया।

## घर से नकदी व लाखों के जेवर चोरी

**लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र के बसंतकुंज सेक्टर डी-4 में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर नकदी और लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना 21 अगस्त की रात की बताई जा रही है। पीड़ित ने दुबग्गा थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। बसंतकुंज सेक्टर डी-4/214 निवासी रणजीत कुमार गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अगस्त की रात अज्ञात लोग उनके घर में घुस गए। चोरों ने कमरों और अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखी नकदी और जेवरात पार कर दिए। पीड़ित के अनुसार करीब 1.20 लाख रुपये नकद, लगभग 50 ग्राम सोने के आभूषण तथा करीब 400 ग्राम चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। पीड़ित ने बताया कि चोरी हुए सोने व चांदी के सामान व नकदी है।

## साइबर जालसाजों ने बैंक खातों से आठ बार मे 2,58 लाख रुपये किये पार

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के गूगल-पे अकाउंट से जुड़े एसबीआई और पीएनबी के बैंक खातों से साइबर जालसाजों ने बीते दिनों आठ बार में कुल 2.58 लाख रुपये पार कर दिए। जालसाजी होने के बाद पीड़ित ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा बाजार निवासी पीड़ित आयुष गुप्ता के मुताबिक 12 जुलाई की शाम करीब सात बजे भुगतान करने के लिए उसने गूगल-पे से जुड़े दोनों बैंक खातों की जांच की। जांच के दौरान उसके एसबीआई खाते में 66 हजार और पीएनबी खाते में नौ हजार रुपये देखकर उसके होश उड़ गए। उसने आनन फानन दोनों बैंकों में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराकर खाते बंद कराए।

साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी शिकायत की। उसका कहना है कि अगले दिन 13 जुलाई को दोनों बैंकों से स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि एसबीआई खाते से चार बार में 10-10 हजार और 20-20 हजार रुपये निकाले गए। वहीं पीएनबी खाते से 50 हजार, 30 हजार, 20 हजार और 98 हजार रुपये निकाले गए। इस तरह दोनों खातों से कुल 2.58 लाख रुपये गायब मिले। आयुष का कहना है कि ठगी के दौरान उसे न कोई कॉल आई, न मैसेज मिला और न ही उसने किसी को ओटीपी बताया। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जालसाजों की तलाश शुरू कर दी है।

## युवक पर रॉड से हमला गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम चिरचिहारा जनपद प्रतापगढ़ ने बताया कि 20 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे उनके चचेरे भाई प्रथमेश तिवारी को रोहित पाण्डे पुत्र मधवराज पाण्डे निवासी ग्राम बेसडा, अमेठी ने फोन कर बुलाया था। आरोप है कि मौके पर रोहित के साथ श्याम मिश्रा निवासी मुंशीगंज और मंगलम पाण्डे निवासी जुडियापुर समेत 2-3 लोग और मौजूद थे।

बातचीत के दौरान गाली-गलौज हुई और आरोपियों ने रोहित के लोहे की रॉड से प्रथमेश के सिर पर वार कर दिया। सिर से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर गिर गया। आरोप है कि बेहोश होने के बाद भी आरोपियों ने कई वार किए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे उसके मित्र पवन विश्वकर्मा ने उसे एप्स हेल्थ केयर हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उसके सिर में 18 टाँके लगे हैं, हाथ टूट गया है, आंख और नाक की हड्डी में गंभीर चोट है, जिसकी शिकायत उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## चाकलेट की लालच में पकड़ा गया चोर

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में चॉकलेट के लालच में दो दिन बाद चोर दोबारा आफिस में घुसा, उसी दौरान ऑफिस के गार्ड ने उसे पहचान लिया और दबोच लिया। आरोपित का कहना है कि चोरी के माल में उसे केवल चॉकलेट मिली है, बाकि सामान उसके साथी लेकर भाग गए।

आरोपित ने गुरुवार को खुजौली के स्कॉलर एकेडमी के आफिस से लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी कर लिया। उसी दौरान चोर की नजर आफिस में रखी चॉकलेट के डिब्बे पर पड़ी तो उसमें से कई चॉकलेट निकाल ले गया। चॉकलेट का ऐसा स्वाद लगा कि शनिवार शाम चॉकलेट का डिब्बा चुराने फिर स्कूल पहुंच गया, जहां गार्ड ने उसे पहचान लिया और दौड़ाकर पकड़ लिया। गार्ड ने पकड़े चोर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया पुलिस चोर से पूछताछ कर रही है।

इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार खुजौली में स्कॉलर एकेडमी स्कूल है। गुरुवार को चोर ने स्कूल के दफ्तर में घुसकर वहां रखा लैपटॉप व नया मोबाइल फोन चुरा लिया। स्कूल प्रबंधन के इन्द्रेश मिश्रा ने बताया कि चोर ने दफ्तर में रखा लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी करने के साथ मेज की दराज में रखी चॉकलेट चोरी कर ले गया। घटना सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई। उन्होंने उसी दिन खुजौली चौकी पर चोरी की सूचना दी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

## स्मार्ट मीटर जांच रिपोर्ट में टैरिफ पर संस्तुति उपभोक्ताओं की समस्याओं पर मौन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कॉरपोरेशन की ओर से स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की तकनीकी जांच के लिए गठित समिति की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की तकनीकी गुणवत्ता, निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यप्रणाली और उनकी वास्तविक क्षमता की जांच करना था। इसके बावजूद रिपोर्ट में प्रीपेड बिलिंग के लिए टैरिफ संरचना को सरल बनाने और मिश्रित टैरिफ की संस्तुति किए जाने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। तकनीकी जांच के लिए गठित समिति को मीटर की गुणवत्ता, सटीकता, तकनीकी मानकों और उपभोक्ताओं पर उसके प्रभाव तक ही सीमित रहना चाहिए था। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की प्रमुख शिकायतें अधिक बिल आने, मीटर तेज चलने, बिल में अचानक बढ़ोतरी और कनेक्शन कटने के बाद समय से दोबारा नहीं जुड़ने की रही हैं। ऐसे मामलों में उपभोक्ताओं को राहत देने और व्यवस्था में सुधार के ठोस सुझाव रिपोर्ट में होने चाहिए थे। वर्मा के मुताबिक, कनेक्शन समय से नहीं जोड़ने के मामलों में नियामक आयोग की ओर से पावर कॉरपोरेशन पर सात लाख रुपये से अधिक की पेनल्टी लगाया जाना उपभोक्ता सेवा की स्थिति को दर्शाता है। ऐसे में समिति को तकनीकी खामियों और उपभोक्ता शिकायतों के मूल कारणों पर विस्तृत जांच करनी चाहिए थी। परिषद ने मांग की कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की पूरी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि तकनीकी जांच के दायरे में टैरिफ संरचना से जुड़ी संस्तुतियां किस आधार पर शामिल की गईं। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि सही बिल, सही मीटरिंग और समयबद्ध विद्युत सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

## सरोजनीनगर प्रथम वार्ड में दो सड़कों का पार्षद ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** सरोजिनीनगर प्रथम वार्ड में क्षेत्रवासियों की सुविधा एवं विकास को प्राथमिकता देते हुए हनुमान पुरी गली नंबर-8 एवं गीता आश्रम में दो सड़कों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। यह कार्य महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, युवा नेता नीरज सिंह एवं नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के मार्गदर्शन में वार्ड की पार्षद श्रीमती गीता देवी गुप्ता द्वारा किया गया। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए पार्षद श्रीमती गीता देवी गुप्ता एवं समस्त जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की।

## बहू-बेटी सम्मलेन आयोजित

**लखनऊ।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत रविवार को बंथरा थाने के मिशन शक्ति केंद्र की ओर से सराय शहजादी गांव में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक गुलाब कली, उपनिरीक्षक सीमा सिंह, महिला कांस्टेबल मोनी यादव और एंटी रोमियो टीम ने ग्राम प्रधान व आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौजूदगी में चौपाल लगाकर महिलाओं और बहू-बेटियों को जागरूक किया। इसके अलावा महिलाओं को अपराध की स्थिति में सहायता के लिए 1090, 181, 1076, 112, 1930, 101, 102 और 108 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ इससे संबंधित पंपलेट भी वितरित किए। वहीं अविवाहित युवतियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के साथ मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर के संबंध में भी बताया।

## वारंटी गिरफ्तार

**लखनऊ।** रहीमाबाद पुलिस ने वारण्टी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक रहीमाबाद काकहना है कि न्यायालय ए.सी.जे. (जे.डी.) कोर्ट नं0 34 लखनऊ से आरोपित केखिलाफ गिरफ्तारी वारण्ट जारी था। वारण्टी सरयू रावत (55) पुत्र चोखे निवासी औलियाखेडा मजरा गौंदा मुअज्जमनगर थाना रहीमाबाद को तारीखी पेशी व कारण गिरफ्तारी से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया।

## फर्जी लॉजिस्टिक्स कंपनी के नाम पर ठगी

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज में फर्जी लॉजिस्टिक्स कंपनी के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित शिवम तिवारी ने बताया कि 4 अगस्त को अमेरिका में साढू भाई को 40 किलो के दो पार्सल भेजने के लिए ऑनलाइन फेडेक्सफ्लाई लॉजिस्टिक्स कंपनी से संपर्क किया। गूगल पर मिले विवेक शुक्ला नाम के व्यक्ति से 41 हजार 990 रुपये में सौदा तय हुआ। उसी दिन विनय शुक्ला और एक अन्य युवक घर से पार्सल ले गए। पार्सल में करीब 2 लाख का घरेलू सामान था। आरोप है कि 5 अगस्त को यूपीआई से 41 हजार 990 रुपये लेने के बाद कंपनी ने ट्रैकिंग आईडी नहीं दी। दबाव डालने पर दो बार फर्जी आईडी भेज दी। 21 अगस्त तक पार्सल अमेरिका नहीं पहुंचा। बाद में एयरपोर्ट होल्डिंग चार्ज के नाम पर 5 हजार 200 रुपये और मांगे गए। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर व ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

## रक्षा बंधन पर्व के रक्षा शब्द का महत्व जानना जरूरी : केडी सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और अपनत्व का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें रक्षा के व्यापक अर्थ को समझने और उसे जीवन में उतारने का संदेश भी देता है। रक्षा का अर्थ केवल किसी संकट में एक-दूसरे की मदद करना नहीं, बल्कि अपनों को हर उस खतरे से बचाना भी है, जिससे उनका जीवन प्रभावित हो सकता है।

लोकमान्यता है कि रक्षाबंधन के दिन बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उसकी सुख-समृद्धि और दीघार्यु की कामना करती है। भाई भी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। लेकिन आज के बदलते दौर में भाई हो या बहन, सभी को पढ़ाई, नौकरी, कारोबार और अपने सपनों के लिए घर से बाहर निकलना पड़ता है। ऐसे में सड़क पर सुरक्षित रहना और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। दुर्भाग्य से प्रदेश में सड़क दुर्घटनाएं आज भी बड़ी चुनौती हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं पहनना गंभीर हादसों में जान जाने का एक प्रमुख कारण बनता है। इसी तरह चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने से दुर्घटना के दौरान गंभीर चोट और मौत का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। थोड़ी सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन सकती है।

इस रक्षाबंधन पर क्यों न हम रक्षा के इस संकल्प को एक कदम आगे बढ़ाएं और इसे सुरक्षा बंधन में बदल दें। बहन अपने भाई को हेलमेट भेंट करे और भाई बहन की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने का वचन दे। परिवार के सभी सदस्य वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने की शपथ लें। आइए, इस रक्षाबंधन पर अपनों की रक्षा के साथ सड़क पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा का भी संकल्प लें। यही सच्चे अर्थों में रक्षाबंधन की सार्थकता होगी।

## 3/11 केवी उपकेंद्रों पर आउटसोर्स कर्मचारियों की जरूरत पर बनी समिति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने 33/11 केवी उपकेंद्रों पर लाइनों के अनुरक्षण और उपकेंद्रों के परिचालन कार्य के लिए तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों की आवश्यकता का परीक्षण करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। 22 अगस्त 2026 को जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार समिति यह आकलन करेगी कि विभिन्न उपकेंद्रों पर कितने आउटसोर्स कार्मिकों की वास्तविक आवश्यकता है। समिति के अध्यक्ष वितरण निदेशक जीडी द्विवेदी होंगे। इसमें निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) डॉ. जॉन मथाई, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक आरपी सिंह, मुख्य अभियंता मध्य क्षेत्र लेसा रवि अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता 33/11 केवी टेक्निकल अमौसी ब्रह्म पाल तथा अधिशासी अभियंता जनशक्ति अनुज सेठ को सदस्य बनाया गया है। समिति के संयोजक महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध/ आउटसोर्स) होंगे।


आदेश में समिति को निर्देश दिया गया है कि वह फील्ड में तैनात अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, टीजी-2 और संविदा कर्मचारियों से बातचीत कर उनके सुझाव प्राप्त करे। इसके बाद समिति अपनी विस्तृत रिपोर्ट पावर कारपोरेशन को सौंपेगी। समिति का गठन ऐसे समय हुआ है जब बिजली व्यवस्था में फाल्ट सुधारने, लाइनों के अनुरक्षण और उपकेंद्रों के संचालन में कर्मचारियों की उपलब्धता को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। समिति की रिपोर्ट से यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि 33/11 केवी उपकेंद्रों पर कार्यभार के अनुसार कितने आउटसोर्स कर्मचारियों की जरूरत है और वर्तमान व्यवस्था में कहां कमी है। रिपोर्ट के आधार पर आउटसोर्स मानव संसाधन को लेकर आगे निर्णय लिया जाएगा।

## बिजली कटौती पर उठे सवाल, घंटों हो रही है बत्ती गुल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में बढ़ती बिजली कटौती ने एक बार फिर लेसा की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गर्मी और उमस के बीच फीडर ट्रिप होने, केबल फाल्ट, ट्रांसफार्मर पर बढ़ते लोड और पुराने विद्युत उपकरणों के कारण कई इलाकों में बार-बार बिजली गुल हो रही है। समस्या केवल फाल्ट होने की नहीं है, बल्कि उसे समय पर ठीक करने में लगने वाला समय भी उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा रहा है। इसके पीछे मानव संसाधन की कमी भी एक महत्वपूर्ण कारण मानी जा रही है।

मार्च 2026 में लखनऊ के लेसा क्षेत्र में एक ही महीने में करीब 340 संविदा कर्मियों को सेवा से बाहर किए जाने की जानकारी सामने आई थी। कर्मचारी संगठनों ने आशंका जताई थी कि इससे बिजली व्यवस्था और फाल्ट सुधारने की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। संविदा कर्मचारियों की कमी का मुद्दा अगस्त में भी उठा। 14 अगस्त को कर्मचारियों ने सत्याग्रह कर छंटनी रोकने, हटाए गए कर्मचारियों को वापस लेने, अतिरिक्त काम का भुगतान और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने समेत 14 मांगें रखीं। इससे साफ है कि फाल्ट सुधारने वाली जमीनी टीमों पर काम का दबाव और कर्मचारियों की सुरक्षा दोनों गंभीर मुद्दे हैं।



**फाल्ट ठीक करने में देरी क्यों ? :** एक फाल्ट होने पर सबसे पहले उसे चिन्हित करना, संबंधित लाइन को सुरक्षित तरीके से बंद करना, पेट्रोलिंग कर स्थान तलाशना और इसके बाद मरम्मत करना पड़ता है। एक साथ कई फीडरों पर खराबी आने पर सीमित टीमों पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में किसी इलाके का फाल्ट ठीक होने में अपेक्षाकृत अधिक समय लग सकता है। वहीं बढ़ते लोड के कारण ट्रांसफार्मर और फीडरों पर दबाव भी लगातार बढ़ रहा है। इसका उदाहरण उतरेठिया क्षेत्र है, जहां करीब 50 हजार आबादी को राहत देने के लिए हाल ही में 10 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया।

**संविदा कर्मियों की जान क्यों जाती है ? :** सबसे गंभीर सवाल कर्मचारियों की सुरक्षा का है। जून में राजाजीपुरम ओल्ड उपकेंद्र में फाल्ट ठीक करने के दौरान एक सरकारी कर्मचारी और एक संविदाकर्मी झुलस गए थे। रिपोर्ट के अनुसार लाइन पर काम करते समय अचानक धमाका हुआ और दोनों करंट की चपेट में आ गए। कर्मचारियों ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप भी लगाया था। ऐसे हादसे बताते हैं कि फाल्ट सुधारने में सिर्फ कर्मचारियों की संख्या नहीं, बल्कि सुरक्षा प्रक्रिया, शटडाउन की पुष्टि, अर्थिंग, सुरक्षा किट और प्रशिक्षित स्टाफ भी बेहद जरूरी है। संविदा कर्मियों से जोखिम वाला काम कराया जाता है तो उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण और सुरक्षा उपकरण देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

**आखिर बिजली कटौती में संविदाकर्मी ही दोषी क्यो :** बिजली कटौती के पीछे केवल संविदाकर्मियों की कमी को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं होगा। बढ़ता लोड, नेटवर्क की क्षमता, उपकरणों की स्थिति, मौसम और फाल्ट की संख्या के साथ पर्याप्त तकनीकी स्टाफ की उपलब्धता सभी कारक हैं। लेसा को प्रत्येक जोन में फाल्ट की संख्या, औसत सुधार समय, उपलब्ध कर्मचारियों और दुर्घटनाओं का आंकड़ा सार्वजनिक करना चाहिए। इससे यह स्पष्ट होगा कि बिजली कटौती की असली वजह तकनीकी समस्या है या मानव संसाधन और प्रबंधन की कमी।

**साफ-सफाई के लिए चढ़ा, पेड़ पर गिरा :** सहारागंज फीडर पर पेड़ छटाई का कार्य करते समय लाईनमैन करंट लगने से पेड़ के दूसरे डाली पर गिर गया। डाली में बाद जमीन पर गिरा जिससे उसको पीठ पर चोट लग गयी। संविदा लाईनमैन को ट्रांसफार्मर और लाईन पर जंगली घास को साफ करने के लिए जेई विनय गुप्ता ने भेजा था। लेकिन शांम 4 बजे के करीब उसे करंट लगने से चोट लग गयी।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** पीजीआई पुलिस ने डीजे संचालन के उपकरण की चोरी करने वाले 02 शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एन्ड्राइड प्लेयर, एलईडी लाइट्स व 11 स्पीकर्स व चोरी की 02 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि शनिवार को दानिश अंसारी पुत्र मो. जावेद निवासी कनौसी केसरी खेड़ा थाना मानकनगर की तहरीर पर चोरी के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज किया गया। इसी क्रम में 05 जुलाई को इशितयाक अब्बास पुत्र नजर अब्बास निवासी मोरावां जिला उन्नाव वर्तमान पता साउथ सिटी, पी.जी.आई ने चोरो द्वारा घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल को चोरी के सम्बन्ध में मामला पंजीकृत कराया था।

## बॉउंड्रीवाल की पैमाइश देखने पर मार पीट

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के चंद्रावल निवासी अरुन कुमार रावत ने यहीं के रिजवान और तौफीक उर्फ मोनू पर ग्राम समाज की जमीन पर बनी बाउंड्रीवाल की पैमाइश देखने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। अरुन कुमार रावत के मुताबिक 22 अगस्त शनिवार शाम करीब पांच बजे चंद्रावल-बिजनौर रोड स्थित तौफीक उर्फ मोनू की दुकान के सामने गाटा संख्या 990 की पैमाइश हो रही थी।

# सावन का अंतिम सोमवार आज, कई शुभ योग में होगी महादेव की पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकाल को समर्पित सावन का पवित्र महीना अब समाप्त होने जा रहा है। हालांकि, इससे पहले भक्तों को सावन के आखिरी सोमवार पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष अवसर प्राप्त होगा। बता दें कि, वर्ष 2026 में सावन का अंतिम सोमवार 24 अगस्त को पड़ रहा है। यह तिथि भगवान शिव की पूजा के लिए बेहद खास मानी जाती है और शास्त्रों में भी सावन सोमवार के व्रत और पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि, सावन के दौरान पूजा-पाठ, दान और पुण्य कार्य करने से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर अपनी विशेष कृपा बरसाते हैं। वहीं, सच्चे मन और श्रद्धा से शिवलिंग पर अर्पित किया गया जल भी महादेव को प्रिय माना जाता है। ऐसे में सावन के आखिरी सोमवार पर कुछ विशेष उपाय करना जीवन में सुख, शांति और तरक्की के लिए लाभकारी माना जाता है। सावन के आखिरी सोमवार के दिन पूवार्षाढा नक्षत्र बन रहा है। इसके अलावा प्रीति और आयुष्मान योग का संयोग भी रहेगा। सुबह 11:59 से 12:47 तक अभिजीत मुहूर्त रहने वाला है। ज्योतिष दृष्टि से भी यह तिथि खास है, क्योंकि सूर्य-बुध का बुधादित्य योग इस दिन बन रहा है।

**सावन सोमवार पर करें ये उपाय:** सावन के आखिरी सोमवार के दिन पंचामृत से महादेव का अभिषेक करें। मान्यता है कि, इससे जीवन में सकारात्मक और अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सावन सोमवार के दिन सफेद चीजों का दान अवश्य करें। मान्यता है कि, यह उपाय जीवन में स्थिरता और शांति बनाए रखने में सहायक हो सकता है। महादेव को बेलपत्र अर्पित करें और उस पर चंदन से 'ॐ नमः शिवाय' लिखकर शिवलिंग पर चढ़ाएं। मान्यता है कि, इससे अटके हुए कामों को गति मिल सकती है। सावन के आखिरी सोमवार को शिवलिंग पर गेहूं अर्पित करें और गन्ने के रस से अभिषेक करें। यह उपाय भी शुभ और लाभकारी माना जाता है। इस दिन भगवान शिव को खीर का भोग लगाएं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में सभी लोगों में बांटें। मान्यता है कि यह उपाय जीवन में लाभ और तरक्की के नए द्वार खोल सकता है।

**सावन के आखिरी सोमवार पर करें ये सरल उपाय: रुद्राभिषेक कराएं:** भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे प्रभावशाली उपाय है रुद्राभिषेक। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और जीवन में शुभता लाता है। कहा जाता है कि रुद्राभिषेक से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

**चंद्र से जुड़ी वस्तुओं का दान:** यदि आपकी कुंडली में चंद्रमा कमजोर स्थिति में है, तो आप इस दिन दूध, दही, चावल, चीनी और सफेद वस्त्र जैसे चंद्रमा से संबंधित चीजें दान करें। इससे चंद्रमा की स्थिति बेहतर होगी और मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**108 बेलपत्रों पर लिखें ॐ नमः शिवाय:** सफेद चंदन से 108 बेलपत्रों पर ॐ नमः शिवाय लिखें और उन्हें भगवान शिव को अर्पित करें। साथ ही शमी के पत्तों पर शहद लगाकर शिवलिंग पर अर्पण करें। यह उपाय अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

**दान करें:** किसी शिव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करें और फिर जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं। अपनी सामर्थ्य के अनुसार उन्हें वस्त्र या अन्य उपयोगी सामग्री का दान भी करें। यह पुण्य शिव भक्ति को और भी गहरा करता है।

**पूजा विधि:** सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। पूजा शुरू करने से पहले व्रत का संकल्प लें। एक वेदी पर भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित करें। शिवलिंग का गंगाजल और पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद शुद्ध जल से अभिषेक करें। भगवान शिव को बेलपत्र, चंदन, अक्षत, धतूरा, आक के फूल, भांग, सफेद फूल, फल और मिठाई अर्पित करें। माता पार्वती को सोलह श्रृंगार की सामग्री चढ़ाएं। घी का दीपक और धूप जलाएं। 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें और शिव चालीसा का पाठ करें। सावन सोमवार व्रत की कथा सुनें या पढ़ें।

## आखिरी सोमवार पर कुछ राशियों के सुख-सौभाग्य में होगी वृद्धि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सावन का आखिरी सोमवार ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से बहुत खास रहने वाला है। इस बार सावन का आखिरी सोमवार 24 अगस्त 2026 को है। इस दिन बुध और सूर्य मिलकर अत्यंत शुभ और शक्तिशाली बुधादित्य राजयोग बना रहे हैं। देवगुरु बृहस्पति अपनी उच्च राशि कर्क में रहेंगे, जिससे मंगलकारी हंस राजयोग का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा प्रीति योग और पूवार्षाढ़ा नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य पंडित नरेंद्र उपाध्याय के अनुसार, सावन के आखिरी सोमवार पर बन रहे ये कल्याणकारी संयोग कुछ राशियों के सुख-सौभाग्य में वृद्धि प्रदान करेंगे। इन भाग्यशाली राशियों को धन में वृद्धि के साथ करियर में उन्नति प्राप्त हो सकती है।

**कर्क राशि: मिलेगा शुभ समाचार:** कर्क राशि वालों के लिए सावन का आखिरी सोमवार खुशखबरी प्रदान कर सकता है। इस समय आपको मनचाहे परिणामों की प्राप्ति हो सकती है। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा और कार्यों में सफलता हासिल करेंगे। कार्यक्षेत्र में उन्नति के योग बन रहे हैं। नौकरी से जुड़ी परेशानियां दूर होंगी और परिवार में खुशियों का आगमन होगा। अटके हुए धन की वापसी के योग बन रहे हैं।

**धनु राशि: भाग्य का साथ मिलेगा:** धनु राशि वालों को भाग्य का साथ प्राप्त हो सकता है। भाग्यवश आपके काम बनेंगे। धन संबंधी आपकी कोई योजना सफल हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी के योग हैं। इस समय व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी और नई संभावनाएं सामने आएंगी।

**मकर राशि: अटके हुए काम पूरे होंगे:** मकर राशि वालों के अटके हुए काम पूरे होने की संभावना है। इस समय नौकरी करने वालों को तरक्की के साथ आय में वृद्धि प्राप्त हो सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को सकारात्मक समाचार मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत के अनुरूप परिणाम प्राप्त होगा। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी।

**कुंभ राशि: अटके हुए धन की वापसी के संकेत:** कुंभ राशि वालों को अटके हुए धन की वापसी के संकेत हैं। निवेश के अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी और आप भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी पुराने निवेश का अच्छा रिटर्न मिल सकता है। अपनों का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। किसी अटके हुए काम के पूरे होने से मन प्रसन्न रहेगा।

# 'छत्रपति शिवाजी महाराज' ने सिखायी स्वराज्य व राष्ट्रधर्म की नयी परिभाषा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतेन्दु नाट्य अकादमी की ओर से अतुल सत्य कौशिक कृत नाटक 'छत्रपति शिवाजी महाराज' का मंचन बीएनए के सभागार में किया गया। नाटक का निर्देशन अतुल सत्य कौशिक ने किया।

'छत्रपति शिवाजी महाराज केवल छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन की कथा नहीं, बल्कि उस विचार की रंगमंचीय यात्रा है जिसने स्वाभिमान, स्वराज्य और राष्ट्रधर्म को एक नई परिभाषा दी। यह महानाट्य शिवाजी के व्यक्तित्व को केवल एक अद्वितीय योद्धा के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी शासक, संवेदनशील पुत्र, कुशल रणनीतिकार और जननायक के रूप में प्रस्तुत करता है। कथा उनके जीवन के उन निर्णायक प्रसंगों से होकर गुजरती है जहाँ व्यक्तिगत सुख और राष्ट्रधर्म आमने-सामने खड़े होते हैं, जहाँ मातृभूमि के लिए त्याग, साथियों की निष्ठा और असंख्य वीरों का बलिदान स्वराज्य की नींव बनता है। जीजाबाई की तपस्या से लेकर रणभूमि की गर्जना तक, मित्रों और सेनानायकों के बलिदान से लेकर शत्रुओं के साथ हुए निर्णायक संघर्षों तक, हर प्रसंग शिवाजी के विराट व्यक्तित्व की एक नई परत खोलता है। भव्य दृश्य संरचना, विशाल रंगमंचीय कैनवास, युद्ध और दरबार के प्रभावशाली दृश्य, नृत्य, प्रकाश, वेशभूषा और विशेष रूप से रचित मौलिक संगीत इस प्रस्तुति को एक जीवंत ऐतिहासिक अनुभव में बदलते हैं। प्रस्तुति पर अतुल सत्य कौशिक की विशिष्ट रंग-शैली की स्पष्ट छाप है- तेज गति वाली कथा, भावनात्मक तीव्रता, प्रभावशाली संवाद, विराट मंचीय बिंब और इतिहास को समकालीन चेतना से जोड़ने की क्षमता। 'छत्रपति शिवाजी महाराज' अंततः वीरता, राष्ट्रप्रेम, नेतृत्व और बलिदान की ऐसी गाथा है जो दर्शक के भीतर गौरव के साथ-साथ कर्तव्य का भाव भी जगाती है। नाटक में अहम भूमिका प्रदीप शिवहरे, धीरज कुमार, श्रुतिकीर्ति सिंह, वैष्णवी सेठ, शिवा सक्सेना, अंशु साहू, भावना द्विवेदी, अनिल चौधरी, सामनाथ शर्मा, तुषार, रितेश, अर्ध्य, अमित कुमार वर्मा, आशुतोष जयसवाल, राजश्री, मयंक तिवारी, अलोक कुमार यादव, शरद राज सिंह ने निभायी।

## नाटक 'सारा जहां हमारा है' ने जीता दर्शकों का दिल



लखनऊ। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के सहयोग से मदर सेवा संस्थान द्वारा किरन लता की प्रस्तुति- एकल नाटक 'सारा जंहा हमारा है का मंचन कैसरबाग स्थित बलराज साहनी सभागार, इप्टा में हुई। नाटक 'सारा जहां है हमारा' का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस नाटक का लेखन और कुशल निर्देशन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी किरन लता द्वारा किया गया। नाटक 'सारा जहां है हमारा' लखनऊ की पहचान कही जाने वाली 'गंगा-जमुनी तहजीब' के ताने-बाने पर आधारित एक बेहद मार्मिक और प्रेरणादायक कहानी है। नाटक का मुख्य पात्र 'चन्दर' एक अनाथ जो अमीनाबाद में पला बढ़ा लखनऊ की तंग और ऐतिहासिक गलियों में पला-बढ़ा। एक कम पढ़ा लिखा आम युवा है। गरीबी और अभावों के तीखे थपेड़ों ने उसे वक्त-वक्त पर अंदर से झकझोरा, लेकिन वे उसके फौलादी आत्मविश्वास को डिगा नहीं सके। जीवन के हर मोड़ पर टूटकर बिखरने के बाद भी चन्दर हिम्मत नहीं हारता, बल्कि हर बार दोगुनी मजबूती के साथ उठ खड़ा होता है। समाज की कड़वी हकीकत का सामना करते हुए भी वह अपनी इंसानियत और भलाई करने के जज्बे को कभी नहीं छोड़ता।

## सावन गीतों पर महिलाओं ने नृत्य की मोहक छटा बिखेरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सावन का झूला, आल्ता के रंग, गजरे की खुशबू मेहंदी के रंग... जैसे खूबसूरत परिवेश में हरे रंग के परिधानों में सोलह श्रृंगार से परिपूर्ण महिलाओं ने जब सावन की कजरी हरे रामा रिमझिम बरसे पनिया, झूले राधा रानिया हिंडोरना... पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, तो चारों ओर सावन की हरीतिमा बिखरी नजर आई, यह खूबसूरत मौका था आज शाम सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में होटल द गोल्डन एप्पल महानगर में आयोजित उड़ान सावन उत्सव-2026 का। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. बबिता सिंह चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लोक नृत्यांगना सरिता सिंह, बिन्दु बोरा, कल्पना वर्मा पार्षद, डॉ. मालविका हरिओम, अध्या श्रीवास्तव और सुनैना चौधरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। संगीत से सजे कार्यक्रम का शुभारंभ अधिरा यादव ने गाइये गणपति श्री वंदन पर भाव नृत्य से किया। विघ्न विनाशक के चरणों में समर्पित इस प्रस्तुति के उपरांत लोकगीत मल्हार मै गाउंगी मेरे आए सांवरिया अमवा पे झूला डलवाऊंगी मेरे आए सांवरिया पर सविता कनौजिया, शिखा पांडे, रितिका सक्सेना, अंबिका कनौजिया, पूनम यादव और सारिका ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा।

संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले सोपान में लोकगीत झूलूंगी झूला उमंग भरे मन से आएंगे साजन सखी री सावन में पर बीनू यादव, कल्पना, पियाली, कविता, आभा श्रीवास्तव, श्वेता आर्या, शालिनी और नीलम सिंह ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया तो वहीं दूसरी ओर खुशबू, अर्चना, आभा, शालिनी, नीरज, ममता अरोड़ा, रितिका, भारती, प्रतिभा, किरन, नीरजा, अमृता, कविता, प्रतिमा, निशा, कल्पना, सुनीता गुप्ता, अनीता, शिखा, जी.के बाबू और पूजा पान्डे ने घनन घनन घिर घिर आए बदरा पर नृत्य प्रस्तुत कर नभ में काली घटाओं का आह्वान किया। सावन के रंग में रंगी अगली प्रस्तुतियों में सीमा, पूनम गुप्ता, नीतू, प्रतिभा शाह, हेमलता, गीतू, अक्की, संगीता देव, गोली, कीर्ती सिंह, रेखा, रिया, शर्मिला, शैरी, रेखा, दिपाली, आराधना, शीतल, शशि, विनी, ज्योति, परी ने लोकगीत रघुवर झूल रहे अपनी उमंग में सिया जी के संग में पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।

# भजनों पर झूमे श्रद्धालु, बाबा श्याम के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। श्री श्याम परिवार, लखनऊ द्वारा श्री श्याम मंदिर, बीरबल साहनी मार्ग में भव्य झूला उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे और मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। श्री श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि झूला उत्सव के अवसर पर श्री श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार, मनमोहक झांकी एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भजन गायक पवन मिश्रा एवं अनुष्का मिश्रा ने खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भजन संध्या में हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे, खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है, श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, मेरे श्याम से मिलने की आस लगी है, ले हाथों में निशान, चलो खाटू धाम और जो भी आया श्याम के द्वारे, भर गई उसकी झोली सारे जैसे लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। बाबा श्याम की दिव्य झांकी और अलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। भक्तों ने भजनों की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन को पहुंचे।

# तुलसी के पदों की सुरधारा में सराबोर हुई लोक चौपाल

- तुलसी साहित्य में जीवन-मूल्यों का सहज समन्वय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। गोस्वामी तुलसीदास जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत लोक संस्कृति शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश की 89वीं लोक चौपाल रविवार को इन्दिरा नगर स्थित ईश्वरधाम मंदिर परिसर में हुई। परिचर्चा एवं तुलसी पदों की सांगीतिक प्रस्तुति से सजी इस चौपाल की अध्यक्षता चौपाल चौधरी कोकिल कंठी पद्मा गिडवानी एवं कुमाऊं कोकिला विमल पन्त ने की। विषय प्रवर्तन करते हुए चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामभक्ति को लोकजीवन से जोड़ते हुए अपनी रचनाओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। उनके साहित्य में लोकभाषा, लोकसंस्कृति, मानवीय संवेदना और जीवन मूल्यों का सहज समन्वय दिखाई देता है। संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने कहा कि तुलसी का साहित्य आज भी हमारी सांस्कृतिक चेतना को समृद्ध करने के साथ समाज को जीवन-मूल्यों की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर वरिष्ठ गायिका आशा श्रीवास्तव के निर्देशन में तुलसी पदों की भावपूर्ण सांगीतिक प्रस्तुतियां हुईं। प्रीति श्रीवास्तव ने उमड़ घुमड़ के आये बदरा, अनुज श्रीवास्तव ने झूला धीरे से झुलाओ, ज्योति सिंह ने शंकर तेरी जटा में, गोपाली चन्द्रा ने ऐसो को उदार जग माहीं, रूपाली श्रीवास्तव ने कहां से उमही रे कारी बदरिया, अर्चना चौकसे ने प्रतिबंधित देशभक्ति गीत छीन सकती है नहीं सरकार वन्दे मातरम प्रस्तुत किया। सरिता अग्रवाल ने तुलसी के दोहों का पाठ किया। निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में प्रवीन गौर, लिली सक्सेना, सौम्या गोयल, अवांश, अव्युक्ता, अविका, मिहिका, अद्रिका, आश्वी एवं कर्णिका ने जागिए रघुनाथ कुँवर तथा हनुमानाष्कक की सुंदर प्रस्तुति दी। अन्य सामूहिक प्रस्तुतियों में चंदना द्विवेदी, सुमन शर्मा, वरदा जोशी, सुनीता पाण्डेय, अपर्णा सिंह, मंजूषा श्रीवास्तव, दीपा शर्मा, मधु माथुर, सिंधुजा मित्तल, ज्योति किरन रतन, ज्योति पाण्डेय, सुषमा प्रकाश, सुमन मिश्रा, कविता सिंह, शिखा श्रीवास्तव आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में संस्थान की संरक्षक शारदा पाण्डेय, रंजना शंकर, वरिष्ठ समाजसेविका डॉ. स्मिता मिश्रा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. करुणा पाण्डे, डॉ. आभा दीक्षित, राजनारायण वर्मा, नीलम वर्मा, देवेश्वरी पंवार, डॉ. राजकुमार शुक्ल, नीरा मिश्रा, संगीता श्रीवास्तव सहित अन्य की प्रमुख उपस्थिति रही।

# हरियाली तीज उत्सव : रेनू कांडपाल बनीं कुमाऊंनी तीज क्वीन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तराखंड महापरिषद महिला शाखा एवं स्वयं सहायता समूह के संयुक्त तत्वाधान में हरियाली तीज उत्सव-2026 (सीजन-4) का आयोजन उत्तराखंड महापरिषद, लखनऊ में पारंपरिक उल्लास, उत्साह एवं सांस्कृतिक रंगों के बीच धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर तीज उत्सव को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का आयोजन महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा वैष्णव एवं स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पूनम कनवाल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक नृत्य, गायन तथा विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्रीमती तीज प्रतियोगिता रही, जिसे पूनम कनवाल द्वारा आकर्षक एवं रचनात्मक स्वरूप प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रैंप वॉक एवं प्रश्नोत्तर राउंड में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप कुमाऊंनी तीज क्वीन के रूप में श्रीमती रेनू कांडपाल, गढ़वाली तीज क्वीन के रूप में श्रीमती पार्वती बिष्ट तथा अवधी तीज क्वीन के रूप में श्रीमती रागिनी का चयन किया गया। कुशल संचालन ने बांधे रखा सभी को कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन श्रीमती पूनम कनवाल एवं श्रीमती हरीतिमा पंत द्वारा किया गया। दोनों ने अपने कुशल संचालन से कार्यक्रम को रोचक, जीवंत एवं व्यवस्थित बनाए रखा तथा विभिन्न प्रस्तुतियों एवं प्रतियोगिताओं के बीच सुंदर समन्वय स्थापित किया। हरियाली तीज उत्सव की विशेष पहल के रूप में लखनऊ में निवास कर रहीं ऐसी वरिष्ठ प्रवासी महिलाओं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय पहचान एवं उपलब्धियां हासिल की हैं, को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। निर्णायक मंडल में श्रीमती विमल पंत, डॉ. करुणा पांडे एवं ज्योति हेडिया शामिल रहीं। कार्यक्रम में उत्तराखंड महापरिषद स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पूनम कनवाल, कोषाध्यक्ष रेनू तिवारी, सचिव राजेश्वरी रावत, महिला शाखा अध्यक्ष पुष्पा वैष्णव, मुख्य संयोजक हीरा बिष्ट, संयोजक सीता नेगी, उपाध्यक्ष हेमा बिष्ट, कमला चुफाल, रेनू अधिकारी, महासचिव सुनीता रावत, सचिव पुष्पा गैलाकोटी, सांस्कृतिक सचिव हरीतिमा पंत, शोभा पटवाल, मीना अधिकारी, त्रिलोचनी रावत, रेनू कांडपाल, पुष्पा राणा, हेमा डोबरियाल, प्रेमा त्रिपाठी, आशा बनौला, प्रेमा पाण्डेय एवं अरुणा उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उत्तराखंड की लोकपरंपरा, तीज की सांस्कृतिक विरासत और महिला शक्ति का सुंदर समागम देखने को मिला। सावन के उल्लास और तीज की पारंपरिक उमंग के बीच महिलाओं ने लोकगीतों एवं लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों से उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। हरियाली तीज उत्सव ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक जुड़ाव को अभिव्यक्त करने का सशक्त मंच प्रदान किया। साथ ही, आयोजन के माध्यम से उत्तराखंड की लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा मातृशक्ति को एकजुट करने का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया गया।

# संत और तीर्थ सुरक्षित नहीं रहेंगे तो हमारा समाज भी सुरक्षित नहीं रहेगा : सागर जी मुनिराज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर, आशियाना, लखनऊ में मेडिटेशन गुरु पूज्य उपाध्याय वीहसंत सागर जी मुनिराज के सान्निध्य में पूरे लखनऊ के जैन समाज के जैन मंदिरों की समितियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक एवं तीर्थ रक्षा संत सुरक्षा विषय पर विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगर हमारे संत एवं तीर्थ सुरक्षित नहीं रहेंगे तो हमारा समाज भी सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज संतों के साथ दुर्घटनाएं हो रही हैं, उन पर हमले हो रहे हैं तथा अनेक धार्मिक तीर्थों को सरकार द्वारा पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जा रहा है, वह आने वाले समय में असुरक्षा का बड़ा कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि तीर्थ हमारे समाज की पहचान और विरासत हैं। यदि तीर्थों को तीर्थ की मूल भावना से हटाकर पर्यटन स्थल बना दिया गया, तो वहां अन्य समाज के लोगों का आवागमन बढ़ेगा, जिससे तीर्थों की शुद्धता, धार्मिक वातावरण एवं उनके मूल महत्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए तीर्थों के संरक्षण और उनकी पवित्रता को बनाए रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूज्य उपाध्याय जी ने संत सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि संतों के आहार-विहार के समय समाज के अधिक से अधिक लोग उनके साथ रहें, ताकि उन्हें सुरक्षा प्रदान की जा सके तथा किसी भी दुर्घटना अथवा अप्रिय घटना से बचाव के लिए समय रहते सावधानी बरती जा सके। उन्होंने कहा कि संतों की सुरक्षा केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान तीर्थ संरक्षणी महासभा की पुस्तक का विमोचन कमल जैन रावका द्वारा पूज्य उपाध्याय जी के सान्निध्य में किया गया।

संक्षेप

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

जौनपुर। शाहगंज में बिजली का काम करते समय करंट की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। क्षेत्र के बड़ागांव में रविवार को यह दर्दनाक हादसा हो गया।यहाँ बिजली का काम करते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया।करंट के जोरदार झटके के कारण वह खंभे से नीचे गिर गया, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो बड़ागांव निवासी बिजली से संबंधित कार्य कर रहे थे, तभी यह दुखद हादसा हुआ। करंट की चपेट में आने के बाद वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गए, जो उनके लिए जानलेवा साबित हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें संभालने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।परिजनों में मचा कोहरामइस हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

## सड़क हादसे में दंपति की मौत

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के कालिंजर मोड़ के पास बोलेरो की चपेट में आ जाने से बुलेट सवार पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पति ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाशों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि पड़ोसी जनपद सुलतानपुर गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी रमेश गौतम उम्र लगभग 29 वर्ष पत्नी रीता देवी उम्र लगभग 35 वर्ष को साथ लेकर खेतासराय थाना क्षेत्र के शाहपुर में पत्नी के किसी रिश्तेदारी में मौत हुई थी उसी में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बदलापुर थाना क्षेत्र के कालिंजर मोड़ के पास तेज गति से जा रही बोलेरो वाहन की चपेट में आ गए जिसके चलते रीता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रमेश को जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई।मृतक दंपति के दो पुत्र हैं।

## पास्को में पुलिस ने करायी मुनादी, नोटिस चस्पा

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के महरूपुर गांव निवासी युवक के विरुद्ध आजमगढ़ पुलिस ने मुनादी करवाकर धारा 84 का नोटिस चस्पा किया।उक्त गांव निवासी अमन सिंह के विरुद्ध नाबालिग को भगाने तथा दुराचार का मुकदमा आजमगढ़ के बरदह थाने में दर्ज है। रविवार को थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी और बरदह थाना से आये उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद पटेल द्वारा गांव में व सार्वजनिक स्थानों पर से मुनादी कराई गई। वहीं, गांव के बाजार, मंदिरों आदि स्थानों पर उद्घोषणा करते हुए नोटिस चस्पा कराया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र अंतर्गत धरौरा गांव निवासी 65 वर्षीय शिवलोचन यादव पुत्र लौटू यादव की रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। या गया कि शिवलोचन यादव सुबह करीब आठ बजे शौच के लिए अपने घर के सामने रेलवे लाइन की पटरी पार कर रहे थे। इसी दौरान आनंद विहार से गाजीपुर सिटी जा रही सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन धरौरा गांव के पास पहुंची।जब तक शिवलोचन कुछ समझ पाते, वह ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।शिवलोचन यादव के एक ही पुत्र हैं सतीश यादव जो हैदराबाद में रोजी-रोटी के सिलसिले में रहकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तथा हल्का लेखपाल नरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## विवाहिता ने फंदा लगा कर दी जान

लालगंज, मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव में रविवार सुबह एक विवाहिता ने घर के अन्दर साड़ी का फंदा लगा कर लटक कर जान देदी। विवाहिता का शव घर के अंदर टीन शेड की पाइप में साड़ी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल में जुट गई। हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी चंदन की 24 वर्षीय पत्नी सुमन रविवार सुबह घर के अंदर टीन शेड की पाइप में साड़ी के फंदे से लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही घर में चीख पुकार मच गई।

# रसोइयों का मानदेय बढ़ा, सोनभद्र में खुशी की लहर



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले रसोइयों के मानदेय में 1हजार रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी की है। अब रसोइयों को 2 हजार के स्थान पर 3 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। सरकार के इस फैसले से सोनभद्र के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों में खुशी की लहर है।

सरकार ने रसोइयों के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता का भी ध्यान रखा है। इसके तहत रसोइयों को 5 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा यूनिफॉर्म के लिए 500 रुपये और ग्लव्स के लिए 400 रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। मानदेय में वृद्धि और अन्य सुविधाओं की घोषणा से रसोइयों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद में कुल 5900 रसोइया विद्यालयों में अपनी सेवा दे रही हैं। प्राथमिक विद्यालय दुरावलखुर्द, घोरावल की रसोइया अमरावती देवी ने कहा कि पइसा के तंगी के मारे हम महतारी-बहिन अक्सर आपन तबियत खराब होखी पर भी दर्द दबा के काम करत रहलीं। अब जब बिना पइसा के इलाज होखी, त समय रहते डॉक्टर के देखा लेब आ आपन जान बचा लेब। कंपोजिट विद्यालय डोरिहार, घोरावल की रसोइया लीलावती ने कहा कि पहिले अचानक केहू बेमार पड़त रहे त गहना-गुरिया बंधा धरे या सूद पर करजा लेवे के नौबत आ जात रहे। अब ई सरकारी सुविधा से हमनी के माथा से करजा के डर हमेशा खातिर खतम हो गइल। वहीं, कंपोजिट विद्यालय वीरमंदहा की रसोइया रामवती देवी ने कहा कि मानदेय बढ़ने से परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में कुछ और सहूलियत होगी। सरकार ने रसोइयों के सम्मान के साथ उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की भी चिंता की है।उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सभी रसोइया बहनें इस फैसले से खुश हैं।

## रसोइयों को समारोह में किया सम्मानित

जौनपुर। पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत कार्यरत रसोइयों के सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट के प्रेक्षागृह में किया गया। राज्यमंत्री ी गिरीश चन्द्र यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोरमा मौर्या जी, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अजीत प्रजापति, जिलाधिकारी श्री सैमुअल पाल एन सहित अन्य अधिकारीगण एवं रसोइया की उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना गया ।राज्यमंत्री ने कहा कि पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत कार्यरत रसोइया शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे विद्यालयों में बच्चों को अपने परिवार के बच्चों की तरह स्नेहपूर्वक एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराते हैं। पौष्टिक भोजन बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा यही बच्चे देश के भविष्य की मजबूत बुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि रसोइयों के स्वास्थ्य एवं कल्याण की चिंता करना सरकार की जिम्मेदारी है। कैशलेस चिकित्सा कार्ड की सुविधा मिलने से रसोइयों एवं उनके परिवारों को उपचार के दौरान आर्थिक कठिनाइयों से राहत मिलेगी। पूर्व में रसोइयों को 2,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाता था, जिसमें 1,000 की



वृद्धि करते हुए अब उन्हें 3,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। बताया कि रसोइयों को वर्ष में एक बार साड़ी/ड्रेस के लिए पूर्व में 500 की धनराशि दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब 1,000 कर दिया गया है।जिले कुल 8,325 रसोइया कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक रूप से 15 रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय के रूप में 3,000 की धनराशि का चेक एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किया गया। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने बताया कि रसोइयों को 5 लाख की सुरक्षा गारंटी एवं 2 लाख के बीमा कवर जैसी सुविधाओं से भी आच्छादित किया गया है।

## अधिक कीमत पर नहीं होनी चाहिए चीनी की बिक्री



जौनपुर । खाद्य एवं रसद विभाग की आपूर्ति व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी से लेकर उचित दर दुकानों, अन्नपूर्णा भवनों और चीनी के बाजार मूल्य तक पर डीएम ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।जनपद में कुल 8,45,215 राशन कार्डों में शामिल 34,88,572 लाभार्थियों में से 33,23,795 लाभार्थियों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। अब भी 1,64,777 लाभार्थियों की ई-केवाईसी लंबित है। डीएम ने इसे जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।जिले में 27 उचित दर की दुकानें रिक्त हैं। डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों और पूर्ति निरीक्षकों को नियमानुसार खुली बैठक कराकर 15 दिनों के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। वहीं 9 निलंबित उचित दर दुकानों के मामलों में भी शीघ्र निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई पूरी कराने को कहा। बैठक में निर्माणाधीन मॉडल शॉप और अन्नपूर्णा भवनों की भी समीक्षा की गई। 24 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। डीएम ने इनके नियमानुसार हस्तांतरण के बाद सितंबर 2026 के खाद्यान्न का उठान और वितरण सुनिश्चित कराने को कहा। इसके अलावा 33 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन निमार्णाधीन हैं और इनमें केवल फिनिशिंग का काम बाकी है। अधिकारियों को फिनिशिंग का कार्य एक सप्ताह में पूरा कराकर भवनों का हस्तांतरण कराने के निर्देश दिए गए। चीनी के भंडारण और बाजार मूल्य को लेकर भी डीएम ने सख्त रुख अपनाया। अधिकारियों को लगातार निगरानी, निरीक्षण और छापेमारी जारी रखने के निर्देश दिए गए।स्पष्ट कहा गया कि चीनी की बिक्री किसी भी स्थिति में निर्धारित मानक मूल्य से अधिक पर नहीं होनी चाहिए।

## निःशुल्क चिकित्सा व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

आजमगढ़। एसकेडी लोटस वैली स्कूल जहानागंज में भारत विकास परिषद, आजमगढ़ के तत्वावधान में रविवार को बृहद निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के एक हजार से अधिक मरीजों एवं नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान जरूरतमंद मरीजों की निःशुल्क पैथोलॉजी जांच कराई गई तथा चिकित्सकों की सलाह के अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। सुबह से ही शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही। बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं अन्य मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख रमेश कन्नौजिया, चेयरमैन सरफराज अहमद, मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सिंह तथा कार्यक्रम के संयोजक एवं एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन विजय बहादुर सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विजय बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ समाज के स्वास्थ्य और जनकल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

उन्होंने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, रवि गर्ग, राजेश, संदीप, गिरीश, गिरिराज तथा संरक्षक अशोक अग्रवाल सहित परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. अमन गर्ग, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. अंकित चंद अग्रवाल, डॉ. अमित चौधरी, डॉ. पूनम यादव, डॉ. शिवांगी अग्रवाल एवं डॉ. नेहा गुप्ता श्रीकांत सिंह सहित अन्य चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। विद्यालय परिवार के सदस्यों एवं सहयोगियों ने भी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक ही स्थान पर स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, पैथोलॉजी जांच तथा दवाएं निःशुल्क उपलब्ध होने से क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## भीम आर्मी की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

सोनभद्र। भीम आर्मी भारत एकता मिशन की सोनभद्र इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को राबर्ट्सगंज में संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाध्यक्ष संदीप बौद्ध मुख्य अतिथि के रूप में और संजय सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती, उसके विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करना था। मुख्य अतिथि ने संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने तथा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अरशद जमाल, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ, अधिवक्ता अमित रंजन, अधिवक्ता आर.वी. पटेल, शिव कुमार, ओबरा विधानसभा संयोजक किशन भारती और इंद्रदेव कनौजिया सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिवद्वार में जलाभिषेक करने डाक बम का जत्था रवाना



सोनभद्र। जिले के ऐतिहासिक विजयगढ़ दुर्ग स्थित रामसागर का पवित्र जल भरने के लिए रविवार सुबह से डाक बम काँवरियों का जत्था रवाना हुआ। घोरावल ब्लॉक के ढुटेर गांव से भी एक जत्था ह्यह्यबोल-बमह्यह्य और ह्यह्यहर-हर, बम-बमह्यह्य के जयघोष के साथ निकला। ये काँवरिये विजयगढ़ किले के रामसागर सरोवर से जल भरकर नंगे पांव दौड़ते हुए लगभग 70 किलोमीटर दूर घोरावल के शिवद्वार धाम पहुंचेंगे। उनका लक्ष्य सावन के अंतिम सोमवार को उमा-महेश्वर का जलाभिषेक करना है। डाक बम काँवरियों ने बताया कि उन्हें विश्वास है कि देवाधिदेव महादेव की कृपा और आशीर्वाद से उनकी यह धावक यात्रा उत्साहपूर्वक सफल होगी।इस जत्थे में अरविन्द मौर्य, रितेश कुमार कनौजिया, सुधीर, दीपक पटेल, अभिषेक मौर्य, परिवेश यादव, शीतल मौर्य, रीतल मौर्य, अनिश पटेल, राजन मौर्य, अमन और सुजीत सहित कई अन्य श्रद्धालु शामिल हैं।

## फलदार पौधों से किसानों की आय बढ़ाने की पहल

म्योरपुर(सोनभद्र) स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत बभनडीहा में रविवार को किसानों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को फलदार पौधों का वितरण किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं बीएचयू के कृषि वैज्ञानिक डॉ. रामस्वरूप मीणा के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बभनडीहा, भलुही और बलियरी गांव के किसानों को आम, अमरूद, नींबू और अनार के 100 पौधे वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मालदा प्रजाति के आम, ताइवान व इलाहाबादी प्रजाति के अमरूद, कागजी नींबू तथा ग्राफ्टेड अनार के पौधे किसानों को दिए गए। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि उचित देखभाल और पोषण मिलने पर इन पौधों में करीब तीन वर्ष से फल मिलना शुरू हो सकता है। समय के साथ



उत्पादन बढ़ने से किसानों को घरेलू उपयोग के साथ अतिरिक्त आय का भी साधन मिलेगा।

फील्ड वर्कर रामाशंकर ने किसानों को पौधरोपण की सही विधि, पौधों के बीच उचित दूरी, पोषण और नियमित देखभाल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह परिवार के प्रत्येक सदस्य की देखभाल जरूरी होती है, उसी तरह पौधों की भी नियमित देखरेख करनी चाहिए। इससे बेहतर फल उत्पादन के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान संत कुमार बभनडीह और ग्राम प्रधान उमेश कुमार बलियरी ने किसानों को पौधों का वितरण किया। इस दौरान महिपत सिंह, रामसिंह, रामसरन, लालचंद, शांति, राजकुमारी समेत करीब 60 किसान मौजूद रहे।

## युवा ही करेगा देश का प्रतिनिधित्व : रामाशीष



मीरजापुर। नगर के लालडिग्गी पार्क स्थित साईं मण्डपम में रविवार को युवा भारत उत्तर प्रदेश पूर्व की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में हरिद्वार से पधारे योग गुरु स्वामी रामदेव के परम शिष्य केंद्रीय प्रभारी रामाशीष ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी के साथ-साथ राज्य कार्यकारिणी टीम व मीरजापुर के समस्त पदाधिकारियों, सहयोगियों द्वारा उन्हें माता विंध्यवासिनी की प्रतिमा एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुरूआत केंद्रीय प्रभारी रामाशीष ने पावन ओमकार मंत्र के एवं गायत्री मंत्र के साथ कराते हुए युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि युवा भारत युवाओं को निर्णय और नए नेतृत्व का क्षमता व अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा की आज देश में लाखों युवाओं का जीवन बिखरा हुआ है, हमारे देश का युवा नशे का व्यसन का और दुर्व्यसन का शिकार हो रहा है, जिसके कारण युवाओं का भविष्य अंधकार में पड़ा हुआ है, इन युवाओं को योग, प्राणायाम एवं आयुर्वेद से जोड़कर उनके जीवन का शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास बहुत जरूरी है, क्योंकि भारत में सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की है और जब युवा अपने जीवन में प्रतिदिन योग संतुलित आहार एवं आयुर्वेद को अपने दिनचर्या का हिस्सा बना लेगा तो उसका जीवन पूर्ण रूप से स्वस्थ व निरोग होगा और यह भारत लिए जरूरी है क्योंकि युवा ही भारत का भाग्य विधाता हैं। इस अवसर पर राज्य प्रभारी योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने कहा कि बैठक का प्रमुख उद्देश्य संगठन के कार्यों की समीक्षा, आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श तथा प्रत्येक जिले में संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए पदाधिकारी के साथ-साथ कार्यकताओं की भूमिका और जिम्मेदारियों की समीक्षा दृष्टिकोण से संगठन में निरंतरता के साथ नए युवाओं को आगे आने और नेतृत्व का अवसर देकर योग और आयुर्वेद के माध्यम से लोगों की दिनचर्या, रात्रिचार्य एवं ऋतुचार्य को बेहतर बनाने के लिए अपनी सेवाएं दे सकें एवं स्वस्थ समाज की निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अश्वनी कुमार पांडेय ने कहा कि प्रत्येक जिले तथा राज्य स्तर पर ऐसे ऊजार्वान, समर्पित और सेवाभावी युवाओं को जिम्मेदारी से बड़ा कार्य होगा जो योग सेवा संस्कार और राष्ट्र निर्माण के कार्य को नई गति दे सकें। इस अवसर पर योग गुरु योगी भोला नाथ, जिला प्रभारी प्रवीण मौर्य, सुरेश यादव, सोमेश्वरपति त्रिपाठी, राकेश वर्मा, अनिल कुमार मौर्या, कोमल अग्रहरि, रवि कुमार मंगलम, अभिषेक शर्मा, मनजीत आदि विभिन्न लोगों की उपस्थिति रही।

## लेखपालों ने दिया धरना

सोनभद्र। अयोध्या में एक साथी की खिलाफ हुई एंटी करप्शन कार्रवाई के विरोध में जनपद सोनभद्र की चारों तहसीलों में लेखपालों ने कामकाज ठप कर धरना देकर अपनो विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौप कर निष्पच्छ जांच की मांग किया। घोरावल तहसील में शनिवार को लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया। तहसील समाधान दिवस का बहिष्कार करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। तहसील अध्यक्ष गोपेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित धरने के दौरान लेखपालों ने इस कार्रवाई को अनैतिक और सुनियोजित बताते हुए आरोप लगाया कि एंटी करप्शन टीम ने उनके साथी को कथित तौर पर गलत तरीके से फंसाकर गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से राजस्व कर्मचारियों में भय का माहौल है और उनका मनोबल प्रभावित हो रहा है। अंत में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई घोरावल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी विशाल कुमार को सौंपा। जिसमें सोहावल अयोध्या के लेखपाल उत्कर्ष दीप के प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा वास्तविकता सामने लाने और गिरफ्तारी की कार्यवाही वापस लाने के साथ ही निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## वैन हादसे में एआरटीओ सहित दो को नोटिस

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में स्कूली बच्चों को ले जा रही वैन और बस की टक्कर के मामले में शासन ने कड़ा रुख अपनाया है। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेंद्र कुमार और यात्री/मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। यह कार्रवाई अनफिट वैन के अवैध संचालन और प्रवर्तन कार्य में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में की गई है।वाहन पोर्टल और प्राथमिक जांच रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि दुर्घटनाग्रस्त वैन का फिटनेस प्रमाण-पत्र 1 जनवरी 2020 को ही समाप्त हो चुका था। यह निजी श्रेणी का वाहन पिछले छह वर्षों से अधिक समय से बिना किसी वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र व आवश्यक परमिट और सुरक्षा मानकों के अवैध रूप से स्कूली बच्चों के परिवहन में इस्तेमाल हो रहा था। परिवहन विभाग और परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों के तर्कों को पूरी तरह से असंतोषजनक मानते हुए खारिज कर दिया। शासन ने स्पष्ट किया कि यदि छह वर्षों से बिना फिटनेस संचालित हो रहे वाहनों के खिलाफ समय रहते सघन प्रवर्तन कार्रवाई की गई होती तो इस दुर्घटना को रोका जा सकता था। यह हादसा गुरुवार सुबह लगभग आठ बजे धरमपुर में हुआ था। स्थानीय पुलिस और प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। हालांकि, दोनों अधिकारियों द्वारा दोपहर 12: 45 बजे तक यानी दुर्घटना के लगभग पांच घंटे बाद भी प्राथमिक रिपोर्ट मुख्यालय को प्रेषित नहीं की गई थी।

## देवरांचल में शिक्षा, स्वास्थ्य और तहसील की मांग को मिल रहा समर्थन

आजमगढ़। गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के देवरांचल में शिक्षा, स्वास्थ्य और तहसील की स्थापना समेत मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर देवारा विकास सेवा समिति की ओर से चलाए जा रहे आंदोलन को युवा समाजसेवी दिनेश यादव ने समर्थन दिया है। उन्होंने इन मांगों को क्षेत्रवासियों की बुनियादी जरूरत बताते हुए देवरांचल के विकास के लिए सुविधाओं को जरूरी बताया। दिनेश यादव ने कहा कि देवरांचल के ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है।इससे लोगों को समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास की पहली सीढ़ी है, जबकि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं ग्रामीणों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने तहसील की स्थापना की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यों के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। क्षेत्र में तहसील की स्थापना होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और प्रशासनिक सेवाओं की पहुंच भी आसान होगी। युवा समाजसेवी ने कहा, यह लड़ाई मेरी अपनी लड़ाई है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी इन मांगों के लिए वह देवारा विकास सेवा समिति और क्षेत्रवासियों के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के सभी वर्गों से विकास की इस आवाज में सहभागिता की अपील की। देवारा विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रामकेदार यादव ने दिनेश यादव के समर्थन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और तहसील की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ शासन-प्रशासन तक आवाज पहुंचाई जाएगी। दिनेश यादव के समर्थन के बाद देवरांचल में इन मांगों को लेकर आंदोलन और चर्चा तेज होने की बात कही जा रही है।

## मीरजापुर में पकड़ा गया संदिग्ध बांग्लादेशी युवक



मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर रेलवे स्टेशन से महत्वपूर्ण ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन से बांग्लादेशी युवक की गिरफ्तारी ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर RPF EUÔ GRP की संयुक्त सतर्कता से गाड़ी संख्या 15658 ब्रह्मपुत्र मेल से शनिवार को रात एक संदिग्ध विदेशी नागरिक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान 23 वर्षीय मोहम्मद रियाज अहमद, निवासी हाबीगंज, बांग्लादेश के रूप में हुई है।छानबीन के दौरान उसके पास भारत में प्रवेश एवं निवास से संबंधित कोई वैध पासपोर्ट, वीजा अथवा अन्य दस्तावेज नहीं मिला है ना ही वह कोई ठोस जानकारी दे पाया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए LIU, ATS एवं IB को भी अवगत कराया गया है। आवश्यक जांच के उपरांत आरोपी को थाना जीआरपी मीरजापुर के सुपुर्द किया गया, जहां मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों के मुताबिक आरपीएफ एवं जीआरपी मीरजापुर की सतर्कता और प्रभावी चेकिंग से समय रहते संदिग्ध विदेशी नागरिक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

## एक माह बाद भी किशोरी को बरामद नहीं कर पायी पुलिस

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र से दुबार कला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। घटना को एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक किशोरी को बरामद नहीं कर पाई है। विधवा मां बेटी को बेच दिए जाने की आशंका से परेशान हैं, परिवार गहरे सदमे में है। लालगंज पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर 16 जुलाई को अपहरण का मामला दर्ज किया था। इसके बाद से पुलिस लगातार मामले की जांच और किशोरी की तलाश में जुटी है। पीड़ित परिवार ने अपनी नाबालिग बेटी की बरामदगी के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन की मदद के लिए भी ध्यान आकर्षित कराया है। दुबार कला पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव की यह पंद्रह वर्षीया किशोरी अपने घर से बहला-फुसलाकर भगाई गई थी, जिसका लोकेशन मुंबई मे होने की लोग दबी जुबान चर्चा कर रहे हैं, इसमें सच्चाई जो भी हो। किशोरी की मां सीता देवी बेहद परेशान हैं। उनके पति का पहले ही निधन हो चुका है और परिवार में कोई अन्य बालिग सदस्य न होने के कारण उनकी चिंता और बढ़ गई है। लालगंज के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर कई बार दबिश दी है, लेकिन अभी तक नाबालिग किशोरी और आरोपी लड़के का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस लगातार संभावित स्थानों पर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## कजली की धून पर झूमा शहर

मीरजापुर। लोक संस्कृति संरक्षण केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कजली मल्हार उत्सव का भव्य और रंगारंग आयोजन सम्पन्न हुआ। सावन की काली घटाओं के बीच कजरी की मधुर तानों ने पूरे नगर को लोक संगीत में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, जिलाध्यक्ष भाजपा लालबहादुर सरोज, कुलपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट प्रोफेसर शिशिर पाण्डेय एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम केशरी व अष्ट कौशल महंत डा योगानंद गिरी महाराज बूढ़े नाथ मंदिर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में लगभग 40 से अधिक लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं कु. सिद्धिका, अनुश्का व वैभवी ने कजली लोकगीत नृत्य कर लोगों को अपनी तरफ आकर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथियों को जिला सूचना अधिकारी द्वारा ओमप्रकाश उपाध्याय ने पुष्प गुच्छ, मोमेण्टो व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि कजरी केवल एक गीत नहीं, बल्कि पूर्वांचल की आत्मा है। उन्होंने कहा कि सावन में जब महिलाएं झूला झूलते हुए कजरी गाती हैं तो उसमें विरह, प्रेम और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मीरजापुर तो कजली की जन्मभूमि है, ऐसे आयोजनों से हमारी युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि लोक कलाओं को बढ़ावा दिया जाए। लोक संस्कृति संरक्षण केन्द्र का यह प्रयास सराहनीय है कि वह कजरी जैसी लुप्त हो रही विधा को मंच दे रहा है। सरकार लोक कलाकारों




के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय ने कहा कि कजरी में भक्ति रस भी है। राधा-कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कजरी में बड़े ही सुंदर ढंग से होता है। यह विधा साहित्यिक दृष्टि से भी बहुत समृद्ध है। प्रेमघन जी ने भी कजली को साहित्य में स्थान दिया था। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कहा कि पालिका ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को हमेशा सहयोग देती रहेगी। मीरजापुर को कजरी महोत्सव के नाम से भी जाना जाना चाहिए। इस कजली मल्हार उत्सव का मुख्य आकर्षण लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां रहीं। मंच पर एक के बाद एक 44 से अधिक कलाकारों ने अपनी कजली गायन से समां बांध दिया। गायक कलाकारों में पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, नवीन उपाध्याय, सुधानन्द महराज, वैभव पाण्डेय, रानी सिंह, रागिनी चन्द्रा, कल्पना गुप्ता, गणेश गुप्ता, पतालू यादव, आनन्द देवा, शान्ति निशाद, संजय सुरीला, संजीव तिवारी, शिवलाल गुप्ता, देवी मौर्या, मनोज शर्मा, जटाशंकर चैलर, राजेन्द्र बिन्द भदोही, ब्रह्मदेव गौतम जनपद भदोही, रामआशीष भदोही, अशोक यादव, रामलखन, शैला श्रीवास्तव, भानुप्रताप सिंह गाजीपुर, रामधनी चुनार, राजेष यादव चुनार,एवं आयोजिका ऊशा गुप्ता सहित अन्य कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुती दी।

संक्षेप

## होलीगेट चौराहे पर लावारिस बैग मिलने पर अफरा-तफरी

**मथुरा**। होली गेट चौराहे पर रविवार को दोपहर करीब 1 बजे सड़क किनारे एक काले रंग का लावारिस बैग मिलने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना थाना कोतवाली पुलिस को दी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही होली गेट चैकी प्रभारी सनोज शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एहतियात के तौर पर लावारिस बैग को अपने कब्जे में लिया और उसकी जांच शुरू की। बैग की तलाशी लेने पर उसमें केवल कपड़े रखे हुए मिले। बैग के अंदर कोई भी संदिग्ध या खतरनाक वस्तु नहीं पाई गई। पुलिस की जांच के बाद स्थिति सामान्य हुई।

## ट्रांसफार्मर चोरों को लगा करंट, एक की मौत, तीन भागे

**मथुरा**। सौंख कस्बा निकटवर्ती लोरिया पट्टी गांव में बीती रात ट्रांसफार्मर गिराकर उससे चोरी करने का प्रयास करते एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। इसके अन्य साथियों को भी करंट लगा है, लेकिन वह मौके से भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान अलीगढ़ के गिरधरपुर गांव निवासी के रूप में हुई है। मगोर्रा थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोरिया पट्टी गांव में ढाई-तीन के बजे के बीच ट्रांसफार्मर से चोरी करने के प्रयास में उससे लगी ग्यारह हजार केवीए की विद्युत लाइन को अलग कर दिया और इसी बीच ट्रांसफार्मर को खोलने का प्रयास करते समय विद्युत केबिल विद्युत केबिल ट्रांसफार्मर पर आ गिरी, जिसके करंट से चोरी का प्रयास करने वाले लोगों की चीख पुकार मच गई। इसे सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां एक तड़फता हुआ चोर दिखाई दिया। जब तक उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच उसने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार उसकी पहचान अलीगढ़ जनपद के गिरधरपुर गांव निवासी अजय यादव (32) पुत्र कुंवरपाल के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर मगोर्रा अजय कुमार ने बताया कि अब तक की जांच पड़ताल में सामने आया है कि चोरों की संख्या लगभग 4 थी। उनमें से एक दो अन्य लोगों को भी करंट लगा, लेकिन वह चीखते हुए मौके से भाग निकले। घटना की सूचना पुलिस द्वारा मृतक चोर के परिजनों को दे दी गई।

## श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज को शुद्ध पेयजल की सौगात

**मथुरा**। अभय चरण फाउंडेशन, वृंदावन की ओर से रेवतीबेन नानजीभाई रामोलिया के सहयोग से श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज, दलौता के विद्यार्थियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ जल शुद्धिकरण मशीन भेंट की गई। आरओ मशीन की सौगात मिलने पर विद्यार्थियों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन नर नारायण दास, उप चेयरमैन केशव जेना तथा सदस्य सुंदर कृष्ण दास और उज्ज्वल ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दूषित पानी अनेक बीमारियों का कारण बन सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पानी के उपयोग के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

# 1.25 करोड़ का अवैध गांजा बरामद, 5 तस्कर गिरफ्तार



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)**। जनपद के थाना फरह क्षेत्र के दक्षिणी बाईपास रैपुराजाट पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स आगरा यूनिट और थाना फरह पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करों के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए 250 किलोग्राम (ढाई क्विंटल) अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से 5 शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रेलर ट्रक और एक बलेनो कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

मामले का खुलासा करते हुए सीओ रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी, नारकोटिक्स आगरा टीम के सीओ उमेश पवार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि ओडिशा नंबर का एक ट्रक मथुरा होते हुए गांजे की खेप लेकर अलीगढ़ जा रहा है। रविवार दोपहर दो बजे फरह पुलिस के साथ घेराबंदी कर एक ट्रक को रैपुराजाट के समीप रोका। तलाशी लेने पर जैविक खाद की बोरियों के पीछे छिपा 2.51 कुंतल गांजे के 52 पैकेट बरामद हुए। पुलिस ने ट्रक चालक जयंतो निवासी फायर स्टेशन कॉलोनी हटपदा कालीमेला थाना कालीमेला जिला मलकानगिरी ओड़िसा को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान ट्रक के पीछे चल रही बलेनो कार में सवार गांजा तस्करों को भी पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम विद्युत निवासी मुहल्ला एमवी-15 मलकानगिरी थाना व जिला मलकानगिरी ओड़िसा, हरविंदर कुमार निवासी लक्ष्मनगढ़ी थाना खैर जिला अलीगढ़, अभिजीत निवासी शिवधाम कॉलोनी खैर बाईपास रोड थाना रोरावर जिला अलीगढ़ और ललित कुमार उर्फ कालू निवासी मोरैना थाना गभाना जिला अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया। बरामद गांजे की कीमत करीब सवा करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने ट्रक और कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है। कार्रवाई के दौरान मास्टर माइंड मुकुल फरार हो गया है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। मथुरा सीओ रिफाइनरी ने बताया पूछताछ में इन तस्करों ने उड़ीसा से मादक पदार्थ लाकर जनपद अलीगढ़ की ओर तस्करी करने की बात स्वीकार की है। सराहनीय कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम एएनटीएफ आगरा यूनिट टीमरू निरीक्षक हरवेन्द्र मिश्रा (प्रभारी एएनटीएफ यूनिट आगरा) उनि गौरव शर्मा मुआ सुधीर कुमार मुआ0 अजीत कुमार मु0आ0 आशीष शुक्ला आदि की अहम भूमिका रहीं।

## खनन रोकने गयी टीम पर पथराव गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा**। रिफाइनरी टाउनशिप क्षेत्र कोटी नवील बदनपुर गांव से मिटटी का खनन कर बरेली-जयपुर एक्सप्रेस वे से लौटते तीन ट्रैक्टरों को खनन विभाग की टीम ने रोकने का प्रयास किया तो ट्रैक्टरों पर सवार लोगों ने टीम पर जानलेवा हमला करते हुये उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। यहीं नहीं खनन विभाग की टीम पर पथराव किया गया। जब इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को थाने ले जाया जा रहा था तब ट्रैक्टर पर सवार होमगार्डकर्मी को जबरन उतारकर आरोपी ट्रैक्टर का भको लगाया दो टर मिटटी से भरे पुलिस के सुपुर्द किये गये हैं। खनन निरीक्षक ने एक दर्जन नामजद व 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

जानकारी आयी है कि इस हमले में एक होमगार्डकर्मी को चोट भी आयी है लेकिन पुलिस ने इससे इंकार किया है। टाउनशिप क्षेत्र के करनावल मदनपुर गांव से मिटटी खनन की जानकारी मिलने पर खनन निरीक्षक सुभाष सिंह अपनी टीम के साथ बरेली-जयपुर हाईवे से निकल रहे थे तभी उन्होने मिटटी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली आते देखे, जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो इन पर सवार लोगों ने खनन विभाग की गाड़ी में टक्कर मारते हुये पथराव शुरू कर दिया। बाद में जैसे-तैसे खनन निरीक्षक और विभाग की टीम ने अपनी जान बचाई और तीन ट्रैक्टरों को पुलिस की जैसे-तैसे जान बचाकर भागी टीम, होमगार्ड को फेंककर सुपुर्दगी में लिये ट्रैक्टर को जबरन ले गये माफिया सुपुर्दगी के लिये ले जाने लगे। इसी बीच रास्ते में 25-30 अज्ञात लोगों ने पथराव करएक ट्रैक्टर पर सवार होमगार्डकर्मी कमल सिंह को धक्का देकर नीचे उतार दिया और ट्रैक्टर भगा ले गये। जबकि दो ट्रैक्टर पुलिस की सुपुर्दगी में दिये गये हैं। खनन निरीक्षक सुभाष सिंह ने इस मामले में भूरा पटवा, सुनील, सुभाष, संतोष, ब्रजेश, भल्लू, कोहतेश, लवकुश, सतीश, विष्णु, बबलू, रिंकू व 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, जान से मारने की नीयत से हमला करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

**खनन निरीक्षक ने एक दर्जन नामजद व 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है**

## डीएम ने जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**फिरोजाबाद**। जिले में संचालित शैक्षणिक व आवासीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बच्चों के बीच पहुंचकर न केवल उनकी दैनिक दिनचर्या और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, पठन-पाठन के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने मेस में तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता साफ-सफाई और मेन्यू के अनुसार भोजन वितरण जैसे पूरी, सब्जी, पनीर आदि की जांच की। साथ ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी परखी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सहित जिले के अन्य कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं नवोदय विद्यालयों में छात्रों के रहने की उत्तम व्यवस्था और परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिए, जिलाधिकारी ने कहा कि यदि विद्यालय परिसर या भवन के ऊपर से बिजली के ढीले खुले तार गुजर रहे हैं, तो उन्हें तत्काल हटवाने और जर्जर भवनों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाए।परिषदीय व अन्य विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के सभी मानकों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा अध्ययन के लिए उचित वातावरण बनाए रखने पर बल दिया गया। संवाद के दौरान बच्चों ने व्यवस्थाओं और भोजन पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इस प्रकार के निरीक्षण निरंतर जारी रहेंगे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सीएम के मथुरा आने की संभावना

**मथुरा**। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा आने की संभावना है। प्रशासनिक स्तर पर मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। संभावना है कि मुख्यमंत्री तीन सितंबर की सुबह मथुरा पहुंचेंगे और दो दिन जिले में रहेंगे। जानकारी के अनुसार तीन सितंबर को वह मथुरा-वृंदावन के साधु-संतों से भेंट करेंगे और बरसाना में श्रीराधा रानी का आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद चार सितंबर को जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण भगवान के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने की कवायद तेज कर दी है। जन्माष्टमी पर मथुरा-वृंदावन में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत और श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाएं पुख्ता रहेंगी।

# रसोइयों को मानदेय बढ़ोतरी, 5 लाख के कैशलैस इलाज की सुविधा मिली



**फिरोजाबाद**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच और प्राथमिकता समाज के हर वर्ग और सामुदायिक की सुरक्षा व कल्याण से जुड़ी है, वह चाहते हैं कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से पूरी तरह सुरक्षित रहे और आर्थिक रूप से सशक्त बने।

इसी क्रम में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सेवारत रसोइयों को 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का उपहार प्रदान किया गया। जनपद में मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सदर विधायक मनीष असीजा, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मेयर कामिनी राठौर की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी उपस्थित अधिकारियों व रसोइयों द्वारा देखा गया, जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कुल 4006 रसोईया अपनी सेवाएं दे रही हैं, शासन द्वारा उनके स्वास्थ्य, आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 5 लाख रूपए के कैशलेस इलाज के अलावा उनके मानदेय को रुपए 2000 से बढ़ाकर 3000 किया गया है। प्रत्येक रसोइयों को साड़ी क्रय करने के लिए प्रति वर्ष 500 की जो धनराशि मिलती थी उस राशि को बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है तथा भोजन पकाने में स्वच्छता एवं हाइजीन सुनिश्चित करने हेतु सभी रसोइयों को प्रति वर्ष अप्रिन, ग्लव्स कैप उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा बिना किसी प्रीमियम के किसी भी दुर्घटना की स्थिति में परिवार को रुपए दो लाख की आर्थिक सहायता एवं बीमा कवर मिलेगा, जो एक बड़ी सामाजिक सुरक्षा गारंटी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि रसोईया हमारे बच्चों के लिए खाना बनाती है, यह उसी प्रकार है, जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों को स्नेह और दुलार से खाना खिलाती हैं और उनके पोषण का ध्यान रखती हैं, इसलिए आज इन्हें हम इस अवसर पर मातृ शक्ति सेविका नाम देते हैं। जिलाधिकारी ने रसोइयों को मिली सुविधाओं को सरकार की ओर से रक्षाबंधन का एक बड़ा उपहार बताया है। इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि जिस प्रकार से यशोदा मइया ने भगवान कृष्ण का लालन-पालन अपनी संतान की तरह किया, इसी प्रकार विद्यालय की रसोइया बहने भी मासूम बच्चों को अपनी संतान मानकर भोजन तैयार करती हैं। विधायक ने इस अवसर पर रसोइयों बहनों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा की रसोई में किसी बाहरी या असामाजिक व्यक्ति को प्रवेश न करने दे। उन्होंने रसोइयां बहनों के मानदेय और सुविधाओं में भविष्य में और सुधार होने का विश्वास जताया तथा तीज त्योहार पर उनके सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था करने की बात कही। इस अवसर पर मेयर कामिनी राठौर ने भी अपने उदगार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना 5 लाख का कैश कार्ड सम्मानित होने वाली मुख्य रूप से लाभार्थी रसोइयों में मंजू देवी फिरोजाबाद, मिथिलेश यू.पी.एस. जरौली खुर्द, प्रीति पी.एस.लहरऊ, मदनपुर, सरला देवी कंपोजिट एका, राममूर्ति सीएस.दखिनारा, शिकोहाबाद एवं अनीता देवी यूपीएस सूरज, टूंडला को योजना के कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किए गए।इस अवसर पर मानदेय वृद्धि में विष्णु कांत खैरगढ़, पी.एस. खैरगढ़-2 एवं सुनीता देवी नारखी, पी.एस.रामपुर सहित अन्य रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय 3,000 से आच्छादित किए जाने संबंधी विवरण प्रस्तुत किया गया।

## चोरी के एसी तांबे के तार व 4240 रुपये समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**टूंडला**। थाना टूंडला पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एसी के 3.29 किलोग्राम तांबे के तार और चोरी के तार बेचकर प्राप्त 4240 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना टूंडला पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए रेस्ट कैंप में खाली पड़े खंडहर के पास से चोरी के मुकदमें में वांछित दो अभियुक्तों निरहुआ पुत्र कल्लू और नाजुक पुत्र रवि को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी निरहुआ मूल रूप से गल्ला मंडी दारागंज चुंगी प्रयागराज का रहने वाला है और वर्तमान में टूंडला क्षेत्र में नगला रामकिशन के सामने झुग्गी-झोपड़ी में रह रहा था। वहीं दूसरा आरोपी नाजुक मूल रूप से ऊंचाहार रोड मिनी स्टेडियम सलोन देहात रायबरेली का निवासी है और वर्तमान में टूंडला में रह रहा था।आरोपियों के कब्जे से 3.29 किलोग्राम एसी के तांबे के तार तथा चोरी के तारों को बेचकर प्राप्त 4240 रुपये बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह उपनिरीक्षक प्रशान्त कुमार, कांस्टेबल मोहन सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार और आशीष राजपूत शामिल रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद**। थाना नारखी पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। रविवार को थाना नारखी पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में महिला संबंधी अपराधों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी मयंक कुमार पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी मुईनउद्दीनपुर थाना नारखी को ब्रह्मदेव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राकेश कुमार गिरी, उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह, रिक्रूट आरक्षी निर्मित कुमार तोमर और रिक्रूट आरक्षी आफताफ सैफी शामिल रहे।

# अखिल भारतीय जाट महासभा के नये पदाधिकारी घोषित



**मथुरा**। अखिल भारतीय जाट महासभा मथुरा की एक महत्वपूर्ण बैठक गांव सूरज (राया) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दर्याव सिंह प्रधान ने की, जबकि सफल संचालन हरिओम चौधरी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय जाट महासभा मथुरा के जिला अध्यक्ष राजेश चैधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव शिवराज सिंह हिंडोल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों का पटुका पहनाकर भव्य स्वागत किया।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने समाज की एकता और मजबूती पर विशेष बल दिया। संगठन के विस्तार और समाज में जागरूकता लाने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए दर्याव सिंह ने जाटों के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जाटों ने मुगलों और अंग्रेजों की अधीनता कभी स्वीकार नहीं की और हमेशा संघर्ष किया।

जिला उपाध्यक्ष सुभाष चौधरी ने युवाओं को समाज के इतिहास से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष राजेश चैधरी ने कहा कि आगामी चुनाव में संगठन उसी का समर्थन और सहयोग करेगा, जो जाट समाज के हितों की बात करेगा। महासभा सक्रिय रूप से समाज हित में कार्य करने वाले प्रत्याशियों का साथ देगी। जिला मुख्य महासचिव राजवीर नौहवार ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया और दहेज प्रथा व मृत्यु भोज जैसी प्रथाओं को पूरी तरह बंद करने का आग्रह किया। हरिओम चैधरी ने समाज के उत्थान और विकास के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। संगठन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए बैठक में दर्याव सिंह जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चैधरी जिला महासचिव हरिओम चैधरी जिला सचिव आशीष चैधरी युवा अध्यक्ष, चंद्रशेखर युवा ब्लॉक अध्यक्ष, राया नियुक्ति किया गया है। इस अवसर पर सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष कैप्टन विक्रम सिंह, समाजसेवी दिगंबर सिंह, अधिवक्ता उमाशंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वृंदावन में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने किए बांके बिहारी के दर्शन

**मथुरा**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह-प्रभारी कुणाल चैधरी ने वृंदावन पहुंचकर ठाकुर श्रीबांकेबिहारी जी महाराज के दर्शन किए और देश-प्रदेश में सुख, शांति तथा भाईचारे की कामना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए सत्तापक्ष पर जमकर निशाना साधा और बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर तथा मंदिर के प्रस्तावित अधिग्रहण का पुरजोर विरोध किया। कुणाल चैधरी ने कहा कि वृंदावन केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज धर्म को सत्ता प्राप्ति का जरिया बनाया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने राम मंदिर चंदे में पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं और जनता द्वारा दिए गए दान का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए। प्रस्तावित कॉरिडोर और मंदिर अधिग्रहण की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेता ने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि विकास के नाम पर ब्रजवासियों के रोजगार, घर, दुकान और यहां की पौराणिक विरासत को नष्ट नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मांग की कि सरकार को कोई भी कदम उठाने से पहले मंदिर से जुड़े सभी हितधारकों और स्थानीय नागरिकों के साथ सीधी बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर संवैधानिक स्तर तक कड़ा संघर्ष करेगी। इस अवसर पर पूर्व सीएलपी नेता प्रदीप माथुर, जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर, शहर अध्यक्ष यतेंद्र मुकद्दम, सोहन सिंह सिसोदिया, दीपक पाराशर, कुंवर सिंह निषाद, प्रकाश शर्मा, अजय शर्मा और आशीष अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत ने मथुरा में दी राजेंद्र सिंह सिकरवार को श्रद्धांजलि



**मथुरा**। केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चैधरी रविवार दोपहर करीब 12 बजे मथुरा पहुंचे। यहाँ उन्होंने आरएलडी के पूर्व जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह सिकरवार के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान जयंत चैधरी ने स्व. सिकरवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और पार्टी संगठन तथा समाज के लिए उनके अमूल्य योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए जयंत चैधरी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा एनडीए गठबंधन और सहयोगी दलों की सीटों को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि नेताओं को राजनीति में अपनी मयार्दा और गंभीरता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, राजनीति में यह समय मजाक का नहीं है। देश और प्रदेश के सामने कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, इसलिए विपक्षी दलों को जनहित और विकास से जुड़े विषयों पर गंभीरता से अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने नेताओं को अनावश्यक बयानबाजी और अनर्गल टिप्पणियों से बचने की सलाह भी दी। आरएलडी प्रमुख ने एनडीए गठबंधन को लेकर कहा कि गठबंधन पूरी तरह मजबूत है और सभी सहयोगी दल आपसी समन्वय के साथ पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए के घटक दल जनसेवा और प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। जनता सब देख रही है और वह भली-भांति जानती है कि कौन गंभीरता से धरातल पर काम कर रहा है और कौन केवल बयानबाजी तक सीमित है। इस शोक सभा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आरएलडी के कई वरिष्ठ नेता, स्थानीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामलीला के 'रावण सरकार' गिर्राज सिंह का निधन

**मथुरा**। कस्बा चैमुहाँ की प्राचीन रामलीला में अपनी दमदार आवाज, और शानदार अभिनय से रावण के किरदार को जीवंत करने वाले प्रसिद्ध रामलीला कलाकार एवं समाजसेवी गिर्राज सिंह का शनिवार को 60 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। रामलीला प्रेमियों और कस्बावासियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कस्बे की रामलीला में गिर्राज सिंह के रावण के किरदार की अपनी अलग पहचान थी। लोग उन्हें प्यार से ह्यरावण सरकारह्न के नाम से जानते थे। जब वह मंच पर रावण का अभिनय करने के लिए उतरते थे तो उनके संवाद, हाव-भाव और दमदार आवाज दर्शकों को बांध लेती थी। उनके अभिनय को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग रामलीला मैदान पहुंचते थे। कस्बावासियों का कहना है कि रामलीला में गिर्राज सिंह जैसा रावण का अभिनय शायद ही कोई कर सके। जब वह अभिनय करने उतरते थे तो उनके संवाद हाव - भाव और दमदार आवाज दर्शकों को बांध लेती थी अभिनय के साथ वह सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते थे और

जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते थे। सरल, सहज और सौम्य स्वभाव के गिर्राज सिंह ने अपने व्यवहार से भी लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। उनके निधन पर प्रेमचंद शर्मा, कारे बाबा, बिहारी राम पहलवान , ज्वाला सिंह, पप्पू सिंह, पूरन सिंह उर्फ.बिहारीलाल, अनिल अग्रवाल, सत्यनारायण, भरत मोहन भारद्वाज, राजू, अवधेश, सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# डीएम ने किया अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल व अटल वन का निरीक्षण



**फिरोजाबाद**। डीएम संतोष कुमार शर्मा द्वारा विकास खण्ड हाथवंत क्षेत्र के अंतर्गत अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल, संदलपुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गौवंशों के संरक्षण, चारा-पानी, साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों के खराब पाए जाने पर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने तथा उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही गौवंशों के समुचित संरक्षण एवं आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गौवंशों का संरक्षण और देखभाल हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आश्रय स्थलों पर चारा-पानी स्वच्छता एवं पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करें। इसके बाद डीएम ने तहसील शिकोहाबाद क्षेत्र के ग्राम मोहिनीपुर दरिगापुर स्थित अटल वन पौधारोपण स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन क्षेत्र में रोपित पौधों की स्थिति सुरक्षा और सिंचाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 5 हेक्टेयर में विस्तृत इस 'अटल वन' में कुल 10 विभिन्न प्रजातियों के लगभग 8 हजार पौधे रोपित किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से जामुन शीशम, अर्जुन, कांजी आदि के पौधे शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि पर्यावरण संतुलन और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। अटल वन में लगाए गए सभी 8 हजार पौधों की शत-प्रतिशत उत्तरजीविता सुनिश्चित की जाए। पौधों की नियमित सिंचाई, ट्री-गार्ड एवं तारबंदी से सुरक्षा, और खाद-पानी का विशेष ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रोपित पौधों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए ताकि यह स्थल भविष्य में एक घने और हरित क्षेत्र के रूप में विकसित हो सके।

निरीक्षण के दौरान डीएफओ भागेंद्र सिंह, एसडीएम शिकोहाबाद सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रंगेश्वर महादेव व महाकाली ने दिये भक्तों को दर्शन

**मथुरा**। रंगेश्वर महादेव मंदिर में काली घटा मनोरथ का आयोजन किया गया। काली घटा में विराजमान होकर रंगेश्वर महादेव और रंगेश्वर महाकाली ने अपने भक्तों को दर्शन दिए। श्रावण के महीने में अद्भुत दर्शन पाकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। गोस्वामी पंडित लालूराम ने बताया भगत मोनू बंसल, हर्षित अग्रवाल, कुश वालिया, सुशील स्टूडियो, लखन यादव, अमर सैनी, सोनू नागर, अंशुल मास्टर, अमन शुक्ला एवं समस्त भोलेनाथ मित्र मंडली द्वारा सावन में आयोजन किया गया है। रंगेश्वर महादेव का प्राकट्योत्सव ही भगवान श्रीकृष्णा और बलदेव के विवाद को समाप्त कराने के लिए हुआ था, ब्रज के मंदिरों में श्रावण मास में घटाओं का आयोजन किया जा रहा है, इसी को लेकर महादेव की काली घटा के आयोजन किया गया है। महादेव ने काली घटा, जिसे श्याम घटा भी कहते हैं, वहां विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन दिए. पूरे मंदिर प्रांगण को काले रंग के कपड़ों से सजाया गया।

## विश्वसनीयता का सवाल

एनटीए ने फिर बड़ी चूक कर दी है और इस कारण यूजीसी नेट की तीन विषयों की परीक्षा दोबारा करानी पड़ेगी। इस तरह एनटीए लगातार अपनी अक्षमता साबित कर रहा है और इस करण सरकार को असहज होना पड़ता है। भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल प्रश्नों और उत्तरों का मूल्यांकन नहीं हैं। इनके पीछे लाखों विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, समय, धन, पारिवारिक उम्मीदें और भविष्य की योजनाएं जुड़ी होती हैं। इसलिए जब किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में प्रश्नपत्र की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठते हैं और परीक्षा दोबारा कराने की नौबत आती है, तो इसे केवल एक प्रशासनिक भूल मानकर आगे बढ़ जाना उचित नहीं है। यह पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता और जवाबदेही का प्रश्न बन जाता है। यूजीसी-नेट जून 2026 की अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा को दोबारा कराने का निर्णय इसी चिंता को सामने लाता है। इन तीन विषयों के प्रश्नपत्रों को लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने शिकायतें की थीं। जांच के बाद प्रश्नपत्रों में तथ्यात्मक त्रुटियां, मुद्रण संबंधी गलतियां, अनुवाद की समस्याएं, व्याकरण संबंधी कमियां, विद्वानों और पुस्तकों के नामों में गलतियां तथा पहले पूछे जा चुके प्रश्नों की पुनरावृत्ति जैसी समस्याएं सामने आईं। इन कमियों के कारण संबंधित विषयों की परीक्षा दोबारा कराने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय तत्काल दृष्टि से उचित है, क्योंकि त्रुटिपूर्ण प्रश्नपत्र के आधार पर परिणाम घोषित करना विद्यार्थियों के साथ अन्याय होता। लेकिन असली सवाल इससे आगे का है- आखिर इतने महत्वपूर्ण प्रश्नपत्र में ऐसी गलतियां पहुंचीं कैसे? हाल के समाचारों और उपलब्ध जानकारी में नीट-यूजी प्रश्नपत्र विवाद के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की परीक्षा व्यवस्था को और मजबूत, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने




की आवश्यकता पर भी सवाल उठे हैं। यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि देश में लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी परीक्षाओं के संचालन के लिए क्या वर्तमान व्यवस्था पर्याप्त रूप से मजबूत और जवाबदेह है? अक्सर परीक्षा सुधार की चर्चा होते ही प्रश्नपत्र लीक रोकने, परीक्षा केंद्रों पर निगरानी बढ़ाने, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बात की जाती है। ये सभी उपाय आवश्यक हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाता है- क्या प्रश्नपत्र स्वयं शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण है? यदि किसी प्रश्न में किसी विद्वान का नाम गलत लिखा हो, किसी पुस्तक का शीर्षक गलत हो, किसी तथ्य में त्रुटि हो, अनुवाद प्रश्न का अर्थ बदल दे या व्याकरण संबंधी गलती के कारण प्रश्न अस्पष्ट हो जाए, तो विद्यार्थी की योग्यता का निष्पक्ष मूल्यांकन कैसे होगा? इसलिए परीक्षा की विश्वसनीयता के दो महत्वपूर्ण आधार हैं- प्रश्नपत्र की सुरक्षा और प्रश्नपत्र की शैक्षणिक गुणवत्ता। प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र से बाहर न जाए, यह जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी यह भी है कि परीक्षा केंद्र तक पहुंचने वाला प्रश्नपत्र तथ्यात्मक रूप से सही, भाषा की दृष्टि से स्पष्ट, पाठ्यक्रम के अनुरूप और संतुलित हो। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा संस्था के लिए संघ लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली से सीखने की आवश्यकता पर भी चर्चा हो रही है। इसका अर्थ यह नहीं है कि दोनों संस्थाओं की परीक्षाएं पूरी तरह समान हैं। सीखने का विषय उनकी संस्थागत विश्वसनीयता और प्रक्रिया की मजबूती है। इसलिए परीक्षाओं में सुधार के लिए जो कमेटी बनी है उसे समग्र रूप से शिक्षा, परीक्षा, प्रश्न पत्र की गुणवत्ता और परीक्षा की विश्वसनीयता सभी पर विचार करना चाहिए।

### विचार

ईश्वर द्वार निर्मित हवा पानी की तरह सब चीजों पर सबका समान अधिकार होना चाहिए।

–महात्मा गांधी.

हजार भजन करें, हजार रोजे रखें, हजार नमाज पढ़ें पर कुछ कबूल न होगा, अगर आपने किसी का दिल दुखाया है।

– शेखसादी.

जो व्यक्ति अपने ऊपर शासन नहीं करेगा वह हमेशा दूसरों का गुलाम ही बना रहेगा।

–गेटे.

पापी से घृणा न करो, उसके पाप से घृणा करो, क्योंकि पूर्ण निष्पाप तो तुम भी नहीं हो।

–महावीर.

अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृही उससे बेगार कराती है।

–जयशंकर प्रसाद.

# नक्सलवाद के वैचारिक अवशेष की मौजूदगी


मनोज बाजपेयी



भारत सरकार ने 31 मार्च 2026 को आधिकारिक रूप से यह घोषणा कर दी है कि देश में अब नक्सलवाद मौजूद नहीं हैं। यकीनन नक्सलवाद का सफाया मोदी सरकार और देश की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, लेकिन उसके दिमागी, वैचारिक, सोच के अवशेष आज भी विशेष कर शहरों में मौजूद हैं। इसी बात को उठाते हुए पंद्रह अगस्त के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में से नक्सल आतंक को समाप्त कर दिया गया है, लेकिन कुछ दिमागी नक्सल अभी भी बचे हुए हैं। इसको लेकर बहुत हो हल्ला हुआ। कुछ लोग बहुत ज्यादा आक्रोशित या इसका दिखावा करते दिखे। लेकिन गुस्से में आने वालों को एक ही तराजू पर नहीं तोला जा सकता। उनमें से कुछ तो ऐसे हैं जो सचमुच ही दिमागी नक्सलवादी हैं। वे अभी तक चुपचाप अपना काम कर रहे थे। उनके इस चुपचाप काम का खामियाजा पूरा देश भुगत रहा था, लेकिन इन छिपे दिमागी नक्सलवादियों की किसी को भनक तक नहीं लग रही थी। जैसे कोई शातिर चोर अचानक चोरी करता हुआ पकड़ा जाए तो वह समय की नजाकत को भांप कर राबिनहुड बनने की कोशिश करता है। इस प्रथम कैटेगरी में कुछ नेता भी आते हैं। दूसरी कैटेगरी ऐसे लोगों की है जिसका नक्सलवाद से कोई लेना-देना नहीं है।

> कुछ लोग शहरों में बैठ कर नौजवानों को परिवर्तन के 'सही माओवादी' तरीके समझाते थे। यही नौजवान जंगलों में जाकर बंदूक की गोली से परिवर्तन लाने में जुट जाते थे और मारे जाते थे। शहरों में बैठे दूसरे लोग नई खेप तैयार करते रहते थे। इस प्रक्रिया में लाखों लोग मारे गये। शहरों में बैठकर मौत का यह धंधा करने वालों को ही दिमागी नक्सल या अर्बन नक्सल कहा जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि कुछ छिपे हुए दिमागी नक्सल अभी भी बचे हुए हैं, इससे उन्होंने अंदाजा लगा लिया कि क्योंकि मोदी अपने विरोधी दल वालों को तरह-तरह से उकसाते हैं, इसलिए जरूर ये दिमागी नक्सल इंडी गठबंधन में होंगे। अब इंडी गठबंधन में उनको वह स्थान नहीं मिल रहा जो पहले मिला करता था। ऐसे लोगों को लगा कि इंडी गठबंधन में अपनी खोई हैसियत दोबारा पाने का यह सुनहरा मौका है। उनको लगा देश की जनता यह मान लेगी कि मोदी से जो विरोधी नेता लड़ सकता है, वह वही है जो इस वक्त ज्यादा चिल्लाएगा कि वह दिमागी नक्सल है। अभी नरेंद्र मोदी का लाल किला का संबोधन शायद पूरा भी नहीं हुआ था कि केजरीवाल ने हंगामा शुरू कर दिया कि वह ही सबसे बड़ा दिमागी नक्सलवादी हैं। केजरीवाल को लगा कि राहुल गांधी जब भी भारत में आते हैं, तो चीख चिल्ला कर बताना शुरू कर देते हैं कि विरोधी पक्ष का मैं ही नेता हूं। मोदी मुझसे डरते हैं। इस प्रकार लड़ाई मोदी बनाम राहुल बनती है। यह देखकर केजरीवाल ने हंगामा शुरू कर दिया कि वह सबसे बड़े दिमागी नक्सलवादी हैं। वैसे भी केजरीवाल ने अपनी राजनीति की शुरूआत ही इस मंत्र से की थी। वे वाराणसी से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़े थे। दिमागी नक्सल के लिए भी दिमाग चाहिए। यह सूत्र बहुत से लोग अपने आप को दिमागी नक्सल कहने की हड़बड़ी में भूल ही गए। एक तीसरी श्रेणी भी मंच पर उतरी। उसने भी दावा किया है कि वह दिमागी नक्सल है। उस कैटेगरी में कश्मीर घाटी की महबूबा मुफ्ती हैं। अचानक न जाने उसको क्या सूझी कि अरविंद केजरीवाल को महफिल लूटते देख कर महबूबा मुफ्ती ने भी मुंडेर पर आकर चिल्लाना शुरू कर दिया कि मुझे पहचानो, मैं भी दिमागी नक्सल ही हूं। महबूबा मुफ्ती के मामले पर जाने से पहले यह जान लेना जरूरी हो गया है कि आखिर दिमागी नक्सलवादी का अर्थ क्या है?

**विमर्श**

अपने वक्त में एक यहूदी कार्ल मार्क्स ने बहस चलाई थी कि संसार को बदलने के लिए, उसमें आम लोगों को शामिल करने और उनकी राय को समझने बूझने की जरूरत नहीं है। संसार को बदलने का, सिस्टम को बदलने का निर्णय चंद गिने चुने लोग ही करते हैं। यह जरूरी तो नहीं संसार बदल देने के उनके इस निर्णय से लोग सहमत ही हों। इसका उत्तर मिल चुका था कि उनकी राय की जरूरत ही नहीं है। लेकिन यह भी तो हो सकता है कि लोग उनके इस प्रयोग का विरोध ही शुरू कर दें। इसका उत्तर था कि परिवर्तन बंदूक से आता है। इसके लिए चुनाव करवाने की जरूरत नहीं पड़ती। बैलेट बाक्स नहीं, बल्कि बुलेट इसका फैसला करता है। ऐसे तर्क गढ़ने वाले दिमागी लोग ही होते हैं। रूस में सबसे पहला ऐसा प्रयोग हुआ। परिवर्तन तो हो गया लेकिन उसमें लाखों लोग मौत के घाट उतार दिए गए। इस नए प्रयोग और सिस्टम को कम्युनिज्म नाम दिया गया। लेकिन साथ ही यूरोप में एक नई बहस भी छिड़ गई कि बंदूक की बजाय लोकतंत्रिक तरीके से भी तो कम्युनिज्म आ ही सकता है। यदि ज्यादा लोग कम्युनिस्ट पार्टी को वोट दे देंगे तो उसकी सरकार आ जाएगी और नई सरकार परिवर्तन करेगी। भारत में भी 1925 में कम्युनिस्ट पार्टी बनी। बाद में उसमें फूट पड़ गई। उसका दूसरा ग्रुप सीपीएम के नाम से काम करने लगा।

सीपीएम ने पश्चिमी बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार बना ली और सिस्टम को अपने हिसाब से बदलने का काम करना शुरू कर दिया। तब कुछ लोगों ने कहना शुरू किया कि यह ठीक है कि बंगाल में कम्युनिस्ट सरकार बन गई है। लेकिन इसका तरीका गलत है। सरकार बदलने का कम्युनिस्ट तरीका तो माओ ने दिखाया है कि 'सत्ता बंदूक की गोली से निकलती है'। लेकिन यहां तो सत्ता बैलेट बॉक्स से निकली थी। यह गलत तरीका है। सही तरीके से सत्ता परिवर्तन होना चाहिए था। उन्होंने अपना तीसरा ग्रुप बना लिया जिसका नामकरण हुआ सीपीआई (एमएल), यानी कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी। इस पार्टी ने बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से परिवर्तन का कम्युनिस्ट तरीका प्रयोग करना शुरू किया और गोली मार कर लोगों की जमीनों पर कब्जा शुरू किया। यह पार्टी नक्सलवादी पार्टी के नाम से प्रसिद्ध हो गई। इस पार्टी ने एक नया नारा भी दिया कि 'चीनेर चेयरमैन आमादेर चेयरमैन', यानी चीन का चेयरमैन ही हमारा अर्थात भारत का चेयरमैन है। इस पार्टी ने अपने विभिन्न गुटों में तालमेल बिठा कर भारत के विभिन्न प्रांतों के लगभग 180 जिलों में अपना सिस्टम कायम कर लिया था और इसको लाल गलियारा कहा जाने लगा। इस पूरी प्रक्रिया के दो हिस्से थे। कुछ लोग शहरों में बैठ कर नौजवानों को परिवर्तन के सही माओवादी तरीके समझाते थे। ये नौजवान जंगलों में जाकर बंदूक की गोली से परिवर्तन लाने में जुटते थे, मारे जाते थे और शहरों में बैठे दूसरे लोग नई खेप तैयार करते रहते थे। इस पूरी प्रक्रिया में अब तक लाखों लोग मारे गए।

शहरों में बैठ कर मौत का यह धंधा करने वालों को दिमागी नक्सल कहा जाने लगा। दिमागी नक्सलवादियों ने भी दोहरी रणनीति अपनाई। उनमें से बहुत से समय समय पर राजनीतिक दलों में घुस गए। मोदी ने इसी का खुलासा किया था कि जंगल में बंदूक से लोगों को मारने वाले नक्सल तो समाप्त हो गए हैं, अब केवल दिमागी नक्सल बचे हैं, उनसे होशियार रहने की जरूरत है। मोदी के लालकिले से कहते ही दिमागी नक्सलवादियों ने समझ लिया कि इस चेतावनी की गंभीरता को कम करने के लिए शोर मचाया जाये। चिल्लाया जाए कि हां मैं दिमागी नक्सल हूं। महबूबा मुफ्ती जैसे लोग देखादेखी चिल्ला रहे हैं कि शायद यह तगमा भी शोहरत देगा। लेकिन यह समस्या गंभीर है। भारत में सत्ता परिवर्तन का लोकतांत्रिक तरीका ही सर्वमान्य है। जो लोग बंदूक की नोक पर सत्ता बदलने की बात सोचते हैं, देश को उन्हें जानना, समझना और उनसे दूर रहना होगा।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

हर राज्य की मातृभाषा का सम्मान व उत्थान होना चाहिए, किसी भाषा का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए, इससे देश की भाषिक–भाविक एकता में दूराव पैदा होती है। अखिलेश यादव.



भाजपा जनता के लिए भारी बोझ बन गयी है। भाजपाई भ्रष्टाचार की पोटली को जनता जिस दिन तोल देगी उस दिन भाजपा पटरी से उतर जायेगी और अब वो दिन दूर नहीं। राहुल गांधी.



बबुआ ने एक बयान दिया है कि हमारे परिवार के सभी लोग सांसद हैं, इसीलिए तो सपा बनी हुई है। हमने कहा है कि जनता अगले चुनाव में सपा को हमेशा के लिए साफ करेगी। सीएम योगी.



## अध्यात्म और विज्ञान

**अंतर्दृष्टि**

लोक कल्याण का भाव हर इंसान में होना चाहिए। उदार व्यक्ति को अपनी सुविधाओं में कमी करके लोक की भलाई के लिए कुछ प्रयास अवश्य करने चाहिए। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मो में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

## हिम्मत से काम लेने का समय

**व्यंग्यलोक**

यह समय हिम्मत से काम लेने का है। घबराने की आवश्यकता नहीं है और हिम्मत से काम लें, सरकार कुछ नहीं कर पा रही है, कोई मलाल नहीं, हमने ही चुनकर भेजा है उन्हें, इसलिए वे हमारे हैं, उनकी भी अपनी मजबूरियां हैं तथा किसी बात से विचलित न हों और हिम्मत से काम लें। गैस के दाम बढ़ गए या रोजमर्रा की बुनियादी चीजें-सुविधाएं महंगी हो गईं, डरने की जरूरत नहीं है। हिम्मत को पस्त न होने दें। जिस आदमी ने अपनी हिम्मत खो दी, वह जीवन में कुछ नहीं कर सकता। भगवान सब ठीक करता है। उस पर पूरा भरोसा रखें और हिम्मत न हारें। सरकार आये दिन अपील करती है कि जन कल्याण के लिए वह अपनी योजनाएं बना रही है, पांच वर्ष धैर्य रखें, सब ठीक हो जाएगा। छोटी-छोटी बातों को आप सलटा लें, बाकी पुल बनाने, सडकें बनाने, कारखाने खोलने तथा अन्य जरूरी बड़े काम सरकार कर रही है। छोटे कामों में सरकार को मिलता क्या है। वह उसके लिए घाटे का सौदा है। इसलिए आप अपने घर पर मोर्चा संभालें तथा सरकार को देश चलाने दें। इधर सरकार ने हर काम के लिए ब्याज के साथ ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का नेक कार्य शुरू कर दिया है।


पूरन सरमा

आप लोन लेकर अपनी समस्याओं को समाधान तक पहुंचाएं, बाकी आप कमाएं-खाएं तथा हिम्मत से काम लेकर ऋण की अदायगी करें। पानी, बिजली और टेलीफोन का बिल ज्यादा आ रहा है या गेहूं महंगा हो रहा है या आलू प्याज के भाव आसामन छू रहे हैं, घबराने की आवश्यकता नहीं है और हिम्मत से काम लें। आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें। देखने में यह आ रहा है कि आदमी जरा सी परेशानी से घबरा उठता है, अरे भाई इसमें घबराने की क्या बात है। मनोबल से काम लें और हर मुश्किल से जूझने को संकल्प, फिर देखिये मुश्किलें कितनी आसान हो जाती हैं। आपका बच्चा पढ़ नहीं पा रहा है या आप उसे पढ़ा नहीं पा रहे हैं तो कोई बात नहीं। उसे बाल मतदूरी में लगा दो, घर की आय बढ़ेगी और आपकी हिम्मत अलग से बढ़ेगी। स्कूल महंगे होंगे तो आप करेंगे क्या? बच्चे को दिशा दीजिये। उसको लेकर बड़े-बड़े सपने न संजोयें। सपने पूरे नहीं होने पर, आदमी भीतर से टूटता है। वैसे भी घबराने की क्या बात है, पत्नी को भी प्राइवेट फैक्टरी में काम करने भेज दें। वह भी कुछ न कुछ लेकर आएगी तो इससे आप में हिम्मत का संचार होगा तथा राष्ट्रीय आय में भी इजाफा होगा। मैंने बाल मजदूरी की बात की, माना बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है, लेकिन इस पापी पेट के लिए मेहनत-मजदूरी करना मैं गलत नहीं मानता। वैसे भी सरकार ने बाल मजदूरी कराने वालों को आज तक कब और कितना दण्डित किया है। आपने बच्चे को पढ़ा दिया तो वह घर का रहेगा न घाट का।

## क्या पडिक्कल ने नं.3 पर बैटिंग संकट हल कर दिया


खेल जगत

लम्बे समय तक राहुल द्रविड़ ने नंबर 3 स्पॉट को अपना बनाकर रखा। उनके बाद चेतेश्वर पुजारा इस नंबर पर प्रभावी बल्लेबाजी करते रहे। लेकिन जब जून 2023 में पुजारा ने अपना अंतिम टेस्ट खेला, तो उसके बाद भारत को इस नंबर पर ऐसा कोई सक्षम बैटर नहीं मिल सका, जो द्रविड़ व पुजारा की विरासत को आगे लेकर जा सकता। पुजारा के बाद भारत ने नम्बर 3 स्पॉट पर शुभमन गिल सहित 7 बैटर्स को आजमाया है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी खिलाड़ी नहीं मिल सका है, जिससे रेड बॉल क्रिकेट में भारत का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। हालांकि इस नंबर पर गिल को कुछ सफलता अवश्य मिली थी, लेकिन कप्तान बनने और विराट कोहली के रिटायर होने के बाद वह नंबर 4 पर खेलने लगे हैं। बहरहाल, देवदत्त पडिक्कल को श्रीलंका के विरुद्ध एक बार फिर नंबर 3 पर खेलने का अवसर मिला है और गाल टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने शानदार शतक (167 रन) लगाकर संकेत दिया है कि वह इस नम्बर के बल्लेबाजी क्रम पर देश की लम्बे समय तक सेवा कर सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर व अब कमेंटेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि पडिक्कल भारत की नंबर 3 बल्लेबाजी क्रम समस्या का समाधान हैं।

टेस्ट मैच जीतने के लिए दोनों बल्लेबाजी व गेंदबाजी में संतुलन होना जरूरी है; क्योंकि जहां गेंद से 20 विकेट लेना आवश्यक होता है, वहीं बल्ले से 400-500 रन बोर्ड पर लगाना भी लाजमी होता है। टीम अच्छा स्कोर करे, उसके लिए वन-डाउन बैटर का मजबूत होना महत्वपूर्ण है; क्योंकि ओपनर जल्दी आउट हो जाये, तो वह ही अच्छी शुरूआत देने के लिए जिम्मेदार होता है और मध्यक्रम की बल्लेबाजी भी उसके इर्दगिर्द ही घूमती है। द्रविड़ व पुजारा ने मिलकर 27 वर्ष तक वन-डाउन बैटर की मजबूती को परिभाषित किया। भारत ने गाल टेस्ट से पहले 27 वर्षों में जो कुल 230 टेस्ट खेले हैं, उनमें से 38 प्रतिशत में द्रविड़ व पुजारा नंबर 3 पर खेले और उन्होंने इस नंबर पर बनाये गये कुल रनों का 42 प्रतिशत (17,030) स्कोर किया। पुजारा के बाद 16 मैचों में गिल नंबर 3 पर खेले और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया कि 29 पारियों में 37.38 की औसत से 3 शतक सहित 972 रन बनाये। लेकिन गिल को छोड़कर पुजारा के बाद 3 वर्ष की अवधि में जो 6 अन्य बैटर्स को नंबर 3 पर आजमाया, उन्होंने मिलकर 24 पारियों में 28.04 की औसत से मात्र 673 रन बनाये। करुण नायर ने पिछले साल इंग्लैंड में टेस्ट में वापसी की, लेकिन इस पोजीशन पर वह 4 पारियों में सिर्फ 111 रन ही बना सके। फिर साई सुदर्शन को इस पोजीशन पर अवसर दिया गया, उन्होंने 7 टेस्ट में 31.91 की औसत से 383 रन बनाये, जिनमें वेस्टइंडीज के खिलाफ घर पर 87 रन सर्वाधिक था। देवदत्त पडिक्कल को 2024 में नंबर 3 पर 1 मैच खिलाया गया था, लेकिन 2 पारियों में वह 12.5 की औसत से 25 रन ही बना सके थे। अब सुदर्शन के चोटिल होने के कारण पडिक्कल को गाल, श्रीलंका में नंबर 3 पर फिर अवसर दिया गया है और उन्होंने शतक लगाकर संकेत दिया है कि वह इस पोजीशन को अपना बना सकते हैं। कम से कम मंजरेकर को तो ऐसा ही लगता है।

पडिक्कल ने अपने तीसरे टेस्ट की चौथी पारी में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक लगाया है। वह पहले भारतीय बैटर हैं जिन्होंने देश के स्वतंत्रता दिवस पर शतक लगाया है और वह भी भारत के 600 वें टेस्ट में। नंबर 3 स्पॉट पर शतक के लिए भारत को 19 टेस्ट व 35 पारियों की प्रतीक्षा करनी पड़ी थी, क्योंकि पडिक्कल से पहले नंबर 3 पर गिल ने 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था। बहरहाल, 26-वर्षीय पडिक्कल ने दिखाया है कि वह द्रविड़ व पुजारा की विरासत को संभाल सकते हैं। मांजरेकर का मानना है कि स्पिनर्स का मुकाबला करने के लिए पडिक्कल को 'भारत के लिए ईश्वर ने भेजा है' और उनकी तकनीक दोनों रक्षा व आक्रमण में शानदार है। मांजरेकर के अनुसार, 'पडिक्कल की वजह से भारत में जबरदस्त बदलाव आया है। मैं वास्तव में समझता हूं कि वह स्पिन खेलने में बहुत सहज हैं। स्पिन के खिलाफ उनका डिफेंस अच्छा है, जब फील्ड फैल जाता है, तो वह 1 व 2 रन आसानी से पिक करते हैं और अटैक भी अच्छा करते हैं, वह भी बैक फुट पर धीमी, घुमाव लेती पिचों पर।' पडिक्कल ने निरंतरता के साथ क्रीज की गहराई का प्रयोग श्रीलंका के स्पिनर्स का सामना करते हुए किया। फिर जब अवसर मिला तो स्टेप आउट भी किया। **सारिम अन्ना.**

## आप की बात

### सड़कों की मरम्मत

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

### स्वच्छता और स्वास्थ्य

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## 10 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 5 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 10 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## तमंचा और कारतूस के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना जहांगीराबाद पुलिस ने अभियुक्त अरूण कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी लोहरवा मजरे भयारा थाना जहाँगीराबाद व श्रीकान्त पुत्र स्व0 कौढी लाल निवासी मलिकापुर मजरे पटना थाना देवा को 2 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## क्षति का भौतिक निरीक्षण

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के हलिया विकास खंड क्षेत्र में बरसात से प्रभावित हुए लोगों का मूल्यांकन शुरू कर दिया गया है। तेज बारिश के चलते गिरे मकान एवं फसल नुकसान का रविवार को लेखपाल ने पवारी कला ग्राम में पूर्व में हुई बरसात के मकान के क्षति का आंकलन किया।

# रसोइयों का मानदेय बढ़कर हुआ 3 हजार मिला कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ

**ललितपुर।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित रसोइया सम्मान समारोह के सजीव प्रसारण के क्रम में रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित मा. कल्याण सिंह सभागार में जनपद स्तरीय रसोइया सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से आई 21 रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल रहे।

विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन रहे। इस दौरान सीडीओ शेषनाथ चौहान तथा डीआईओएस ओमप्रकाश की भी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद कंपोजिट विद्यालय बुढ़वार की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के मानदेय में वृद्धि करते हुए इसे 2 हजार से बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। इसके साथ ही रसोइयों के वस्त्र-



परिधान के लिए 1 हजार रुपये की सहायता तथा 5 लाख तक के कैशलेस चिकित्सा उपचार की सुविधा के लिए कार्ड उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार रसोइयों के सम्मान एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि रसोइयां विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। मुख्यमंत्री द्वारा उनका मानदेय बढ़ाने के साथ सम्मान भी बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि रसोइयों के लिए 2 लाख तक के दुर्घटना बीमा की घोषणा भी सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से आई 21 रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक और कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में बीएसए रत्नेश कुमार ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं रसोइयों का आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन अध्यापिका अभिलाषा चैधरी एवं निओमी लाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सदर विधायक प्रतिनिधि श्रीकान्त कुशवाहा एवं शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी भी मौजूद रहे।

# एएसएमसी ललितपुर में 58 वर्षीय वरिष्ठ फार्मासिस्ट की डॉक्टरों ने बचाई जान

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी), ललितपुर में वरिष्ठ फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत 58 वर्षीय संजय साहू को गंभीर बेहोशी की अवस्था में एएसएमसी में लाया गया। प्रारंभिक जांच एवं चिकित्सकीय मूल्यांकन में मरीज को कार्डियक अरेस्ट के साथ गंभीर

**अब तक 37 मरीजों की इस जीवनरक्षक थ्रोम्बोलाइटिक उपचार की सुविधा बचाई जा चुकी है जान**

स्ट्रोक की स्थिति की पुष्टि हुई। मरीज की अत्यंत गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकीय टीम द्वारा तत्काल कार्डियोपल्मोनरी रीससिटेशन (सीपीआर) एवं आवश्यक आपातकालीन उपचार प्रारंभ किया गया। स्ट्रोक में रक्त के थक्के को घोलने के उद्देश्य से मरीज की स्थिति एवं निर्धारित चिकित्सकीय मानकों के अनुसार थ्रोम्बोलाइटिक उपचार विशेषज्ञ निगरानी में दिया गया। चिकित्सकीय टीम के अथक प्रयासों से मरीज में सफलतापूर्वक कार्डियक रीससिटेशन किया गया। स्थिति को देखते हुए आगे के विशेषज्ञ उपचार एवं निगरानी के लिए मरीज को कार्डियोलॉजिस्ट के पास रेफर किया गया। इस सफल आपातकालीन उपचार में डॉ. यासुब रिजवान एवं नर्सिंग ऑफिसर पवन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम की तत्परता, आपसी समन्वय एवं समय पर किए गए जीवनरक्षक प्रयासों से मरीज को तत्काल आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सकी। प्राचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के प्रयासों का परिणाम है कि एएसएमसी ललितपुर में अब तक 37 मरीजों को इस जीवनरक्षक थ्रोम्बोलाइटिक उपचार की सुविधा सफलतापूर्वक प्रदान की जा चुकी है। समय रहते स्ट्रोक के मरीज की सही पहचान कर, उपयुक्त मरीज में निर्धारित समय-सीमा के भीतर यह उपचार उपलब्ध कराया जाए तो मरीज के बेहतर परिणाम एवं जीवन बचने की संभावना में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। प्राचार्य डॉ. मयंक शुक्ला ने पूरी चिकित्सकीय एवं नर्सिंग टीम को इस सफल आपातकालीन उपचार के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार तत्परता, समन्वय एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# संगठन सृजन अभियान समाज को एक साथ लाकर संगठन को मजबूत करना:तनुज पुनिया



**बाराबंकी।** जो भी समाज समय की स्थितियो को देखते हुये कांग्रेस जैसी विचारधाराओ से बिखरा हुआ है। संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत उन बिखरे हुये समाज को एक साथ लाकर संगठन को मजबूत करना ही देश की मजबूती का प्रतीक होगा। उक्त उद्गार विधानसभा रामनगर अन्तर्गत बदोसराय कोटवाधाम व विधानसभा हैदरगढ़ मे आयोजित समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारियो की बैठक मे कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने व्यक्त किये। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी0पी0 जोशी ने कहा कि मुझे जहां तक अभास है कि के देवा एवं महादेवा की भूमि रामनगर कांग्रेस का गढ़ है। और रामनगर कांग्रेस की कर्मभूमि है यहां का हर एक कार्यकर्ता स्वयं में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारो में सम्मलित है और यह केवल एक संगठन ही नही मानवता एवं सामंजस्य का मंच है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, पीसीसी ममता चैधरी, आरती वाजपेयी, आदर्श पटेल, अमरनाथ मिश्रा, मुरली रावत, सौरभ पाण्डेय, सद्दाम हुसैन, सुरेन्द्र वर्मा, सचिन त्रिपाठी, बेचन लाल दीक्षित, अमित त्रिवेदी, भूपेन्द्र वर्मा, डा0 शुऐब आदि मौजूद रहे।

## चोरी की 3 मोटरसाइकिल बरामद, 2 गिरफ्तार



**बाराबंकी।** थाना रामनगर पुलिस ने मु0अ0स0 0361/2026 धारा 317(2) बीएनएस से संबंधित 2 अभियुक्त हर्षित दीक्षित पुत्र हरिश्चन्द्र दीक्षित व नैतिक अवस्थी पुत्र सत्येन्द्र अवस्थी निवासीगण ग्राम अमोली कीरतपुर थाना रामनगर को रेलवे स्टेशन तिराहे सुढ़ियामऊ के पास से 3 बाइक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ मे अभियुक्तो ने बताया कि 3 चोरी की मोटरसाइकिल यूपी 34 एयू 0544, यूपी 43 एएच 1178, यू0पी 42 ई 7816 को अस्पताल सीतापुर, जिला अस्पताल गोंडा और अयोध्या रेलवे स्टेशन के पास से चोरी किया था।

# आंगनबाड़ी भर्ती में धांधली का आरोप

**ललितपुर।** विकासखंड बार के ग्राम देवरान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पद पर नियुक्ति को लेकर अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। ग्राम देवरान निवासी सोनम दुबे ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। साथ ही बाल विकास परियोजना अधिकारी बार पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने तथा धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र के अनुसार सोनम दुबे ने ग्राम देवरान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पद के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत चयन करने के बजाय विभागीय स्तर पर अनियमितता करते हुए सीधी भर्ती की जगह पदोन्नति कर दी गई। इस संबंध में प्रार्थिनी ने 8 अगस्त 2026 को जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। सोनम दुबे का आरोप है कि उक्त शिकायत से नाराज होकर 21 अगस्त 2026 को सीडीपीओ बार उसके घर पहुंचीं और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि इस दौरान पूर्व शिकायत के कथित निस्तारण संबंधी पत्र पर जबरन हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर शिकायतकर्ता के साथ अभद्रता किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि सीडीपीओ द्वारा प्रार्थिनी और उसके परिवार को पुलिस के माध्यम से झूठे एवं फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। इसके बाद अधिकारी के वहां से चले जाने की बात कही गई है।

उच्चस्तरीय अथवा किसी स्वतंत्र विभाग के अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। प्रार्थिनी का कहना है कि जांच के बाद यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा उसे न्याय दिलाया जाए।

# 8.24 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**ललितपुर।** थाना कोतवाली पुलिस और मंडी चैकी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो कथित गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 8.24 किलोग्राम अवैध गांजा, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, रेलवे टिकट एवं पेनल्टी स्लिप

**मंडी चैकी पुलिस की कार्रवाई, मोटरसाइकिल, दो मोबाइल ट्रेन टिकट और 19,100 रुपये नकद बरामद**

**ओडिशा से ललितपुर तक फैला नेटवर्क**

तथा गांजे की बिक्री से प्राप्त बताए गए 19,100 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में गांजे की खेप का कनेक्शन ओडिशा से सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, 22 अगस्त 2026 की रात करीब 9.25 बजे मंडी चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक ललित उज्जवल पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरएमबी कॉलोनी के पास एक व्यक्ति लाल रंग के बैग में गांजा लेकर अपने साथियों के साथ बिक्री के लिए आया है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने गल्ला मंडी के पीछे नहर की पटरी के कच्चे रास्ते पर दबिश दी। वहां दो युवक मोटरसाइकिल के पास बैग लेकर खड़े दिखाई दिए। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस की नियमानुसार तलाशी में अंकुर तिवारी के कब्जे से लाल रंग के सफर लिखे अटैची बैग में चार पैकेटों में कुल 5.058 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं दूसरे आरोपी कैलाश साहू के कब्जे से जामुनी रंग के



अल्फा लिखे प्लास्टिक अटैची बैग में तीन पैकेटों में 3.182 किलोग्राम गांजा मिला। इस प्रकार दोनों के कब्जे से कुल 8.24 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

इसके अलावा कैलाश साहू के पास से गांजे की बिक्री के बताए गए 19,100 रुपये, दो मोबाइल फोन, रेलवे पेनल्टी स्लिप तथा ओडिशा से ललितपुर आने का ट्रेन टिकट भी बरामद किया गया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया। पूछताछ में कैलाश साहू ने बताया कि वह ओडिशा से ट्रेन के माध्यम से गांजा लेकर ललितपुर आया था और इसे अंकुर तिवारी को बेचने के लिए लाया था।

वहीं, अंकुर तिवारी ने कथित तौर पर बताया कि वह पहले भी कैलाश साहू के माध्यम से ओडिशा से गांजा मंगवाकर ललितपुर क्षेत्र में घूम-घूमकर बेचता रहा है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से जुड़े अन्य लोगों और मादक पदार्थ की आपूर्ति के नेटवर्क के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## किशोरी को युवक के साथ आरपीएफ ने ट्रेन से पकडा

ललितपुर। मिर्जापुर जिले के थाना चुनार क्षेत्र के एक गांव से घर से बिना बताए लापता हुई 15 वर्षीय किशोरी को आरपीएफ की सतर्कता से ललितपुर रेलवे स्टेशन पर बरामद कर लिया गया। किशोरी के साथ मौजूद एक युवक को भी पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों पंजाब मेल एक्सप्रेस से मुंबई जाने की फिराक में थे। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी के घर से अचानक चले जाने के बाद परिजनों ने थाना चुनार में सूचना दी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान जानकारी सामने आई कि चंद्रभान यादव नामक युवक किशोरी को अपने साथ लेकर ट्रेन से मुंबई की ओर जा रहा है। इसी बीच आरपीएफ को भी मामले की जानकारी मिली। सतर्कता बरतते हुए आरपीएफ ने पंजाब मेल एक्सप्रेस में निगरानी बढ़ाई और ट्रेन के ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर किशोरी और युवक को पकड़ लिया। किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। किशोरी के ललितपुर में बरामद होने की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। सूचना मिलने के बाद परिजन ललितपुर के लिए रवाना हो गए। पुलिस द्वारा किशोरी की बरामदगी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि मामला थाना चुनार क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण आगे की कानूनी कार्रवाई संबंधित पुलिस द्वारा की जाएगी। किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पकड़े गए युवक से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। नाबालिग के लापता होने के मामले में पुलिस की सक्रियता और आरपीएफ की मुस्तैदी से किशोरी को ललितपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित बरामद कर लिया गया। घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती गई।

# यूथ एसोसिएशन के तत्वावधान में डांस ऑडिशन में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**बाराबंकी।** यूथ एसोसिएशन के तत्वाधान में 57वां शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद स्थित सभासद कक्ष मे जूनियर व सीनियर वर्ग मे सिंगिंग व डांस आडिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी अजय शुक्ला व रामेन्द्र दीपक ने जानकारी देते हुये बताया कि आज 23 अगस्त को डांस आडिशन सम्पन्न हुआ जिसमें निर्णायक की भूमिका में अनिमेश सिंह, संतोष सिंह, प्रीति सिंह,

**पर्यवेक्षको के समक्ष जूनियर में 175 एवं सीनियर में 95 बच्चों ने दिया आडिशन**

**6 सितम्बर को आयोजित होगा सिंगिंग आडिशन**

स्मृति राज सिंह, शेफाली निगम, शरद राज सिंह की देख-रेख मे जूनियर में लगभग 175 एवं सीनियर में लगभग 95 बच्चो ने दिया। चयनित होने वाले बच्चो को फोन द्वारा सूचना दी जायेगी। सिंगिंग का ऑडिशन 6 सितंबर को प्रातः 9 बजे से शुरू होगा। फाइनल 18 व 19 अक्टूबर को दुर्गा पूजा महोत्सव के समय सम्पन्न होगा। इस मौके पर लतिका राज सिंह, राजेश गुप्ता किल्टू, पंडित राजन शर्मा, आशुतोष मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, शिवेंद्र सिंह, अभिषेक मिश्रा, आर्यवीर सिंह, सूर्याश शुक्ला, प्रखर कपूर मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक के केसीसी खाते से 1.05 लाख रुपये की कथित अवैध निकासी

जिला संवाददाता

ललितपुर। सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा में एक वरिष्ठ नागरिक के किसान क्रेडिट कार्ड खाते से कथित रूप से 1.05 लाख रुपये की अनधिकृत निकासी किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम निवाहो निवासी सीताराम

**फसल बीमा का लाभ दिलाने के नाम पर हस्ताक्षर कराने का आरोप**

**बैंक कर्मियों पर मिलीभगत का आरोप**

पुत्र स्व. नंदकिशोर ने थाना दिवस कोतवाली में प्रार्थना-पत्र देकर बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारियों पर मिलीभगत कर धनराशि निकालने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, उनका केसीसी खाता और बचत खाता सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा ललितपुर में संचालित है। उन्होंने 23 मार्च 2026 को अपने केसीसी खाते में 2,20,500 रुपये जमा किए थे। आरोप है कि इसी दौरान तत्कालीन शाखा प्रबंधक ने फसल बीमा एवं अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कहकर उनसे निकासी वाउचर और अन्य प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करा लिए। सीताराम का आरोप है कि 25 मार्च 2026 को बैंक कर्मियों की कथित मिलीभगत से उनके केसीसी खाते से 1,05,000 रुपये निकाल लिए गए। उनका कहना है कि यह धनराशि न तो उनकी जानकारी में निकाली गई और न ही उनके बचत खाते में जमा की गई। कुछ समय बाद जब उन्होंने बैंक पहुंचकर अपने खाते का विवरण प्राप्त किया तो उन्हें कथित अनधिकृत लेन-देन की जानकारी हुई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मामले की जानकारी होने के बाद जब उन्होंने बैंक कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा और खाते का स्टेटमेंट मांगा तो उनके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संदिग्ध लेन-देन वाले स्थान पर काले रंग की लाइन खींचकर उसे छिपाने का प्रयास किया गया। वरिष्ठ नागरिक ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की है।

उन्होंने 23 और 25 मार्च 2026 की बैंक शाखा की सीसीटीवी फुटेज, बैंक सर्वर लॉग, डिजिटल रिकॉर्ड, निकासी वाउचर तथा मूल दस्तावेज सुरक्षित कराए जाने की मांग की है, ताकि कथित लेन-देन की वास्तविकता सामने आ सके। साथ ही उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पाए जाने वाले बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और 1.05 लाख रुपये की धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी। मामले में बैंक प्रबंधन अथवा संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

## खेत से सोलर इन्वर्टर, वीएफडी और स्प्रेयर मशीन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सोलर इन्वर्टर, वीएफडी सोलर और दवा छिड़काव करने वाली स्प्रेयर मशीन बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के मुकदमे में वांछित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मैलवाराखुर्द निवासी बबलू अहिरवार पुत्र पारीक्षित अहिरवार, शाहिद पुत्र मोहम्मद खान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रजवारा निवासी अजय कुमार तिवारी पुत्र रामप्रकाश ने 23 जुलाई 2026 को कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी कि नामजद व्यक्तियों द्वारा उनके खेत से एक सोलर इन्वर्टर, एक वीएफडी सोलर और एक दवा छिड़काव करने वाली स्प्रेयर मशीन चोरी कर ली गई है। शिकायत के आधार पर कोतवाली ललितपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना और आरोपियों की तलाश के लिए गठित पुलिस टीम ने रविवार, 23 अगस्त 2026 को मुकदमे में वांछित बबलू अहिरवार और शाहिद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया। इस संबंध में थाना कोतवाली ललितपुर में मु.अ.सं. 908/2026, धारा 305/317(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव हुआ निर्विरोध संपन्न

सीतापुर। किशोर इंटर कॉलेज सेवता की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को विद्यालय परिसर में चुनाव पर्यवेक्षक राजकीय इंटर कॉलेज बांसुरा के प्रधानाचार्य विजय दिनकर द्विवेदी की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव में कार्यकारिणी के 32 सदस्यों में से 30 सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों की आपसी सहमति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। रामेंद्र कुमार शुक्ला को अध्यक्ष, हरीश कुमार को प्रबंधक, भगवती प्रसाद को उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार को उप प्रबंधक तथा सूर्य प्रसाद शुक्ला कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

इसके अलावा सात सामान्य और तीन पदेन सदस्यों सहित कुल 15 सदस्यों का चुनाव किया गया। चुनाव के दौरान सभी सदस्यों ने आपसी सहमति और सौहार्द का परिचय देते हुए प्रक्रिया को निर्विवाद रूप से संपन्न कराया।

# पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता: खरवार

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में शनिवार को बसपा जिला कार्यालय पर जिला कमेटी सहित ललितपुर एवं महरौनी विधानसभा कमेटियों की सेक्टर और पोलिंग बूथ स्तर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर तैयारियों और आगामी विधानसभा चुनाव को

**बसपा की सेक्टर व बूथ स्तर की समीक्षा बैठक आयोजित, 2027 की तैयारियों पर मंथन**

**घनश्यामचंद्र खरवार ने कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत करने का किया आह्वान**

लेकर कार्यकर्ताओं से सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि घनश्यामचंद्र खरवार, पूर्व सांसद राज्यसभा/लोकसभा एवं बुंदेलखंड प्रभारी रहे। उनके साथ लालाराम अहिरवार, बुंदेलखंड प्रभारी, रामबाबू चिरगइयां एवं मानवेंद्र सिंह पटेल, मुख्य मंडल प्रभारी झांसी मंडल मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में रविकांत मौर्या, दीपक अहिरवार और रामसिंह कुशवाहा, मंडल प्रभारी झांसी मंडल शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि घनश्यामचंद्र खरवार ने कार्यकर्ताओं को बसपा प्रमुख मायावती के निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बसपा कार्यकर्ताओं की पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ संगठन को मजबूत करने के लिए काम करना होगा। उन्होंने मायावती के पूर्व मुख्यमंत्रित्व काल की सरकारों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ग्रामीण विकास और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने की बात कही। खरवार ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार



और बेहतर कानून व्यवस्था के मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाना चाहिए। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के संकल्प का समर्थन किया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से आर्थिक सहयोग करने का आह्वान भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बसपा अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के सहयोग से संगठनात्मक गतिविधियां संचालित करती है। कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आर्थिक सहयोग करने का वचन लिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद खां एडवोकेट, जिला महासचिव छोटेलाल प्रजापति, जिला सचिव संजय चैधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य कल्याण पटेल, जिला कोषाध्यक्ष एडवोकेट निधि सिंह, जिला संयोजक बीवीएफ राघवेंद्र सिंह गौतम सहित विधानसभा प्रभारी केहर सिंह गौतम, धर्मेंद्र अहिरवार, देवेंद्र मैनवार, तन्सु राम नयागांव, प्रेम नारायण पाल एडवोकेट, बृजेश अहिरवार, राम बगस विधानसभा अध्यक्ष महरौनी, संतोष अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष ललितपुर, भूपेंद्र सरवैया, देशपत गौतम, तुलाराम राजपूत, ठाकुर दास, चंद्रभान सिंह बेसरा पूर्व जिलाध्यक्ष, अमन संतोष पूर्व जिलाध्यक्ष, हाजी मोहम्मद फैयाज पूर्व जिला उपाध्यक्ष, अंकुल बडोनियां, महाराज सिंह, राम दयाल मनहर, डॉ. मोहम्मद अनीश, महेश अगोरा, राम किशन सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में उपस्थित अतिथियों और पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## द्वारिकाधीश महाराज ने काली घटा में विराजमान होकर दिए भक्तों को दर्शन

मथुरा। प्रसिद्ध ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में शनिवार शाम 7 बजे पुष्टिमार्ग संप्रदाय की सावन परंपरा के अनुरूप ठाकुर द्वारकाधीश महाराज को काली घटा में विराजमान कराया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को काले वस्त्रों, आकर्षक रोशनी और विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राजाधिराज के दर्शन किए।

मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि काली घटा के आयोजन के दौरान मंदिर का वातावरण पूरी तरह वर्षाकालीन स्वरूप में नजर आया। मंदिर प्रांगण को काले कपड़ों से सजाने के साथ ही विभिन्न प्रकार की लाइट और फूलों से आकर्षक सजावट की गई थी। वातावरण में काले बादलों की गड़गड़ाहट, चिड़ियों की चहचहाहट और बिजली की घनघोर आवाजों की ध्वनि ने श्रद्धालुओं को सावन के मौसम का एहसास कराया। इस दौरान मंदिर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। तिवारी ने बताया कि मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज, कांकरोली नरेश एवं तृतीय पीठ, द्वारा किया जाता है। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने की भावना से सावन के दौरान उन्हें विभिन्न घटाओं और हिंडोलों में विराजमान कराया जाता है।

संक्षेप

## पोको एम8एक्स 5जी बड़ी बैटरी के साथ हुआ लॉन्च

बेंगलुरु। शाओमी इंडिया ने आज पोको एम8एक्स 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह क्वालकॉम के नए स्नैपड्रैगन 4 जेन 5 मोबाइल प्लेटफॉर्म से लैस भारत का पहला स्मार्टफोन है। 7900एमएएच की बड़ी बैटरी, शानदार टिकाऊपन, 6.9-इंच का बड़ा 120एचजेड एडैप्टिव डिस्प्ले और एक खास डिजाइन के साथ, पोको एम8एक्स यूजर्स की दैनिक जीवनशैली, कार्यप्रणाली और मनोरंजन संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक भरोसेमंद स्मार्टफोन अनुभव देता है। पोको एम8एक्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि उपयोगकर्ताओं को बार-बार फोन चार्ज करने की चिंता से राहत मिले। चाहे किसी नए शहर में रास्ता देखना हो, काम का लंबा दिन हो, आते-जाते वीडियो देखना हो, ऑनलाइन क्लास लेना हो या देर रात तक कनेक्टेड रहना हो, यह स्मार्टफोन पूरे दिन आपका साथ निभाने के लिए बनाया गया है। पोको एम8एक्स 5जी दो वैरिएंट में उपलब्ध होगा, 4 जीबी + 128 जीबी वैरिएंट की कीमत 20,999 रुपये है और 6 जीबी + 128 जीबी वैरिएंट की कीमत 22,999 रुपये है। यह स्मार्टफोन 27 अगस्त, 2026 को दोपहर 12:00 बजे से फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

## डीएसपी एसेट मैनेजर्स ने कोमल नारंग को वितरण प्रमुख बनाया

कानपुर। डीएसपी एसेट मैनेजर्स प्राइवेटलिमिटेड (डीएसपीएएम) ने आज कोमल नारंग को वितरण प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की। वे उषा नायर का स्थान लेंगी। नायर डीएसपी से रिटायर हो रही हैं। नई भूमिका में कोमल डीएसपीएएम की वितरण रणनीति का नेतृत्व करेंगी। कंपनी का लक्ष्य वितरण भागीदारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करना और देशभर के निवेशकों तक अपने निवेश सॉल्यूशन की पहुंच बढ़ाना है। कोमल को वित्तीय सेवा क्षेत्र में दो दशक से अधिक का अनुभव है। उन्हें वितरण, सेल्स नेतृत्व, कस्टमर एंगेजमेंट और बिजनेस डेवलपमेंट का व्यापक अनुभव है। वह जियोब्लैकरॉक म्यूचुअल फंड से डीएसपीएएम में आई हैं। जियोब्लैकरॉक में वह चीफ कस्टमर ऑफिसर के रूप में कार्यरत थीं। वहां उन्होंने सेल्स, मार्केटिंग और डिजिटल पहलों का नेतृत्व किया। वितरण हमारे लिए केवल विकास का माध्यम नहीं है। यह भागीदारों के साथ दीर्घकालिक संबंधों के जरिए निवेशकों का भरोसा कायम रखने का तरीका है। जैसे-जैसे निवेशकों की जरूरतें बदल रही हैं, वैसे-वैसे हमें अपने वितरण तंत्र को समर्थन देने और उसके साथ जुड़ने के तरीके भी बदलने होंगे। हमारा डिस्ट्रीब्यूटर सक्सेस फ्रेमवर्क केवल संवाद और अभियानों तक सीमित नहीं है।

## वाणिज्य सचिव की दक्षिण अमेरिका की यात्रा से व्यापार विविधीकरण को मिल सकता है बढ़ावा

नयी दिल्ली। भारत अपनी व्यापार विविधीकरण रणनीति के तहत दक्षिण अमेरिका पर विशेष ध्यान दे रहा है इस क्रम में चिली, अर्जेंटीना और ब्राजील को महत्वपूर्ण निर्यात बाजार के रूप में देखा जा रहा है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल 24 से 28 अगस्त तक इन देशों की यात्रा करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अग्रवाल अर्जेंटीना और ब्राजील में संयुक्त व्यापार बैठकों की अध्यक्षता करेंगे, जबकि चिली के साथ प्रस्तावित वृहद व्यापार समझौते की प्रगति की समीक्षा करेंगे। भारत और चिली के बीच व्यापार समझौते को व्यापक बनाने की बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई है। दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दे अभी लंबित हैं, जिनमें बाजार पहुंच और महत्वपूर्ण खनिज प्रमुख हैं।

## झारखंड सिविल सेवा की परीक्षा पर सुनवाई आज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय झारखंड संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित धांधली की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ अधिवक्ता सत्यम सिंह राजपूत के माध्यम से कार्यकर्ता हरिशरण देवगण द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है। याचिका में कहा गया, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत यह जनहित याचिका दायर की गई है। इसका उद्देश्य झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 19 अप्रैल 2026 को विज्ञापन संख्या 01I2026 के तहत आयोजित झारखंड संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा-2025 की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता से जुड़े गंभीर मुद्दों पर अदालत के तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध करना है।

# कंपनियों की पूंजी 87960 करोड़ रुपये घटी


नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में बीते सप्ताह जारी नरमी के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 87,960.29 करोड़ रुपये की गिरावट आई। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 468.42 अंक यानी 0.60 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी में 114 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की गिरावट रही। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 28,052.96 करोड़ रुपये घटकर 12,14,963.15 रुपये करोड़ रह गया। इसी तरह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 22,070.34 करोड़ रुपये घटकर 8,31,436.51 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में



20,861.20 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 9,64,968.76 करोड़ रुपये रहा। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 16,975.79 करोड़ रुपये घटकर 4,73,912.56 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 12,650 करोड़ रुपये बढ़कर 5,35,980.31 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 8,119.53 करोड़ रुपये बढ़कर 17,78,175.59 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। लार्सन एंड टुब्रो के बाजार पूंजीकरण में 3,487.83 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और यह 5,62,460.94 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 3,424.28 करोड़ रुपये बढ़कर 6,80,621.62 करोड़ रुपये हो गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 752.47 करोड़ रुपये बढ़कर 10,18,330.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 356.95 करोड़ रुपये बढ़कर 11,21,159.05 करोड़ रुपये हो गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद क्रमशः भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। निवेशक जैक्सन होल आर्थिक संगोष्ठी पर करीबी नजर रखेंगे। खासकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख की टिप्पणियों से ब्याज दरों की आगे की दिशा के संकेत मिलने की उम्मीद है। अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान, टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर और उपभोक्ता भरोसे से अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती तथा फेडरल रिजर्व की नीतिगत दिशा के बारे में भी महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर रुपये की चाल, विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश प्रवाह और घरेलू बाजार में नकदी की स्थिति पर रहेगी। वैश्विक बाजारों में इस सप्ताह




तीन प्रमुख मुद्दे छाए रहेंगे। इनमें अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति की दिशा, एनवीडिया के तिमाही परिणाम और अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव शामिल हैं। दीर्घावधि की अमेरिकी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल में उतार-चढ़ाव के बीच जैक्सन होल संगोष्ठी में फेड के प्रमुख केविन वॉर्श के संबोधन पर करीबी नजर रहेगी। इससे सितंबर की नीतिगत बैठक से पहले केंद्रीय बैंक द्वारा लगातार बनी महंगाई के जोखिम और श्रम बाजार में नरमी के संकेतों के बीच संतुलन को लेकर संकेत मिल सकते हैं। कच्चे तेल की कीमतें भी एक बड़ा बाहरी जोखिम बनी हुई हैं। अमेरिका और ईरान के बीच 60 दिन का समझौता किसी स्थायी समाधान के बिना समाप्त हो गया है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य एक बार फिर जारी तनाव का केंद्र बन गया है और क्षेत्र में ऊर्जा की सामान्य आपूर्ति प्रभावित हुई है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने भारतीय शेयरों में खरीदारी तेज की है और अगस्त में अब तक 23,544 करोड़ रुपये का निवेश किया है। पिछले सप्ताह बीएसई के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 468.42 अंक की गिरावट रही, जबकि एनएसई का निफ्टी 114 अंक नीचे रहा। निफ्टी में लगातार दो सप्ताह की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह कुछ स्थिरता आ सकती है।

# इस सप्ताह चढ़ सकता है सर्राफा बाजार

नयी दिल्ली। इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का रुख जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि, उच्च स्तर पर मुनाफावसूली से तेजी की रफ्तार कुछ धीमी हो सकती है। विश्लेषकों ने बताया कि निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिकी मुद्रास्फीति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े सर्राफा बाजार के लिए प्रमुख उत्प्रेरक होंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा पश्चिम एशिया की भू-राजनीति से जुड़े घटनाक्रम, विशेष रूप से अमेरिका-ईरान शांति समझौता और होर्मुज जलडमरूमध्य का फिर से खुलना भी कीमतों को प्रभावित करेगा। आगामी कारोबारी सत्र में हमारा अनुमान है कि रुझान सकारात्मक बना रहेगा, लेकिन



कुछ मुनाफावसूली से इनकार नहीं किया जा सकता। घरेलू मोर्चे पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलिवरी वाला सोना वायदा 7,932 रुपये या 5.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। सितंबर डिलिवरी वाली चांदी 10,673 रुपये या 4.52 प्रतिशत उछलकर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इस सप्ताह सोना मजबूती से सकारात्मक बना रहा और पांच प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज करते हुए एमसीएक्स पर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब बंद हुआ। उन्होंने कहा कि इस तेजी को सर्राफा में नए सिरे से लिवाली, बॉन्ड प्रतिफल में नरमी और नकदी की बेहतर स्थितियों से समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर दिसंबर डिलिवरी वाला सोना वायदा 243.3 डॉलर या 5.5 प्रतिशत बढ़कर 4,680.6 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। न्यूयॉर्क में सितंबर डिलिवरी वाली चांदी 4.42 डॉलर या करीब सात प्रतिशत चढ़कर 69.53 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। 27-29 अगस्त को होने वाली जैक्सन हॉल संगोष्ठी पर भी सर्राफा कारोबारियों की पैनी नजर रहेगी।

# पीएनजी का इस्तेमाल बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त हो

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरों में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) की पहुंच और इस्तेमाल बढ़ाने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा है। ये अधिकारी शहरी गैस वितरण कंपनियों और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के साथ समन्वय कर उन घरों को पाइप वाली रसोई गैस से जोड़ने में मदद करेंगे, जहां पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने 21 अगस्त को राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में कहा कि पीएनजी सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुविधाजनक ईंधन है। इसका इस्तेमाल बढ़ने से रसोई गैस सिलेंडर यानी एलपीजी की ढुलाई का बोझ कम होगा और शहरों में तैयार किए गए गैस वितरण ढांचे का बेहतर उपयोग हो सकेगा। मंत्रालय चाहता है कि इस मामले में जिला-स्तर पर हस्तक्षेप हो। मंत्रालय एक ऐसा नियामकीय ढांचा लागू करने वाला है जिसके तहत परिवार ऐसे इलाकों में एलपीजी और पीएनजी कनेक्शन दोनों एक साथ नहीं रख सकेंगे जहां पाइप



वाली गैस उपलब्ध है। सरकार का यह कदम ऐसे उठाया आया है जब इस साल पश्चिम एशिया में संकट के दौरान एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई थी। भारत अपनी घरेलू एलपीजी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है और पश्चिम एशिया से आने वाली आपूर्ति समुद्री मार्गों पर निर्भर रहती है। संकट के दौरान घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता देनी पड़ी थी। इसके मुकाबले घरेलू पीएनजी आपूर्ति पर संकट का असर अपेक्षाकृत कम रहा। घरेलू पीएनजी क्षेत्र को घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस की प्राथमिकता वाली आपूर्ति मिलने के कारण यह संकट से बचा रहा। सरकार अब उन क्षेत्रों में एलपीजी से पीएनजी की ओर तेजी से बदलाव करना चाहती है, जहां पाइप वाली गैस पहुंच चुकी है। पीएनजी को तेजी से बढ़ावा देने के लिए सरकार ने प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, परिचालन और विस्तार तथा अन्य सुविधाओं) आदेश 2026 और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा तीन के तहत एलपीजी नियंत्रण आदेश को अधिसूचित किया है। नए अधिसूचित नियमों के तहत ऐसे इलाकों में घरों को एक साथ एलपीजी और पीएनजी कनेक्शन रखने की अनुमति नहीं होगी। नोटिस दिए जाने के बाद पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की एलपीजी आपूर्ति बंद की जा सकती है। इसके लिए प्रत्येक भौगोलिक क्षेत्र में पीएनजी समन्वय समिति (पीसीसी) गठित की जाएगी।

# मांग बढ़ने से आयातित खाद्य तेलों में सुधार

नयी दिल्ली। देशी खाद्य तेलों के मुकाबले सस्ता होने की वजह से आगामी त्योहारों के मद्देनजर मांग बढ़ने से बीते सप्ताह सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों के दाम मजबूत रहे। कम उपलब्धता के बीच ब्रांडेड कंपनियों की औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। महंगे दाम के कारण लिवाली प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन संयंत्रों द्वारा खरीद बढ़ाने के मकसद से खरीद का दाम घटाये जाने के कारण सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। वहीं ऊंचे दाम पर मांग प्रभावित रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि आयातित खाद्य तेलों के मुकाबले देशी खाद्य तेलों का दाम 20-24 रुपये किलो ऊंचा है। ऊंचे दाम होने की वजह से लिवाली प्रभावित रहने के कारण बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में मामूली गिरावट देखने को मिली। उन्होंने कहा कि सोयाबीन के बड़े संयंत्र किसानों से सस्ते में सोयाबीन की खरीद करने के मकसद से सोयाबीन का दाम घटाते-बढ़ाते रहते हैं। बीते सप्ताह तेल संयंत्रों द्वारा दाम घटाये जाने के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट रही। दूसरी ओर, विदेशों में दाम में मजबूती रहने के बीच बीते सप्ताह सोयाबीन तेल के दाम मजबूत हो गये। हालांकि, इसके बावजूद आयातक लागत से नीचे दाम पर सोयाबीन एवं पाम-पामोलीन तेल बेच रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि ऊंचे दाम पर लिवाली कमजोर



रहने के बीच बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। सस्ता होने के कारण पामोलीन तेल की औद्योगिक मांग बढ़ने से बीते सप्ताह पाम-पामोलीन के दाम मजबूत रहे। कम उपलब्धता के बीच ब्रांडेड कंपनियों की ओर से औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम भी मजबूत रहे। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 50 रुपये की गिरावट के साथ 8,250-8,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सरसों तेल दादरी 50 रुपये की गिरावट के साथ 16,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल भी क्रमशः 5-5 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,720-2,820 रुपये और 2,720-2,870 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाना और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 125-125 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 6,775-6,825 रुपये और 6,625-6,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर, दिल्ली में सोयाबीन तेल 125 रुपये के सुधार के साथ 15,800 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन इंदौर तेल 125 रुपये के सुधार के साथ 15,650 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल 200 रुपये के सुधार के साथ 12,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# एफपीआई ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजार में 23544 करोड़ रुपये डाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजार में अपनी लिवाली तेज कर दी है। कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों, रुपये की स्थिरता और बाजार की बेहतर संभावनाओं से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। एफपीआई ने अगस्त में अबतक भारतीय शेयर बाजार में 23,544 करोड़ रुपये डाले हैं। इससे पहले जुलाई में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में 20,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इससे लगातार चार महीनों की भारी बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों के रुख में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने जून में



49,340 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मार्च में 1,17,000 करोड़ रुपये की निकासी की थी। इससे पहले फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था। हालांकि, हाल की खरीदारी के बावजूद वर्ष 2026 में विदेशी निवेशक अब भी भारतीय शेयरों में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। इस वर्ष अब तक वे करीब 2,30,000 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पूरे वर्ष 2025 में हुई 1,66,000 करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। एफपीआई की भारतीय बाजार में वापसी के पीछे कई कारण है। इनमें पहली तिमाही के बेहतर नतीजे, रुपये की स्थिरता और व्यापक बाजार में कंपनियों की मजबूत वृद्धि संभावनाएं प्रमुख हैं। विदेशी निवेशक आकर्षक मूल्यांकन वाले बड़े बैंकिंग और आईटी शेयरों में व्यापक खरीदारी नहीं कर रहे हैं। इसके बजाय वे अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन के बावजूद चुनिंदा मझोली कंपनियों के शेयरों में पैसा लगा रहे हैं। बाजार की आगे की दिशा के लिए, निवेशकों की नजर कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव पर रहेगी।

## पेज एक का शेष

### 3.54 लाख

साप्ताहिक मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने फूड प्वॉइजनिंग की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल और प्रयागराज महाकुंभ के दौरान रसोइयों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान प्रदेश लौटे एक करोड़ से अधिक लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था में रसोइयों ने योगदान दिया। महाकुंभ के दौरान आसपास के जिलों में बनाए गए होल्डिंग एरिया में भी रसोइयों ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन तैयार किया। योगी ने कहा कि सरकार अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के सम्मानजनक जीवन के लिए लगातार काम कर रही है और आने वाले समय में भी रसोइयों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

### जर्जर स्कूल

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास केवल स्कूल भवनों को बेहतर बनाना नहीं, बल्कि बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रोजेक्ट अलंकार का उल्लेख करते हुए कहा कि पुराने और जर्जर विद्यालय भवनों को नए भवनों में बदलने तथा आवश्यक सुविधाओं के विकास का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर स्कूलों की कुछ तस्वीरें दिखाकर यह बताने का प्रयास किया जाता है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हुआ। ऐसे लोगों को सरकार द्वारा किए गए कार्यों को भी देखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को नकलमुक्त बनाने के साथ परीक्षा और परिणाम की प्रक्रिया को भी समयबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले परीक्षा प्रक्रिया में लंबे समय तक लग जाता था और विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता था। योगी ने कहा कि अब परीक्षाएं निर्धारित समय में कराई जाती हैं और उसके बाद जल्द परिणाम घोषित किए जाते हैं। उन्होंने इसे प्रदेश की बदली हुई शिक्षा व्यवस्था का उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के करीब 1.42 लाख विद्यालयों में लगभग डेढ़ करोड़ बच्चे अध्ययनरत हैं। सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने निपुण भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों में अक्षर ज्ञान, वाक्य विन्यास, गणित, अंग्रेजी और विज्ञान की समझ विकसित की जा रही है। आंगनबाड़ी और बाल वाटिका के बच्चों की प्रगति भी शिक्षा व्यवस्था में हो रहे बदलाव को दर्शाती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का मॉडल भी सामने आएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य बच्चों को एक ही परिसर में बेहतर शैक्षिक और आधार भूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए बनाए गए अटल आवासीय विद्यालयों का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रदेश के 18 मंडलों में 18 अटल आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जहां करीब 18 हजार बच्चे अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा पर भी ध्यान दिया है। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के विस्तार और उन्हें 12वीं तक संचालित करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधार का सीधा संबंध प्रदेश और देश के भविष्य से है।

### सपा ने

व्यवस्था लागू की है। अब परीक्षाएं निर्धारित समय में पूरी होती हैं और उसके बाद जल्द परिणाम घोषित किए जाते हैं। अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा में परिवारवाद हावी है और गरीबों के हितों की अनदेखी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, जमीनों पर कब्जे और दंगे-फसाद की घटनाएं होती थीं तथा विकास कार्य प्रभावित होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश दंगा और कर्फ्यू से मुक्त हुआ है तथा विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता में रहते हुए काम नहीं कर पाए, वे अब सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। योगी ने कहा कि उनकी सरकार में शिक्षा व्यवस्था को नकलमुक्त और गुणवत्तापूर्ण बनाने पर जोर दिया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत पुराने और जर्जर विद्यालय भवनों को बेहतर बनाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नई शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य बच्चों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि उन्हें ज्ञान और कौशल से जोड़ना है। नकलमुक्त शिक्षा व्यवस्था ही युवाओं को बेहतर भविष्य की ओर ले जा सकती है।

### 17 वरिष्ठ आईएएस

का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। गौरी शंकर प्रियदर्शी को महानिदेशक आयुष एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय आयुष मिशन की जिम्मेदारी दी गई है। चैत्रा वी. को राजस्व परिषद लखनऊ में सदस्य (प्रशासनिक) बनाया गया है। प्रमोद कुमार उपाध्याय को आयुक्त ग्राम्य विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. राजशेखर को सचिव नियोजन विभाग के साथ महानिदेशक (अर्थ एवं संख्या) बनाया गया है। मासूम अली सरवर को प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम (नगरीय) के साथ राज्य मिशन निदेशक अमृत का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। योगेश कुमार को प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम (ग्रामीण) और कुमार प्रशांत को आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता बनाया गया है। गुरलां श्रीनिवासुलु को सचिव राज्य सूचना आयोग, अमृत पाल कौर को संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी सहकारी चीनी मिल्स संघ तथा देवेंद्र कुमार पांडेय को विशेष सचिव उपभोक्ता मामले की जिम्मेदारी मिली है। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव को विशेष सचिव पशुधन विभाग बनाया गया है। अमृत त्रिपाठी को सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद और ओम प्रकाश राय को विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### विकास व

की निगरानी और क्रियान्वयन प्रभावित होने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव को राजनीतिक दलों के नफा-नुकसान से जोड़कर देखने के बजाय इसके व्यापक राष्ट्रीय प्रभावों पर विचार होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विषय को देश के सामने चर्चा के लिए रखा है। चौहान ने कहा कि यदि चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था पर सहमति बनती है तो चुनावी प्रक्रिया में लगने वाले समय, मानव संसाधन और सार्वजनिक धन के अधिक प्रभावी इस्तेमाल की संभावनाएं पैदा हो सकती हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय समाज में संत-महात्माओं के प्रति विशेष श्रद्धा है और उनके विचार जनमानस पर गहरा प्रभाव डालते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर समाज में जागरूकता पैदा करने में संत समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने संतों से आग्रह किया कि वे एक राष्ट्र-एक चुनाव से जुड़े विभिन्न पक्षों पर समाज के बीच चर्चा को आगे बढ़ाएं। चौहान ने कहा कि इस विषय पर राजनीतिक मतभेदों के बजाय राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती और देश के दीर्घकालिक हित को केंद्र में रखकर विचार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का प्रभाव केवल निर्वाचन व्यवस्था तक सीमित नहीं होगा, बल्कि इससे प्रशासनिक क्रियान्वयन पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि सुशासन, जनकल्याण, सरकारी संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल और विकास की निरंतरता जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर व्यापक चर्चा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनावों के समय सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगाए जाते हैं। यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था लागू होती है तो प्रशासनिक मशीनरी को नियमित शासन, योजनाओं की समीक्षा और विकास कार्यों के लिए अधिक समय उपलब्ध होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तेजी से आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं आधारभूत ढांचे के साथ निवेश और जन कल्याणकारी योजनाओं को लगातार गति देना जरूरी है।

### भारत में

के साथ मिलकर काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की पिछली सरकारों ने राज्य के विकास के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम नहीं किया। 50 साल की नकारात्मकता खत्म हो गई है और हमारी डबल-इंजन सरकार अब यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य आगे बढ़े। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए जीआरएसई ने पोत बनाने और उनकी मरम्मत करने की अपनी क्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह, कोलकाता (एसएमपीके) के साथ पट्टा समझौता किया है। इस समझौते के तहत हुगली नदी के दोनों किनारों पर दो छोटे शिपयार्ड और रायचक में नदी के किनारे 32 एकड़ जमीन ली गई है। उन्होंने कहा कि रायचक सुविधा को 2,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ जहाज बनाने के केंद्र के तौर पर विकसित किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि इशापुर में यंत्र इंडिया की मेटल एंड स्टील फैक्टरी (एमएसएफ) में 750 करोड़ रुपये से अधिक के कुल निवेश वाली दो सुविधाएं, देश में ही धातु और रक्षा से जुड़े विनिर्माण मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं जीआरएसई की क्षमताओं को मजबूत करेंगे और साथ ही रोजगार सृजित करके तथा सहायक उद्योगों, खासकर एमएसएमई के लिए अधिक अवसर पैदा करके पश्चिम बंगाल के औद्योगिक पारिस्थितिकी को फिर से खड़ा करने में मदद करेंगे।

### रक्षाबंधन पर

इसके साथ अतिरिक्त बसों के संचालन की भी तैयारी की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जनपदों में 25 अगस्त तक बस, टैक्सी और ऑटो-टेम्पो यूनियनों के साथ समन्वय बैठक की जाए। निर्धारित किराया ही लिया जाए, ओवरलोडिंग न हो, यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार किया जाए और यात्री सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रक्षाबंधन के दौरान संचालित होने वाली टैक्सी और ई-रिक्शा के चालकों का आवश्यक सत्यापन कराया जाए। केवल सत्यापित और सक्षम चालकों से ही वाहनों का संचालन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर विशेष यातायात प्रबंधन के निर्देश दिए। मथुरा-वृंदावन, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, विंध्याचल-मिर्जापुर और गोरखपुर जैसे स्थलों पर विशेष व्यवस्था की जाए। बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, बाजारों तथा शहरों के प्रवेश और निकास मार्गों पर यातायात दबाव को देखते हुए पहले से कार्ययोजना तैयार रखी जाए। मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान बस स्टेशनों पर सीसीटीवी, पेयजल, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रहे। वहीं उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्षाबंधन पर फर्स्ट एड की अलग से व्यवस्था भी बस स्टेशनों पर की जाए।

### जमीन विवाद

करने के बाद मामले को उपयुक्त अदालत के समक्ष रखा जाए। मामला देवीपाटन मंडल के आयुक्त के नाम दर्ज कई नजूल भूमि के टुकड़ों से संबंधित है। मंडलायुक्त की ओर से कोर्ट के समक्ष रखे गए पक्ष के अनुसार, उक्त भूमि कार्यालय भवन और अन्य सरकारी प्रयोजनों के लिए आरक्षित थी। राज्य की ओर से आरोप लगाया गया कि इस भूमि पर स्कूल भवन का निर्माण कर दिया गया और विवाद करीब तीन दशक से सिविल कोर्ट में लंबित है। वाद साक्ष्य के चरण में लंबित था और उसमें यथास्थिति बनाए रखने का आदेश भी जारी था। स्कूल ने आरोप लगाया था कि राज्य के अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर अदालत पर अनुचित दबाव बना रहे हैं।




# भारत के पांच विकेट पर 300 रन

## पहले टेस्ट में 167 रन की पारी खेलने वाले बायें हाथ के बल्लेबाज पडिक्कल ने दो जीवनदान का फायदा उठाया

एजेंसी



कोलंबो। देवदत्त पडिक्कल के लगातार दूसरे शतक से भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को यहां पहली पारी में पांच विकेट पर 300 रन बनाए। पहले टेस्ट में 167 रन की पारी खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज पडिक्कल ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 193 गेंद में 12 चौकों से 117 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान शुभमन गिल (50) के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 और रविंद्र जडेजा (43 रन, 83 गेंद, चार चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी 45 रन की उपयोगी पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर ध्रुव जुरेल सात जबकि सारांश जैन चार रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका की ओर से असिता फर्नांडो सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 46 रन देकर तीन विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा और स्पिनर केशारा नुवानथा ने एक-एक विकेट चटकाया। पडिक्कल की शुरुआत सहज नहीं रही थी।

जब उन्होंने खाता भी नहीं खोला था तब कुमारा की गेंद पर सोनल दिनुशा प्वाइंट पर उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। पडिक्कल एक रन के निजी स्कोर पर भी भाग्‍यशाली रहे जब श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने नुवानथा की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर उनका आसान कैच टपका दिया। पडिक्कल ने इन जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और लय में आने के बाद श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ कुछ आकर्षक शॉट खेले। कुमारा की गेंद पर लगाया गया उनका जोरदार पुल शॉट पारी के आकर्षण में से एक रहा। इसी शॉट के साथ उन्होंने 90 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। गिल ने भी बेहद आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या की गेंद पर उनका शॉर्ट आर्म पुल दर्शनीय रहा। वह हालांकि चाय से ठीक पहले एकाग्रता गंवा बैठे और फर्नांडो की गेंद पर विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को कैच दे बैठे। पडिक्कल और गिल ने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके भारत को पहले सत्र में लोकेश राहुल और जायसवाल के विकेट गंवाने के झटकों से उबारा। चाय के बाद भारत को एक और झटका लगा जब तेज गेंदबाज कुमारा की शॉर्ट गेंद को पुल करने की कोशिश में ज षभ पंत (03) अपनी बाएं हाथ की कलाई पर चोट लगा बैठे और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। क्रीज पर उतरे जडेजा ने स्पिनरों नुवानथा और धनंजय डिसिल्वा पर चौके जड़े। उन्होंने जयसूर्या और कामिल मिशारा पर भी चौके मारे। पडिक्कल ने जयसूर्या पर लगातार दो चौकों और एक रन के साथ 168 गेंद में लगातार दूसरा शतक पूरा किया। पडिक्कल ने मिशारा और जयसूर्या पर भी चौके मारे लेकिन फिर नवानथा की गेंद को चूककर बोल्ड हो गए।

जडेजा दिन के अंतिम 85वें ओवर में फर्नांडो की तेजी से अंदर आती गेंद पर बोल्ड हो गए। जडेजा ने शॉट नहीं खेलने का फैसला करते हुए बल्ला हवा में उठाया दिया लेकिन गेंद काफी मूव करती हुई विकेटों से टकरा गई। पदार्पण कर रहे सारांश जैन ने फर्नांडो पर चौके के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने रनों का खाता खोला और टीम के रनों का तिहरा शतक पूरा किया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को राहुल (18) और जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़कर सतर्क शुरुआत दिलाई।

जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी की और इस दौरान कट शॉट खेलने से परहेज किया जो अतीत में कई बार उनके लिए परेशानी का सबब बना है। उन्होंने तेज गेंदबाज कुमारा की गेंदों पर लगातार दो चौके लगाए और जयसूर्या की गेंद पर बेहतरीन कवर ड्राइव खेला। राहुल ने भी संयमित बल्लेबाजी की और जयसूर्या की गेंद पर उनके सिर के ऊपर से छक्का लगाया। हालांकि कुमारा की गेंद पर स्कायर कट खेलने की कोशिश में राहुल ने डिकवेला को कैच थमा दिया। जायसवाल बड़ी पारी की ओर बढ़ते दिख रहे थे लेकिन फर्नांडो की अंदर आती शानदार गेंद पर बोल्ड हो गए।

जायसवाल के आउट होने के बाद कुछ देर मैदान पर तनातनी भी दिखी। गॉल में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में डिकवेला से हुई कहासुनी को लेकर फर्नांडो ने जायसवाल को विदाई देने का इशारा किया। जायसवाल पीछे मुड़े और दोनों के बीच कुछ बातचीत हुई। इस दौरान उनका हेलमेट फर्नांडो के माथे से भी छू गया। हालांकि श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने जल्द ही स्थिति को संभाल लिया। पडिक्कल और गिल ने भारत को लंच तक दो विकेट पर 88 रन तक पहुंचाया। वहीं दूसरी ओर भारत के लिए रविवार को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 320वें खिलाड़ी बनने तक सारांश जैन का सफर खुद पर भरोसा रखने और लगातार कड़ी मेहनत करने की प्रेरणादायक कहानी है क्योंकि उन्होंने लाल गेंद की क्रिकेट में अपनी गेंदबाजी सुधारने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का अनुबंध पाने का मौका भी छोड़ दिया। मध्य प्रदेश में जैन के कोच चंद्रकांत पंडित को अपने शिष्य के साथ हुई बातचीत याद है जिससे वह इस खिलाड़ी से काफी प्रभावित हुए थे। पंडित ने कहा पिछले सत्र में उसने मुझसे कहा था कि वह अपने लाल गेंद के खेल पर ध्यान देना चाहता है। वह इसे लेकर बिल्कुल स्पष्ट था।

ऐसा नहीं है कि वह सफेद गेंद से गेंदबाजी नहीं करना चाहता था या उसमें उसकी रुचि नहीं थी, लेकिन वह अपनी लाल गेंद की गेंदबाजी पर काम करना चाहता था। जैन को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पदार्पण कराया गया। उनके साथ पंडित की यह बातचीत आईपीएल 2024 के दौरान हुई थी। जैन उस समय कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के नेट गेंदबाज के रूप में जुड़े हुए थे, लेकिन वह इस भूमिका को जारी नहीं रखना चाहते थे। पंडित ने 2020 में मध्य प्रदेश की टीम की कोचिंग शुरू की थी। उन्होंने बताया, उस समय उसने कहा था कि नेट गेंदबाज के तौर पर सफेद गेंद के साथ समय बिताने के बजाय वह लाल गेंद के खेल पर काम करना पसंद करेगा। इसके बाद वह राज्य की टीम का खिलाड़ी बन गया। हालांकि पंडित को पूरा विश्वास है कि जैन सफेद गेंद के प्रारूप में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, उसके पास दोनों प्रारूपों में खेलने के लिए अच्छा कौशल है। मुझे भरोसा है कि अगर अगले आईपीएल सत्र में कोई फ्रेंचाइजी उसे चुनती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पारी और 51 रन से हराया



मैकॉय (ऑस्ट्रेलिया)। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के मैच में 10 विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे ही दिन रविवार को यहां बांग्लादेश को पारी और 51 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। स्टार्क ने मैच में 51 रन देकर 10 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 39 रन पर चार विकट चटकाए जबकि पहली पारी में 12 रन देकर छह विकेट हासिल किए थे। पैट कमिंस (10 रन पर तीन विकेट) और नाथन लियोन (25 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट लेकर स्टार्क का अच्छा साथ दिया। बांग्लादेश की दूसरी पारी 38.3 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 31 रन बनाए जबकि मुशफिकुर रहीम 29 रन बनाकर नाबाद रहे। इन दोनों के

- स्टॉर्क को मैच में 10 विकेट

अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाया। स्टार्क ने टेस्ट क्रिकेट में चौथी बार मैच में 10 विकेट चटकाए। इसके साथ ही वह दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में 10वें स्थान पर पहुंच गए। उनके नाम अब 445 विकेट हैं। स्टार्क को श्रृंखला में 12 विकेट लेने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को आठ विकेट पर 165 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहली पारी में 210 रन बनाकर 146 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। बांग्लादेश की टीम पहली पारी मे सिर्फ 64 रन पर ढेर हो गई थी।

कैमरन ग्रीन और नाथन लियोन ने नौवें विकेट के लिए 28 रन जोड़े। पहली पारी में छह विकेट लेने वाले शोरिफुल इस्लाम ने ग्रीन को तेजी से अंदर आती यॉर्कर पर पगबाधा आउट किया। शोरिफुल ने 48 रन देकर सात विकेट लिए जो विदेश में किसी बांग्लादेशी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ग्रीन ने 105 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। लियोन ने 32 रन की नाबाद पारी खेली और जोश हेजलवुड के साथ मिलकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। हेजलवुड के छह रन पर आउट होने के साथ ऑस्ट्रेलिया की पारी सिमट गई।

## संक्षेप

### पेगुला व गॉफ के बीच सिनसिनाटी ओपन का महिला फाइनल

मेसन (अमेरिका)। जेसिका पेगुला ने मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक को और कोको गॉफ ने सारा बेलेक को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई और 56 साल बाद इस टूर्नामेंट के महिला फाइनल में दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा। पेगुला ने तीसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्वियातेक को 7-5, 4-6, 6-4 से हराया। यह इस साल टूर पर उनकी 45वीं जीत है जो सर्वाधिक है। यह पेगुला की टूर स्तर पर 300वीं जीत भी थी। उन्होंने स्वियातेक के लगातार 10 मैच से चले आ रहे जीत के क्रम को भी तोड़ दिया। सिनसिनाटी में पेगुला का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2024 में रहा था जब उन्हें फाइनल में एरिना सबालेंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2023 की चैंपियन गॉफ ने बेलेक को 6-4, 6-1 से हराया। चेक गणराज्य की 20 वर्षीय खिलाड़ी बेलेक ने सेमीफाइनल तक के सफर में शीर्ष वरीय सबालेंका और मैडिसन कीज को हराकर उलटफेर किया था। सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पिछली बार दो अमेरिकी महिला खिलाड़ियों का मुकाबला 1970 में हुआ था जब रोजी कैसाल्स ने नैन्सी रिची को हराया था।

### मयंक ने जयवीर का जीत का सिलसिला रोका, संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंचे

मुंबई। शीर्ष वरीयता प्राप्त और भावी ग्रैंडमास्टर मयंक चक्रवर्ती ने रविवार को यहां एशियाई जूनियर ओपन क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप के पांचवें दौर में जयवीर महेंदरू को रुई लोपेज मुकाबले में हराकर उनका जीत का क्रम तोड़ दिया। इस जीत से मयंक के पांच में से 4.5 अंक हो गए हैं और वह रूस के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्टेम पिंगिन तथा फिडे मास्टर शरनार्थी वीरेश के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पिंगिन ने तुर्कमेनिस्तान के फिडे मास्टर अमानमुहम्मेत होम्मादोव को हराया जबकि वीरेश ने अंतरराष्ट्रीय मास्टर आदित्य ढींगरा के खिलाफ प्रभावशाली जीत दर्ज की। जयवीर पांचवें दौर से पहले चार में से चार जीत के साथ अकेले शीर्ष पर थे लेकिन हार के बाद वह चार अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों से आधा अंक पीछे हैं। लड़कियों की प्रतियोगिता में तुर्कमेनिस्तान की डब्ल्यूसीएम शोहरादोवा लैला और भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला फिडे मास्टर प्रतीति बोरदोलोई के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

# यूपी के कराटे खिलाड़ियों ने जीते 42 स्वर्ण

खेल संवाददाता



लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने तृतीय डब्लूएमएसकेएफ ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 42 स्वर्ण पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। चैंपियनशिप का

- तृतीय डब्लूएमएसकेएफ ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2026

आयोजन वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, इंडिया के तत्वावधान में वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, उत्तर प्रदेश द्वारा लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया गया। चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश ने 42 स्वर्ण, 18 रजत व 27 कांस्य सहित कुल 87 पदकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं झारखंड की टीम 15 स्वर्ण, 12 रजत व 8 कांस्य सहित कुल 42 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि गोवा की टीम 9 स्वर्ण, 8 रजत व 6 कांस्य सहित कुल 23 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान करने के साथ पदक विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रितु शाही और डा अखिलेश सिंह (सदस्य टीम राजेश्वर सिंह) मौजूद रहे।

### ओम पटेल व दीपशिखा ने जूनियर टेनिस कप खिताब जीते

चेन्नई। पांचवीं वरीयता प्राप्त ओम पटेल और शीर्ष वरीयता प्राप्त दीपशिखा विनयागमूर्ति ने रविवार को यहां यूनीफाई-आईटीएफ जूनियर टेनिस कप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों के वर्ग के एकल खिताब जीते। दीपशिखा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए सविता भुवनेश्वरन को सीधे सेटों में हराया जबकि पांचवीं वरीयता प्राप्त ओम पटेल ने करीब दो घंटे चले रोमांचक मुकाबले में ओम वर्मा को 1-6, 6-3, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। लड़कियों के एकल फाइनल में शीर्ष वरीय दीपशिखा ने सविता को 6-4, 6-3 से हराया। उन्होंने पिछले सप्ताह जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद लगातार दूसरे सप्ताह ट्रॉफी अपने नाम की।

# अगर मगर में फंसी हरमनप्रीत की टीम

एजेंसी



एम्सटेलवीन। नीदरलैंड से पिछले मैच में हारने के बाद भारतीय टीम विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर होने की कगार पर है। हालांकि शनिवार को आखिरी पूल मैच में इंग्लैंड की अर्जेंटीना के हाथों हार ने तकनीकी तौर पर रास्ते बंद नहीं किये हैं लेकिन हरमनप्रीत सिंह की टीम को इसके लिये बड़ी जीत के साथ दूसरे मैच का परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी।

विश्व कप के नये प्रारूप के तहत पूल ई और एफ में दूसरे दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में जायेंगी। इंग्लैंड को रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना ने 3-1 से हराया लेकिन पहले दौर में भारत पर मिली जीत के कारण इंग्लैंड के पास तीन अंक हैं। नीदरलैंड छह अंक के साथ अंतिम चार में पहुंच चुका है। अर्जेंटीना के भी कल मिली जीत के बाद तीन अंक हो गए हैं जबकि भारत के पास कोई अंक नहीं है। अब भारत को ना सिर्फ अर्जेंटीना को बड़े अंतर से हराना होगा बल्कि इंग्लैंड के भी बड़े अंतर से हारने की दुआ करनी होगी। अर्जेंटीना को हराना आसान नहीं होगा जिसने उसे इस साल एफआईएच प्रो लीग में राउरकेला में 8-0 और 4-2 से हराया है। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ भी पिछले मैच में उसने जबर्दस्त प्रदर्शन करके भारत के लिये खतरे की घंटी बजा दी है। उसके पास रियो ओलंपिक विजेता मटियास रे के रूप में अनुभवी कप्तान है जो 329 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और यह उनका छठा विश्व कप है।

भारत अगर दो गोल से अधिक के अंतर से जीत दर्ज करता है तो ही अर्जेंटीना बाहर हो सकता है क्योंकि ऐसे में उसके गोल अधिक हो जायेंगे। अर्जेंटीना ने अभी तक चार गोल स्कोर किये हैं जबकि भारत के तीन गोल हैं। इसके अलावा भारतीय टीम को नीदरलैंड की इंग्लैंड पर बड़ी जीत का भी इंतजार करना होगा। इंग्लैंड के खाते में पांच गोल है लिहाजा भारत को इंग्लैंड से कम से कम चार गोल के अंतर की जरूरत होगी।

# मीडिया 22 की यूपीएसई पर शानदार जीत

खेल संवाददाता

लखनऊ। ऐशबाग स्थित एनईआर स्टेडियम में मीडिया 22 और यूपीएसई के बीच खेले गए टी-20 मुकाबले में मीडिया 22 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूपीएसई को नौ विकेट से हरा दिया। बारिश के कारण मैच की शुरूआत कुछ देर से हुई। झिमझिम बारिश के बीच टॉस हुआ, जिसमें यूपीएसई के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बारिश के बाद मुकाबला शुरू हुआ। मीडिया 22 के कप्तान विश्वदेव राव ने शुरूआत तेज गेंदबाजों से कराई। मीडिया 22 के गेंदबाजों ने गीले मैदान की चुनौती के बावजूद शानदार गेंदबाजी की और यूपीएसई को 20 ओवर में 137 रन पर रोक दिया।

- आसिफ की धुआंधार बल्लेबाजी
- आशुतोष सबसे सफल गेंदबाज रहे

आशुतोष यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में केवल 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान विश्वदेव राव और अभिषेक ने भी दो-दो विकेट लिए, जबकि अखिल और नितिन को एक-एक सफलता मिली। यूपीएसई की ओर से रितेश और राहुल ने सातवें विकेट के लिए 56 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

### मैच के दौरान पुर्तगाल के खिलाड़ी क्वेविन कास्त्रो का निधन

मालवीरा (पुर्तगाल)। पुर्तगाल के फुटबॉल खिलाड़ी क्वेविन कास्त्रो का एक मैत्री मैच के दौरान मैदान पर गिरने के बाद निधन हो गया। वह 25 वर्ष के थे। लिस्बन फुटबॉल संघ और उनके क्लब रियल स्पोर्ट क्लब ने शनिवार को कास्त्रो के निधन की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि दिन में मालवीरा के एस्टादियो डास सेइक्सास स्टेडियम में एस्त्रेला डी अमाडोरा के खिलाफ सत्र पूर्व मैच के दौरान कास्त्रो मैदान पर गिर पड़े थे। रियल स्पोर्ट क्लब ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा क्वेविन कास्त्रो सिर्फ एक खिलाड़ी से कहीं बढ़कर थे। वह हमारे परिवार का हिस्सा थे।

# ह्यूमनॉइड रोबोट ने मानव रिकॉर्ड तोड़े

एजेंसी




बीजिंग। चीन के ह्यूमनॉइड (मनुष्यों के आकार के) रोबोट ने रविवार को बीजिंग में शुरू हुए ओलंपिक जैसे विश्व ह्यूमनॉइड रोबोट खेलों के पहले दिन मानवों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। इनमें जमैका के महान धावक उसेन बोल्ट का 100 मीटर दौड़ का विश्व रिकॉर्ड भी शामिल है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में दो हजार से अधिक ह्यूमनॉइड रोबोट हिस्सा ले रहे हैं। पांच दिन तक चलने वाले इन खेलों का यह

- 100 मीटर दौड़ और ऊंची कूद के मानव रिकॉर्ड तोड

दूसरा सत्र है। अमेरिका के साथ तकनीकी प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बीच यह आयोजन रोबोटिक्स के क्षेत्र में चीन की तेजी से बढ़ती क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। इसमें दौड़, टेबल टेनिस और फुटबॉल समेत 51 स्पर्धाओं में एक हजार से अधिक मुकाबले होंगे। इन खेलों का आयोजन 2022 शीतकालीन ओलंपिक के लिए बनाए गए नेशनल स्पीड स्केटिंग ओवल में हो रहा है। शनिवार को रोबोट खेलों के उद्घाटन समारोह में आयोजकों और रोबोट निर्माताओं ने कहा कि चीन के ह्यूमनॉइड रोबोट ने मानवों के विश्व रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। इस दौरान सैकड़ों ह्यूमनॉइड रोबोट ने तालमेल के साथ मैदान में मार्च कर अपनी समन्वय क्षमता का प्रदर्शन किया। एक ह्यूमनॉइड रोबोट ने 100 मीटर दौड़ में 9.39 सेकेंड का समय दर्ज किया जो 2009 में जमैका के एथलीट उसेन बोल्ट द्वारा बनाए गए 9.58 सेकेंड के मानव विश्व रिकॉर्ड से बेहतर है। स्थिर अवस्था से ऊंची कूद में एक ह्यूमनॉइड रोबोट ने 2.88 मीटर की ऊंचाई हासिल की। यह पिछले साल खेलों के पहले सत्र में ह्यूमनॉइड रोबोट द्वारा हासिल किए गए 0.95 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी अधिक है।

# विश्व चैंपियनशिप : गिकेल-डेलर्यू की जोड़ी ने रचा इतिहास

एजेंसी




नयी दिल्ली। फ्रांस की थॉम गिकेल और डेलफिन डेलर्यू की जोड़ी ने विश्व नंबर एक फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग जोड़ी को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के मिश्रित युगल का खिताब जीतते हुए इतिहास रच दिया। गिकेल और डेलर्यू की जोड़ी मिश्रित युगल में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतने वाली फ्रांस की पहली जोड़ी बन गयी। विश्व की पांचवें नंबर की फ्रांस की जोड़ी ने रोमांचक फाइनल में चीन की जोड़ी को 22-20, 19-21, 21-15 से मात दी। एक घंटे 18 मिनट चले मुकाबले में जीत के साथ गिकेल और डेलर्यू ने अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। पिछले विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली फ्रांसीसी जोड़ी ने पूरे मुकाबले में शानदार रणनीतिक खेल का

- विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली पहली फ्रांस की पहली जोड़ी बनी

प्रदर्शन किया। खास तौर पर नेट पर उनके खेल ने विपक्षी जोड़ी को दबाव में रखा। विश्व चैंपियनशिप से पहले भी गिकेल और डेलर्यू बेहतरीन फॉर्म में थे। दोनों ने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के अलावा इस साल इंडोनेशिया और चीन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। फ्रांस का एक और खिलाड़ी इतिहास रचने की दहलीज पर है। नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स लानियर पुरुष एकल के फाइनल में जापान के कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे।

लानियर की नजर पुरुष एकल का विश्व खिताब जीतने वाले पहले फ्रांसीसी खिलाड़ी बनने पर है। वहीं दूसरी ओर त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने रविवार को कहा कि आलोचकों को सबसे अच्छा जवाब अपने प्रदर्शन से देना है और भारतीय महिला युगल जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतकर इसका शानदार जवाब दिया। गैर वरीय भारतीय जोड़ी शनिवार को सेमीफाइनल में दुनिया की शीर्ष नंबर की जोड़ी और मौजूदा चैंपियन चीन की लियू शेंग शू और तान निंग से हार गई, लेकिन कांस्य पदक जीतने में सफल रही। त्रीसा ने कहा, हमें लोगों को यह बताने की जरूरत नहीं है कि हम कौन हैं या क्या कर सकते हैं। हमारे नतीजे ही हमारे बारे में बता सकते हैं। आखिरकार हमने वही करके दिखाया। त्रीसा अप्रैल में टखने की चोट से जूझ रही थीं और कई महीनों तक कोर्ट से दूर रही थीं। इसलिए इस टूर्नामेंट से उनसे और गायत्री से ज्यादा उम्मीदें नहीं थीं। लोगों का ध्यान मुख्य रूप से पीवी सिंधू, आयुष शेट्टी के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पर था। त्रीसा ने कहा, नकारात्मक बातें हमेशा होती रहेंगी। लेकिन अगर आप उन्हें अपने दिमाग पर हावी होने देंगे तो आप अपने वर्तमान पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। हम दोनों यहां कुछ बड़ा करने आए थे और हमें बस यह दिखाना था कि हम कुछ बड़ा कर सकते हैं।

हमने ऐसा किया। गायत्री के लिए यह पदक भावनाओं से भरे शानदार सप्ताह का अंत रहा। उन्होंने कहा यह बहुत शानदार, भावुक और यादगार सप्ताह रहा। हम कांस्य पदक जीतकर बहुत खुश हैं। हम इस पदक को हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने बताया कि क्वार्टर फाइनल जीतने के बाद भी वे बहुत खुश थीं और सेमीफाइनल में भी उन्होंने अपना शतक प्रतिशत दिया, लेकिन दिन उनका नहीं था।


अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाने के बारे में पूछे जाने पर दोनों ने बताया कि उन्होंने आइसक्रीम खाई। हालांकि, पदक की याद में टैटू बनवाने की उनकी कोई योजना नहीं है। दुनिया की 39वें नंबर की इस जोड़ी ने सेमीफाइनल तक पहुंचने के रास्ते में तीन वरीयता प्राप्त जोड़ियों को हराया। इसके साथ ही उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भारत के महिला युगल पदक के 15 साल के इंतजार को खत्म किया। इससे पहले ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने 2011 में कांस्य पदक जीता था।

# भारत की बराबरी को चीन बेचैन

## चीन शीघ्र लांच करेगा अपना नया चंद्र मिशन, चंद्रमा पर पहले चीनी मानव लैंडिंग की कर रहा तैयारी

एजेंसी

पेइचिंग। चांद के दक्षिण ध्रुव मिशन में भारत से पिछड़ चुका चीन जल्द ही अपना नया चंद्र मिशन लॉन्च करने की कोशिश कर रहा है। इस तरह वह भारत से बराबरी करने के अपने मंसूबे को पूरा करने के मूड में है। जानकारों की मानें तो अपने चांगई-7 मिशन को चीन सोमवार सुबह से लेकर अगले कुछ दिनों में उचित अवसर पर लॉन्च कर सकता है। चीन का यह मिशन इस लिए भी अहम है, क्योंकि इसके जरिए वह चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपना रोवर उतारना चाहता है, जहां सूरज की रोशनी नहीं पहुंचती। भारत करीब तीन साल पहले ही चांद के इस इलाके में अपने रोवर की सफल लैंडिंग कराने वाला पहला देश बन चुका है। मतलब चीन जिस रेस में पहले ही पिछड़ चुका है, अब वहां बराबरी की कोशिश में जुटा है। चांगई-7 चीन का चांद के लिए तय मानवरहित, रोबोटिक चंद्र मिशन है, जिसे अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी और जटिल रोबोटिक मिशन माना जा रहा है। इस मिशन का मुख्य मकसद चांद



के दक्षिणी ध्रुव पर मौजूद स्थायी रूप से अंधेरे क्रेटरों (गड्ढों) में बर्फ (पानी) की खोज करना और जमीन पर इनकी मौजूदगी का नक्शा बनाना है। इस मिशन को लॉन्ग मार्च-5 वाई14 रॉकेट के जरिए हेनान प्रांत के वेनचांग स्पेस लॉन्च साइट से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसके प्रक्षेपण की संभावित समय-सीमा 24 अगस्त से 31 अगस्त 2026 के बीच की है। यह मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर मौजूद शेकलटन क्रेटर के किनारे पर उतरेगा। यह सौर मंडल के सबसे ठंडे स्थानों में से एक है, जहां तापमान माइनस 203 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। चीन के इस मिशन की खास बात यही है कि मिशन को मुख्यतः चांद की सतह पर पानी की खोज के लिए लॉन्च किया जा रहा है, इसलिए इसमें एक हॉपर भी भेजा जाएगा, जो कि ऐसा समर्पित हॉपर उपयोग करने वाला यह दुनिया का पहला मिशन होगा। मिशन में विभिन्न देशों और संगठनों के उपकरण भी शामिल हैं।

जैसे इटली का लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर, रूस का धूल संसूचक यंत्र, स्विट्जरलैंड का रेडिएशन स्पेक्ट्रोमीटर और हांगकांग विश्वविद्यालय और आईएलओए हुआवे की ओर विकसित एक कॉम्पैक्ट कैमरा 'आईएलओ-सी' शामिल है, जो चंद्रमा की सतह से हमारी आकाशगंगा के गैलेक्टिक प्लेन की तस्वीरें लेगा। यह मिशन चीन के चंद्र अन्वेषण के चौथे चरण का हिस्सा है। यह 2030 तक चंद्रमा पर पहले चीनी मानव लैंडिंग के लिए आधार तैयार कर रहा है और चांगई-8 (संभावित वर्ष 2028) के साथ मिलकर चीन के इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन (आईएलआरएस) के निर्माण में मदद करेगा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर मिशन भेजने और वहां पानी की खोज करने की कोशिश में पहले भी कई देश कोशिश कर चुके हैं। हालांकि, इनमें अधिकतर देश अब तक सफल नहीं हुए हैं।

# बर्खास्त रक्षा मंत्री ने उठाये थे गलत कदम : जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें लगता है कि रक्षामंत्री के पद से बर्खास्त किये गए मिखाइलो फेडोरोव ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने और चुनाव की मांग करने जैसे कुछ गलत उठाए थे।



राष्ट्रपति ने पहली बार विस्तार से सार्वजनिक रूप से फेडोरोव के साथ मदभेदों पर बात की है। जेलेंस्की ने रक्षा खर्च से जुड़े कुछ मुश्किल फैसलों का भी जिक्र किया और कहा कि रक्षा मंत्रालय की गलत जानकारी की वजह से रूस में स्टारलिंक के इस्तेमाल को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक असहज स्थिति पैदा हो गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने ऐसे आंकड़े जारी किए जिनसे ज्ञात होता है कि रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमलों का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन को आवश्यक पैट्रियट वायु-रक्षा मिसाइलों की कमी हो रही है, और पिछले तीन वर्षों में पश्चिमी सहयोगियों से इनकी आपूर्ति में गिरावट आई है, जबकि रूस की तरफ से मिसाइल हमले तेज हो गए हैं।

हालांकि, उन्होंने युद्ध के मैदान में मिली सफलताओं का जिक्र करते हुए कहा कि यूक्रेन की सेना ने निप्रॉपेट्रोव्स्क इलाके को लगभग पूरी तरह से वापस अपने नियंत्रण में ले लिया है और अब उसका केवल 10 वर्ग किलोमीटर इलाका ही रूसी नियंत्रण में है। उन्होंने शनिवार को संवाददाताओं के साथ दो घंटे की अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। इस बैठक की जानकारी रविवार को सार्वजनिक की गई।

जेलेंस्की ने कहा, मिखाइलो के प्रति मेरा नजरिया वास्तव में बहुत सकारात्मक रहा है और अब भी है। हमने साथ मिलकर बहुत कुछ देखा है। लेकिन मेरा मानना है कि वह खुद गलत कदम उठा लेते हैं, या उन्हें ऐसा करने के लिए उकसाया जाता है। फेडोरोव को यूक्रेन की सेना का आधुनिकीकरण करने, प्रौद्योगिकी व ड्रोन युद्ध के इस्तेमाल में तेजी लाने का श्रेय दिया जाता है। उन्हें पिछले महीने देश के शीर्ष सैन्य कमांडर के साथ मतभेद के बाद हटा दिया गया था। उन्हें हटाए जाने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।




















# मांडविया ने ब्रिक्स कार्यक्रम में साइकिल चलाने व तंदुरुस्ती को दिया बढ़ावा

एजेंसी

विशाखापत्तनम। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को यहां ब्रिक्स फ्रेंडशिप संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम की मेजबानी की। यह कार्यक्रम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के साथ-साथ सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। ब्रिक्स दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। इसका नाम पांच शुरुआती सदस्य देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका )के अंग्रेजी नामों के पहले अक्षरों से बना है। मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फिट इंडिया अभियान लगातार गति पकड़ रहा है और देशभर में युवा 18,000 से अधिक स्थानों पर संडे ऑन साइकिल में भाग लेकर तंदुरुस्ती का संदेश दे रहे हैं। मांडविया ने संवाददाताओं से कहा,साइकिल चलाना व्यायाम के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। साइकिल चलाना प्रदूषण और यातायात की समस्या का समाधान है। इससे ईंधन की भी बचत होती है, जिससे हमारे पैसे भी बचते हैं। उन्होंने लोगों से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए स्वस्थ और तंदुरुस्त (फिट) रहने का आग्रह किया तथा कहा कि व्यक्तिगत तंदुरुस्ती एक समृद्ध राष्ट्र के लिए आवश्यक स्वस्थ आधार तैयार करती है। मांडविया ने लोगों से प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हर रविवार साइकिल चलाने और खुद को तंदुरुस्त रखने का आग्रह किया।










# लोकतंत्र की ताकत ने मुझ जैसे आम आदमी को मुख्यमंत्री बनने का मौका दिया : फडणवीस

नागपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि भारत के लोकतंत्र और संविधान की ताकत तथा देश के युवाओं की शक्ति ने उनके जैसे एक साधारण व्यक्ति को राज्य के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में सक्षम बनाया, जिसने कभी नगर निगम पार्षद बनने की भी कल्पना नहीं की थी। नागपुर में जेन-जी के लिए आयोजित मंथन 4 युवा कार्यक्रम में सवाल-जवाब सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए नीति तैयार की है, कोष स्थापित किए हैं, इन्क्यूबेशन केंद्र बनाए हैं और अब उनका विकेंद्रीकरण किया जा रहा है। युवाओं के राजनीति में रुचि दिखाने और मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर फडणवीस ने कहा, यह आसान नहीं है। हमारे संविधान ने इस देश में लोकतंत्र दिया है।

इस लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि देवेंद्र फडणवीस जैसा व्यक्ति, जिसने शायद कभी नगर निगम पार्षद बनने की भी कल्पना नहीं की थी, मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच गया या गुजरात में रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाला एक लड़का देश का प्रधानमंत्री बन गया। उन्होंने कहा, यह भारत के संविधान की ताकत है, भारत के लोकतंत्र की शक्ति है और यही देश के युवाओं की ताकत है। फडणवीस ने कहा, जब मैंने राजनीति में प्रवेश किया तो मैं केवल विचारों से प्रेरित था। उस समय मेरे पास जो विचार थे और जिस पार्टी में मैं काम करता था, उससे ऐसा नहीं लगता था कि कभी सत्ता आएगी।

# जंतर-मंतर पर आरक्षण सुधार प्रदर्शन की अनुमति नहीं : दिल्ली पुलिस

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को कहा कि आरक्षण सुधारों को लेकर जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन या सभा करने की अनुमति किसी भी व्यक्ति या संगठन को नहीं दी गई है। अधिकारियों ने साथ ही लोगों को गुमराह करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर वहां एकत्र होने को लेकर चेतावनी भी दी है। पुलिस का बयान ऐसे समय आया है जब सोशल मीडिया पर कई वीडियो और पोस्ट सामने आए हैं, जिनमें लोगों से रविवार को जंतर-मंतर पर इकट्ठा होने की अपील की गई है। इसने कहा नयी दिल्ली जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा पहले से ही लागू है। बीएनएसएस ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 की जगह ली है। अधिकारियों ने कहा कि इसकी वजह से इलाके में विरोध मार्च, जुलूस, प्रदर्शन और पांच या उससे अधिक लोगों के जमा होने पर रोक है। पुलिस ने कहा कि लोगों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे पोस्ट या वीडियो के आधार पर एकत्र न हों और बिना पुष्टि वाली सामग्री साझा न करें।

# कांग्रेस ने भाजपा पर किया पलटवार

एजेंसी

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष केशव उपाध्ये ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुणे में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम को राजनीतिक हास्य कार्यक्रम करार देते हुए रविवार को आरोप लगाया कि उन्होंने छात्रों से जुड़े मुद्दों पर बात करने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी की। इस पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सचिन सावंत ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि शनिवार को पुणे में राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को मिली प्रतिक्रिया से भाजपा घबरा गई है और युवाओं के बीच राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से सत्तारूढ़ दल की नींद उड़ गई है। उपाध्ये ने एक बयान में दावा किया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयानों और उनकी पार्टी के पुराने रुख में विरोधाभास है। भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि छात्रों को कॉलेज की बसों से कार्यक्रम में लाया गया था।




उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने छात्रों के नाम पर आयोजित कार्यक्रम को राजनीतिक सभा में बदल दिया। उन्होंने कहा राहुल गांधी का पुणे कार्यक्रम एक और राजनीतिक हास्य कार्यक्रम था। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता का भाषण बड़े-बड़े बयानों और चिर-परिचित आरोपों से भरा था, लेकिन उसमें कांग्रेस के अपने रिकॉर्ड का जिक्र नहीं था। उपाध्ये ने महिला आरक्षण पर कांग्रेस के रुख पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी और तीन तलाक के खिलाफ कानून का विरोध किया था।










# बांग्लादेश के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा की कोई जल्दबाजी नहीं राष्ट्रीय हित प्राथमिकता में : कबीर

ढाका। बांग्लादेश ने कहा है कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान की भारत यात्रा की कोई जल्दबाजी नहीं है और ढाका नई दिल्ली के साथ अच्छे संबंध तो चाहता है, लेकिन अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की एक खबर में यह बात कही गई। खबर के मुताबिक, विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने शनिवार को ढाका में यह बात कही। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय बातचीत में पर्याप्त प्रगति होने के बाद ही रहमान की भारत यात्रा सही समय पर होगी। कबीर का यह बयान रहमान के नई दिल्ली दौरे को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच आया है। भारत ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री को द्विपक्षीय दौरे के साथ-साथ 12-13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इस बहुप्रतीक्षित दौरे को भारत-बांग्लादेश संबंधों को फिर से बेहतर बनाने के लिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि अगस्त 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद इन संबंधों में गिरावट आई थी। अपनी सरकार गिरने के बाद हसीना भारत आ गई थीं। तब से ढाका उनके प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है, जबकि नई दिल्ली का कहना है कि इस अनुरोध पर कानूनी प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जा रहा है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com